ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 12, अंक 44, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 2 जून, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



**अन्दर : पहलवानों का आन्दोलन और कुछ जलते सवाल**

**अन्दर : धोनी के घुटने की सर्जरी सफल अस्पताल से जल्द मिल सकती है छुट्टी**



# भारत-नेपाल के बीच बॉर्डर बाधा नहीं

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भारत

महराजगंज। भारत व नेपाल के प्रधानमंत्री ने इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का वर्चुअल शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पिछले नौ सालों में दोनों देशों के संबंध को स्थापित करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। अब दोनों देशों में बॉर्डर भी बाधा नहीं बनेगा।भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने गुरुवार की दोपहर सोनौली सीमा के समीप केवटलिया गांव व नेपाल के भैरहवा के समीप बनने वाले इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (एकीकृत जांच चौकी) का संयुक्त रूप से वर्चुअल शिलान्यास किया। सोनौली के समीप निर्माणाधीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इसका सीधा प्रसारण हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीते नौ सालों में दोनों देशों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। बार्डर हमारे लिए बाधा न बने इस दिशा में कदम उठाए गए हैं। भारत व नेपाल के बीच में ऐसे संपर्क स्थापित करेंगे कि हमारे बार्डर हमारे बीच बैरियर्स न बने। साझा नदियों के ऊपर ब्रिज बनाने, नेपाल से भारत को बिजली निर्यात सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। पिछले नौ सालों में हमने कई उपलब्धियों को प्राप्त किया है। आज हमने अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने का निर्णय लिया है। पिछले नौ साल में हमने नेपाल से भारत को बेहतर करने के लिए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। बीरगंज में पहली आइसीपी बनाई गई। बार्डर पर पहली पेट्रोलियम पाइपलाइन, रेललाइन, सीमा पर ट्रांसमिशन शुरू करने की दिशा में भी कार्य हुए हैं। नेपाल से 450 मेगावाट बिजली निर्यात कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल के बीच नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर भी चर्चा की। इस दौरान हाइड्रो-पावर डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर बात हुई।भारत और नेपाल के बीच प्रस्तावित रामायण सर्किट के काम में तेजी लाई जाएगी। भारत पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात में यह फैसला हुआ। बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों के बीच रामायण सर्किट का काम तेजी से पूरी किया जाएगा।

### जताया संकल्प

**भारत व नेपाल के पीएम ने इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का वर्चुअल शिलान्यास किया**

**मोदी बोले-हमने अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने का निर्णय लिया**

**नेपाल को भारत देगा 10 हजार मेगावाट बिजली, रेल-रामायण सर्किट पर भी अहम करार**



### बातचीत से सुलझाए जाएंगे विवादः प्रचंड

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि भारत-नेपाल के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किए जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच जो सीमा विवाद है, उसे बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाएगा। भारत ने कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नेपाल की मदद की है। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्व को लेकर भारत को बधाई दी। इससे पहले गुरुवार को पीएम प्रचंड ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। प्रचंड दोपहर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर प्रचंड का ये चौथा भारत दौरा है। बुधवार को वो दोपहर करीब 3 बजे भारत पहुंचे थे। भारत की संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उनका स्वागत किया था।

### दौरे के आखिरी दिन इंदौर जाएंगे नेपाल के पीएम

इसके बाद 3 जून को वो एक कार्यक्रम के लिए इंदौर जाएंगे। इसके बाद नेपाली पीएम के महाकाल की नगरी उज्जैन जाने की भी संभावना है। नेपाल के पीएम इससे पहले मई में भारत आने वाले थे, लेकिन कैबिनेट विस्तार के चलते उन्होंने यात्रा टाल दी थी।

### यूपी के पहले लैंड पोर्ट का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ, सीमा पर बढ़ेंगी सुविधाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बहराइच जिले के रुपईडीहा स्थित नेपाल बॉर्डर पर यूपी के पहले लैंड पोर्ट का नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भी मौजूद रहे। इस दौरान रुपईडीहा में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री संजय निषाद, सांसद, विधायक, एमएलसी समेत डीएम, एसपी व लैंड पोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद रहे। यह लैंड पोर्ट 220 करोड़ से बना है। इसमें 50 मीटर चौड़ी रोड होने से शहर में भीड़भाड़ नहीं होगी। मुख्य रूप से कस्टम इमीग्रेशन, सशस्त्र सीमा बल आदि के ऑफिस भी यहां बनाए जाएंगे।



अफसरों ने बताया कि आने वाले 25 सालों में इस सीमा क्षेत्र का नक्शा ही कुछ और देखने को मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय सीमा विकसित होगी। नेपाल इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट, लैंड पोर्ट के एमडी आशीष गुजराल भी नेपाली साइड में रहेंगे। यह मुख्य रूप से पैसेंजर टर्मिनल होगा। बस स्टैंड, वाई-फाई, ड्यूटी फ्री दुकान भी खुलेंगीं जिसमें खाने पीने के चीज मिलेगी। कार्यक्रम में लैंड पोर्ट के अधिकारी, कंसल्टेंट एके सिंह, इमीग्रेशन के डिप्टी एसपी राम अवध सिंह, मैनेजर विशाल मिश्रा, सशस्त्र सीमा बल के डिप्टी कमांडेंट अनिल यादव, मौजूद रहेंगे व स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। पैसेंजर टर्मिनल एडमिनिस्ट्रेशन पोर्ट इमीग्रेशन दिव्यांग लोगों के आवागमन की सुविधा में व्हीलचेयर रहेगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि 30 मीटर का अपना राष्ट्रीय ध्वज भारतीय सीमा क्षेत्र में लहराता रहेगा।

# भाजपा की महिला सांसद ने किया पहलवानों का समर्थन

### अब खुली नींद

**मामला दर्ज न करना लोकतंत्र के खिलाफ, प्रीतम ने मामले में कार्रवाई होने की जताई उम्मीद**

औरंगाबाद। बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले कई दिन से आंदोलन कर रहे देश के मेडल विनर पहलवानों के समर्थन में अब बीजेपी सांसद उतर आई हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी महिला अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराती है। तो पुलिस को सबसे पहले मामला दर्ज कर शिकायत पर तुरंत विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप मामले को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। प्रीतम मुंडे भाजपा की पहली ऐसी नेता हैं, जिन्होंने पहलवानों का समर्थन किया है। प्रीतम मुंडे ने बुधवार को महाराष्ट्र के बीड जिले में संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को तुरंत यौन उत्पीड़न के किसी भी मामले को दर्ज करना चाहिए। हालांकि, बाद में अधिकारी तय कर सकते हैं कि शिकायत सही है या नहीं। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और संगीता फोगाट सहित ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की कथित रूप से गिरफ्तारी की मांग को लेकर नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। पहलवानों ने बृजभूषण पर आरोप लगाया कि उन्होंने नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। इस बारे में पूछे जाने पर प्रीतम मुंडे ने कहा कि मैं सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक महिला के तौर पर कहती हूं कि अगर किसी महिला की तरफ से ऐसी शिकायत आती है तो उसका संज्ञान लिया जाना चाहिए। इसकी पुष्टि की जानी चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि जांच के बाद अधिकारियों को यह तय करना चाहिए कि यह मामला उचित है या अनुचित। लेकिन सबसे पहले मामले को संज्ञान में लेना चाहिए। बीड से लोकसभा सदस्य ने कहा कि अगर संज्ञान नहीं लिया जाता है, तो लोकतंत्र में इसका स्वागत नहीं किया जाता है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले का संज्ञान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिया जा रहा है। प्रीतम ने आगे यह भी कहा कि अब अगर मैं जांच कमेटी की मांग करती हूं तो यह पब्लिसिटी स्टंट होगा।



# सात से 11 जून तक भीषण गर्मी

लखनऊ। सामान्य से कम तापमान रहने से नौतपा तो तपा नहीं सका। बीते दो दिनों से पारे में जारी बढ़ोतरी भी बुधवार को रुक गई। दिन और रात के तापमान में गिरावट आई और यह क्रमशः 37.6 और 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बृहस्पतिवार को बादल आते-जाते रहने के आसार हैं। पारे में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होगा। 25 मई से शुरू हुआ नौतपा दो जून को खत्म होगा। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक, फिलहाल जो सिस्टम नजर आ रहा है, उसके मुताबिक सात से 11 जून तक भीषण गर्मी के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पारा 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। गर्म हवा बेहाल करेगी। हालांकि, 18 से 21 जून तक लखनऊ सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में बादलों का डेरा रहने से राहत मिलेगी। 22-23 जून तक प्रदेश में मानसून की पहली बारिश हो सकती है। हालांकि, मानसून की पहली बारिश की संभावित तारीख 18 जून है। लखनऊ। पिछले 15 वर्षों में विदा हुई मई सबसे कूल-कूल रही। इस साल मई में महज 10 दिन ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर गया। पिछले 15 सालों में सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज होने का रिकॉर्ड भी इस मई के नाम रहा। इस साल मई में सबसे कम अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, इससे पहले 2008 में सबसे कम अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। हालांकि, मई 1987 में अधिकतम तापमान 29 डिग्री भी दर्ज हो चुका है।

### पेशगोई

**45-46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है पारा**



## व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता

नई दिल्ली। एलपीजी सिलेंडर 1 जून से सस्ता हो गया है। हालांकि ये राहत सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर में ही मिली है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में किसी भी तरह का बड़ा बदलाव नहीं देखने को मिला है। एलपीजी सिलेंडर के दामों में करीब 172 रुपए की कटौती की गई है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। दिल्ली में 1 जून से कमर्शियल सिलेंडर 83.5 रुपए सस्ता हुआ है। कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1773 रुपए हो गई है। वहीं घरेलू एलपीजी की कीमत 1103 रुपए पर बरकरार है। वहीं कोलकाता में कमर्शियल सिलेंडर का भाव 1875.50 रुपए हो गया है, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में ये भाव 1725 रुपए पहुंचे हैं और चेन्नई में एलपीजी सबसे महंगा यानी 1937 रुपए में मिलेगा।

# पहलवानों की जाति तिरंगा, इन्हें बांटा न जाए

नई दिल्ली। मुजफ्फरनगर के सोरम में आयोजित सर्वखाप की पंचायत में पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि पहलवानों को हताश होने की आवश्यकता नहीं है। हम लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी। पहलवानों की लड़ाई लड़ी जाएगी और सर्व समाज लड़ेगा। पंचायत में एलान किया गया कि खाप चौधरियों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति और गृहमंत्री से मुलाकात करेगा। पहलवानों को इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। सोरम में आए विभिन्न राज्यों के खाप प्रतिनिधियों ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है और दो जून को कुरुक्षेत्र में होने वाली पंचायत में सुनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संत महात्मा हमारे साथ हैं। अगर आरोपियों के पक्ष में यात्रा निकलेगी तो हमारी भी यात्रा निकलेगी। ट्रैक्टर तैयार हैं। पहलवानों के लिए देशभर में जाकर बैठक की जाएगी। सरकार ने सहारनपुर में गुर्जर और ठाकुर समाज को लड़ाने की चाल चली है। दोनों समाज के लोग एक हो जाएं। सरकार की चाल को समझें। योद्धा किसी बिरादरी के नहीं होते। योद्धा सर्व समाज के होते हैं। चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि राष्ट्रपति से मिलेंगे। पहलवानों की पहचान तिरंगा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि समाधान तक संघर्ष किया जाएगा। बिरादरी को शादी विवाह तक सीमित रखें, समाज के लिए संघर्ष करें। वहीं, इस दौरान त्यागी, ब्राह्मण, भूमिहार समाज के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने दिल्ली के डीजीपी को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि डीजीपी अपनी मयार्दा भूल गए हैं। जिस दिन अपने बच्चों के सिर पर पैर रखेंगे उस दिन पता चलेगा। बता दें कि हरियाणा के पहलवानों के सम्मान की लड़ाई के लिए अब सर्वखाप एकजुट हो गई है। इसी क्रम में आज खाप चौधरियों की पंचायत आयोजित की गई है। पंचायत में बोलते हुए मांगेराम त्यागी ने कहा कि इन लोगों ने हमारी बेटियों को जातियों में बांट दिया है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि जब ये विदेश में खेलने गई थीं, जीतकर लौटीं थी तो क्या आपने इनकी जाति पूछी थी। तब ये देश की बेटियां थी। लेकिन आज पुलिस के सिपाही इनके सिर पर पैर रखकर खड़े हैं यह निंदनीय है।

### बोले किसान नेता

**पंचायत में फैसला सुरक्षित, पर टिकैत ने बताया, आगे का प्लान**











# भाजपा के जवाब में 90 दिन का अभियान चलायेगी सपा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून तक एक महीने तक बड़ा महाअभियान शुरू किया है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के इस महाअभियान का मुकाबला करने के लिए समाजवादी पार्टी ने भी एक नई रणनीति बना ली है।

जानकारी के मुताबिक समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 30 दिनों वाले अभियान के काउंटर में 90 दिनों वाला सच जानो अभियान चलाएगी। पार्टी से जुड़े नेताओं के मुताबिक यह अभियान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के उस सच को सामने लाएगा जिसका वह इन एक महीनों के दौरान जनता के बीच जाकर दावा करेंगे। फिलहाल उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों से पहले और विपक्ष के नेताओं की ओर से सियासी चालें राजनीतिक पिच पर दिखने लगी हैं। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनावों से पहले अपनी जो सियासी बिसात बिछाई है उसमें कई मुद्दों को प्रमुखता से अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों तक से साझा किया है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की 30 मई से 30 जून तक के महाअभियान के बाद समाजवादी पार्टी भी सत्ता पक्ष के उन दावों की सच्चाई को जनता के सामने रखेगी जिसका वह दावा करते हैं। पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि फिलहाल जमीनी स्तर पर उनकी पार्टी में अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी भी दे दी है। पार्टी में लखीमपुर और नैमिषारण्य में आयोजनों के बाद भाजपा के 30 दिनों के बदले 90 दिनों का एक बड़ा कार्यक्रम तैयार किया है।

# एनसीआरटी ने राजनीतिक दलों, लोकतंत्र को चुनौती वाले अध्यायों को हटाया

### बदलाव

**बदलाव ने नये विवाद को दिया जन्म**

नई दिल्ली। एनसीईआरटी ने कक्षा 10 की पाठ्यपुस्तकों से विविधता, राजनीतिक दलों और लोकतंत्र की चुनौतियों पर अध्याय हटाकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। एनसीईआरटी की तरफ से ये कदम सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक 'डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स' कक्षा 10 की पुस्तक 2 को लेकर उठाया गया हैं। नई पाठ्यपुस्तकों से जिन तीन उल्लेखनीय अध्यायों को हटाया गया है, वे लोकतंत्र और विविधता, राजनीतिक दलों और लोकतंत्र की चुनौतियों पर अध्याय हैं। यह



कक्षा 10 की पाठ्यपुस्तकों से आवर्त सारणी को हटाने के विवाद के बीच आया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद का यह कदम महामारी के दौरान पाठ्यक्रम युक्तिकरण की अवधि के बाद आया है, जहां इन अध्यायों को अस्थायी रूप से पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, अब एनसीईआरटी ने इन विलोपन को स्थायी बनाने का फैसला किया है। वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने कक्षा 10 के पाठ्यक्रम से महत्वपूर्ण अध्यायों को हटाने के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। अप्रैल में सरकारी निकाय ने कक्षा 9 और कक्षा 10 की विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से चार्ल्स डार्विन के विकास के सिद्धांत को हटाने का भी फैसला किया। महात्मा गांधी की हत्या और स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भों को कक्षा 11 की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से हटा दिए जाने के बाद से एनसीईआरटी विवादों की एक श्रृंखला के बीच में है। इसके अलावा, एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों से विभिन्न स्तरों पर मुगल इतिहास के संदर्भ को भी छोटा कर दिया गया है।

# यूपी में 5 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने एक और बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्रदेश के पांच सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, एसीएस वित्त प्रशांत द्विवेदी को उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह दीपक कुमार को यह जिम्मेदारी दी गई है। कानपुर के मंडलायुक्त राजशेखर को कृषि सचिव बनाया गया है। उनकी जगह लोकेश एम कानपुर के नए कमिश्नर बनाए गए हैं। इसी तरह यशोद त्रषिकेश भास्कर को पश्चिमी यूपी के सहारनपुर मंडल का नया कमिश्नर बनाया गया है। सूत्रों की मानें तो राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस और प्रशासन के जिला स्तर के अधिकारियों का तबादला हो सकता है।



### फेरबदल

**लोकेश एम. कानपुर के नए कमिश्नर बने, एसीएस वित्त प्रशांत द्विवेदी हटाये गए**

**सचिव कृषि बनाए गए राजशेखर, यशोद ऋषिकेश भास्कर सहारनपुर कमिश्नर बने**

# साक्षी के हत्यारे साहिल पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शाहबाद डेरी इलाके में एक किशोरी की निर्मम हत्या करने के आरोपी युवक की हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को तीन दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपी साहिल (20) को ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया गया। साहिल ने पिछले रविवार की शाम को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय साक्षी की चाकू से 20 से अधिक वार कर और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। इस दौरान, पास से गुजर रहे राहगीर तमाशबीन बने रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साक्षी के शरीर पर जख्म के 34 निशान थे और उसकी खोपड़ी भी टूट गई थी। गौरतलब है कि साहिल को सोमवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में उसकी बुआ के घर से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया था। ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ज्योति नयन ने मंगलवार को पुलिस को साहिल को दो दिन तक हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी थी।

### कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली में साक्षी के हत्यारोपी साहिल की हिरासत तीन दिन बढ़ाई**



# एक साल में 75 जिले बनेंगे सेफ सिटी

## सीएम योगी बोले-नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता कमेटी का होगा गठन

लखनऊ। नगर निगमों के महापौर और नगर पालिका परिषदों के अध्यक्षों के लिए गुरुवार को लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यशाला का शुभारंभ नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ,डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, नगर विकास राज्य मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत यूपी को स्वच्छ बनाना है। इसके लिए नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता कमेटी का गठन किया जाना चाहिए। हर घर में एक डस्टबिन जरूर रखें और कूड़ा गाड़ी आए तो उसमें उसे फेंकें। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। अब हालात बदल चुके हैं। नगरीय क्षेत्रों में एलईडी की स्ट्रीट लाइटें लगवाईं गईं हैं। इससे प्रदूषण में कमी आई है। इसके लगने से प्रदूषण कम हुआ है। साढ़े 17 लाख गरीबों को आवास दिए हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार नगर निकाय के चुनाव ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट को लागू करके किया गया। इसका परिणाम है कि आप सब जीतकर आए हैं। शहर में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। पटरी व्यवसायियों को व्यवस्थित करना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल निकासी की व्यवस्था के बारे में सोचना होगा। शहर में फागिंग और चूने के छिड़काव की भी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर नगर निकाय में रैन बसेरा होना चाहिए। इसमें महिलाओं और पुरुषों के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी सड़क पर भीख मांगते हुए नहीं दिखाई देना चाहिए। बल्कि ऐसे लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ना चाहिए। नगर निकाय की जमीनों पर लोगों का कब्जा न हो बल्कि उस पर गरीबों के लिए आवास, पटरी व्यवसायी या मल्टी लेवल पार्किंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक साल में 75 जिलों को सेफ सिटी के रूप में डेवलप करना है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय में जो भी सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं उन सबको पैसा मिले। बीच में कोई भी उसका पैसा ना मार पाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुरू से ही तेज रफ्तार विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार की बात कहते रहे हैं। ऐसे में अब जब निकायों का भी गठन हो चुका है। स्थानीय स्तर पर विकास को और अधिक गति देने के लिए कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। प्रदेश में चुने गए 17 नव निर्वाचित मेयर के अलावा अध्यक्षों के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महापौर और अध्यक्षों को सदन और बोर्ड संचालन से जुड़ी बारीकी के बारे में बताया गया। निर्वाचित सदस्यों के अधिकार क्या हैं। सरकार के स्तर पर वो कैसे सामंजस्य स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। विकास कार्यों के लिए योजना बनाने से लेकर फंड जुटाने तक और योजनाओं को जमीन पर उतारने में उनकी क्या भूमिका होती है। ऐसे की मुद्दों के बारे में कार्यशाला में बताया गया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि हमारे नगरों में जितने भी पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल होते हैं। उनको व्यवस्थापन करने के लिए धन खर्च होता है लेकिन नगर विकास विभाग के बाद बजट में कोई प्रावधान नहीं होता है। पहली बार इस बजट में मुख्यमंत्री जी ने नगर विकास विभाग के लिए बजट दिया।

### ऐलान

**देश भर में यूपी को पीएम आवास योजना में मिला पहला स्थान**





### सीएम ने की पुरस्कारों की घोषणा

कार्यशाला के दौरान सीएम योगी ने पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो नगर पंचायतें अपने जनपद में 5 से 7 पैरामीटर पर उतरते हुए जिला स्तर पर नंबर एक आएगी उन्हें एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। जो नगर पालिका कमिश्नरी में पहले नंबर पर आएगा। उसको 2 करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। जो नगर निगम राज्य स्तर पर प्रथम आएगा उन्हें 10 करोड़ अतिरिक्त राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। एक बार जिसे इनाम मिल जाएगा। वह दो साल तक उसमें शामिल नहीं हो पाएगा।

## संक्षेप

### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु 15 जून तक करें आनलाइन आवेदन

**करछना।** इरफान उल्लाह खान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल दिनांक 30 मई से 15 जून 2023 तक के लिये खोला गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। जनसामान्य विभागीय पोर्टल http:// fisheries.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

### जमीनी विवाद को लेकर घर मे घुस कर मार पीट छेड़खानी करने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं के साथ अश्लीलता किए।एक अन्य मामले में युवक को मारा पीटा गया। दोनों मामलों में पुलिस ने छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए घर की महिलाओं के साथ अश्लील हरकते की गई। पुलिस ने शंकर लाल, उसका पत्नी नाम अज्ञात, अजय पटेल, दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम बुआपुर निवासी जीतलाल पटेल पुत्र नन्दलाल का आरोप है कि अनायास पडोसी उसे मारा पीटा जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस ने राहुल कुमार पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रीतम नगर में बदमाशों ने रिटायर्ड फौजी की हत्या, पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर



मृतक की फाइल फोटो

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के धूमनगंज थाना क्षेत्र में अबूबकरपुर चौराहे के पास बदमाशों ने एक रिटायर्ड फौजी की सिर पर ईट से वार करके मौत के घाट उतार दिया गया। कातिल उनके गले से सोने की चेन, जेब से पैसे, पर्स व अन्य सामान छीन कर भाग गए।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनके साथ मौजूद दोस्त के बयान के आधार पर उनकी पत्नी ने धूमनगंज थाने में आधा दर्जन अज्ञात असलहाधारियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दोस्त के साथ बाजार गया था रिटायर्ड फौजी

धूमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुवन बिहार कॉलोनी, उमर कोट, नीवा निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ लल्लन सिंह सेना से रिटायर्ड सैनिक है। वह अपनी पत्नी सुशीला सिंह और बच्चों के साथ धूमनगंज में रहते हैं। उनकी पत्नी के मुताबिक वह अपने दोस्त सोहेब पाल के साथ मोटरसाइकिल से बाजार में सामान खरीदने गए थे। बुधवार को ही धर्मेंद्र सिंह ने पेंशन के पैसे निकाले थे।

### बदमाशों ने सोहेब पाल के साथ की अभद्रता

वापस लौटते समय अबूबकरपुर चौराहा, प्रीतम नगर में वह कुछ और सामान खरीदने लगे। उसी दौरान तीन बाइक से छह अज्ञात लोग आए। उन्हें गाली गलौज करने लगे। उनके साथ गए साथी सोहेब पाल ने उन्हें मना किया। जिससे बदमाशों ने सोहेब पाल के साथ भी अभद्रता की। इस दौरान जब धर्मेंद्र कुमार सिंह ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले उनकी लात घूसों से पिटाई की। तमंचे से गोली मारने की कोशिश की गई।

### ईट से सिर पर किया वार

इसी दौरान उनमें से 2 लोगों ने ईट उठाकर उनके सिर पर कई वार कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। जिससे वह वहीं गिर गए। सोहेब पाल ने बीच-बचाव करके 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गई। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर मिली है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# फूलपुर विधायक निधि से होगा सैदाबाद की गुंजा का पूरा इलाज

**प्रवीण पटेल लखनऊ से आते ही गुंजा को देखने पहुंचे अस्पताल**

**विधायक निधि से अस्पताल के खाते में 1.56 लाख दिया**



अस्पताल में गुंजा से मिलने पहुंचे विधायक प्रवीण पटेल

**झूंसी।** फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल लखनऊ से आने के बाद गुरुवार को गुंजा को देखने हनुमानगंज, बीकापुर गामा चिकित्सा संस्थान पहुंचे। आईसीयू में भर्ती बिटिया गुंजा का हाल पूछा और उसे ढ़ाढ़स बंधाते हुए उसके इलाज में आने वाले संपूर्ण खर्च को विधायक निधि से प्रदान करने का आश्वासन दिया। वैसे गुंजा की हालत में अब काफी सुधार है।

सैदाबाद, ढ़ोकरी की गुंजा का 22 म?ई को डीजे जनरेटर की पंखी में बाल फंसने से स्किन सहित पूरा बाल उखड़ गया था। अखबारों में प्रकाशित खबर को संज्ञानता में लेकर विधायक ने लखनऊ से ही फोन पर गुंजा के इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को विधायक ने गुंजा के परिजनों से मिलकर बताया कि अस्पताल से गुंजा के इलाज हेतु दिए गए स्टीमेट के मुताबिक 1.56 लाख अस्पताल के खाते में अवमुक्त करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। सीडीओ को व्यक्तिगत तौर पर यथाशीघ्र धनराशि प्रदान करने के लिए भी कहा गया है। अब गुंजा के इलाज में पैसे की दिक्कत नहीं आएगी। इस दौरान काशी क्षेत्र महामंत्री संतोष पटेल, डीसीएफ चेयरमैन प्रेम कुमार सिंह लल्ले, गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, विमलेश पटेल, त्रिलोकी सिंह, संदीप दुबे, डब्बू दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्राह्मण दिवस के अवसर पर निकाली गयी शोभायात्रा

**सहसों।** गंगापार स्थित चकिया घरहरा ग्राम सभा में ब्राह्मण क्षत्रिय एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक क्रांति गुरु गणेश बल्लभ द्विवेदी की अगुवाई में ब्राह्मण दिवस के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव से ही समाज को नया रास्ता दिखाने का काम करता रहा है। उसके अपने कर्मों की वजह से उसे समाज में सम्मान प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जब जब समाज दिग्भ्रमित होता है या शासन सत्ता दिग्भ्रमित होती है तो ब्राह्मण समाज समाज को एक नया रास्ता दिखाने का काम करता है। राजनीतिक दल समाज को वोट बैंक के रूप में प्रयोग करते हैं इसलिए राजनीतिक दलों से सावधान रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रधानपति सूरज मिश्रा, कृष्ण वल्लभ द्विवेदी, अजय पांडेय, कमला कांत पांडेय, राजन दुबे, बाल मुकुंद ओझा, केडी मिश्रा, आनंद पांडेय आदि सैकड़ों की संख्या विप्र उपस्थित रहे।

इसी प्रकार नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय गारापुर में गुरुवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के शुभ अवसर पर आचार्य पंडित चाणक्य की जयंती एक गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई गोष्ठी में मौजूद नवयुवक ब्राह्मण समाज के संगठन मंत्री पंडित बब्बू दुबे ने ब्राह्मण समाज के संगठनों एवं समाज प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया कि अभी भी समय है कि हम सब एकजुट होकर ब्राम्हण समाज के लिए कार्य करें अन्यथा हम सभी को पछताने का भी समय नहीं मिलेगा। गोष्ठी की अध्यक्षता नवयुवक ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्येंद्र त्रिपाठी, विजय तिवारी, विष्णु देव दुबे, अश्वनी कुमार, चंद्र मोहन तिवारी, विनोद शुक्ला, विवेक शुक्ला, मनीष कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार शुक्ला, राम शिरोमणि मिश्र, हरकेश तिवारी, प्रवेश शुक्ला, सुनील तिवारी, विष्णु शुक्ला, पंकज शुक्ला, राज तिवारी, प्रियम तिवारी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दोस्तों संग नहाने गया किशोर गंगा में डूबा

**हादसा**

**इंस्पेक्टर चौकी और थाने की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे**

**स्थानीय लोगों की मद्द से देर रात तक युवक की होती रही तलाश**



**लालगोपालगंज।** कोचिंग के बाद अपने दोस्तों संग श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने गया किशोर गंगा की धारा में समां गया। किशोर को डूबता देख साथी शोर मचाते भागे। आस पास के लोगों को जानकारी हुई तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर ग्रामीणों के साथ परिजन और इंस्पेक्टर नवाबगंज मयफोर्स आ गए। किशोर की तलाश शुरू की गई। देर रात तक पता नहीं चल सका। घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बांधपुर डहरपुर गांव निवासी संजय पांडेय अंधियारी टोल प्लाजा पर कर्मचारी हैं। उनके तीन बच्चों में दूसरे नंबर का केशव पांडेय (12) गुरुवार को कोचिंग पढ़ने गया था। बताया जाता है कि केशव शाम करीब साढ़े पांच बजे कोचिंग पढ़कर निकले और दो अन्य साथियों के साथ श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने पहुंच गए। तीनों किशोर गंगा स्नान कर रहे थे तभी केशव गहरे पानी में चला गया, और डूबने लगा। केशव को डूबता देख अन्य बच्चे शोर मचाते भागने लगे बच्चों की आवाज सुन आस पास के लोग पहुंच गए। देखा कि केशव के कपड़े और चप्पल गंगा किनारे पड़ा था। जानकारी होने पर ग्रामीण और परिजन भी आ गए। घटना की खबर इंस्पेक्टर नवाबगंज को दघ गई। सूचना पाकर इंस्पेक्टर अनूप सिंह व चौकी प्रभारी लालगोपालगंज हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों और स्थानीय मल्लाहों की मद्द से किशोर की तलाश गहरे पानी में की जा रही थी, परन्तु देर-रात तक पता नहीं चल सका। घटना के बाद घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रक से निकला स्टेपनी का टायर, घर लौट रही महिला के लिए बना काल

**बारा।** अक्सर आप लोगों ने सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो या फिर फोटो देखे होंगे, जिसमें चलती हुई गाड़ी का टायर निकलकर किसी दूसरे को हिट कर देता है या फिर इसी तरह की घटना में लोग बाल-बाल बचकर निकल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार की एक घटना गुरुवार को यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में घटित हुई। खेत से घर लौट रही महिला के लिए ट्रक का एक टायर मौत का कारण बन गया।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लेदर पचासा के रहने वाले राजधारी आदिवासी की पत्नी कुसुम कली (55) सुबह खेत की तरफ गई थीं। सुबह के तकरीहन छह बजे वह घर की तरफ लौट रही थीं। इसी दौरान शिवराजपुर की तरफ से एक ट्रक, जो बरगढ़ की तरफ जा रहा था, में लगा स्टेपनी का टायर निकल गया और वह उचलते-कूदते हुए कुसुमकली तक पहुंच गया। मौत के रूप में खुद की तरफ बढ़ते टायर के बारे में जब तक कुसुमकली को आभास हो पाता, वह तेज रफ्तार में आरहे टायर की चपेट में आ चुकी थीं।

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घरवालों और मुकामी पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही घरवाले मौके पर पहुंच गए और बेहोशी हालत में कुसुम कली को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। अप्रत्याशित रूप से हुई इस घटना को लेकर लोग हतप्रभ हैं। कुसुमकली की असामयिक मौत से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जी 20- जनभागीदारी प्रभात फेरी निकली



प्रभात फेरी निकालते लोग

**नैनी।** गुरुवार को जी- 20 जनभागीदारी स्किल कनेक्ट शासन के निदेर्शानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रधानाचार्य एस.के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। जो जी.ई.सी कंपनी, आनंद नगर, तिराहा होते हुए पुनः आई.टी.आई में प्रवेश किया। जिसमें संस्थान के सभी कार्यदेशको, अनुदेशक, उप प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य एवं संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। आज ही वेबीनार फार आत्मनिर्भर भारत का आयोजन भी किया गया । अंत में प्रधानाचार्य एस.के. श्रीवास्तव ने सबको धन्यवाद दिया

# आरटीओ के डर से भाग रहे ट्रक ने टूरिस्ट बस में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर टोल प्लाजा पर गुरुवार को सुबह 6:00 बजे आरटीओ की चेकिंग के डर से भाग रहे ट्रक ने एक टूरिस्ट बस में टक्कर मार दी। जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसका शीशा टूट गया। परंतु चालक की सूझबूझ से सभी यात्री बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह बस चालक जयपुर निवासी लालचंद जयपुर से 40 यात्रियों को लेकर वाया प्रयागराज होते हुए वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही वह भोपतपुर टोल प्लाजा से वाराणसी की तरफ मुड़ी वैसे ही दूसरी लेन पर आरटीओ ट्रक की डर से भाग रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बस चालक की तरफ टक्कर मार दी। जिससे बस का सासने का सीसा टूट गया व बस क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन चालक की सूझबूझ से सभी यात्री बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस एवं थरवई पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्रवाई की।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा पर कसा शिकंजा

**प्रयागराज।** भदोही जनपद के ज्ञानपुर के पूर्व विधायक बाहुबली विजय मिश्रा के भतीजे मनीष मिश्रा के आलीशान मकान को गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत भदोही पुलिस ने कुर्क किया। प्रयागराज के अल्लापुर में बने इस मकान की कीमत 3 करोड़ो रुपए बताई जा रही है। आरोप है ये प्रापर्टी विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति है, जिसे मनीष मिश्रा के नाम पर खरीदा गया था। आज भदोही पुलिस ने मकान के बाहर कुर्की का नोटिस चस्पा किया और घर में रहने वाले लोगों को मकान खाली करने को कहा। मकान खाली होने के बाद पुलिस सरकारी ताला बंद करके घर को सील करेगी।

पूर्व विधायक विजय मिश्रा कई साल से जेल में बंद है। विजय मिश्रा पर उनके ही रिस्तेदार ने फ्रॉड और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस वक्त विजय मिश्रा आगरा जेल में बंद है। पूर्व विधायक विजय मिश्र के भाई ने उनके व पुत्र, पत्नी राम लली मिश्रा के खिलाफ चार अगस्त 2020 को गोपीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि विजय मिश्र ने 2001 में मेसर्स कृष्ण मोहन तिवारी फर्म पर जबरन कब्जा कर लिया है। मकान में रह रहे हैं। फर्म का पैसा स्वयं, अपने पुत्र व पत्नी के खाते में स्थानांतरित कर रहे हैं। पांच चेक पर शिकायतकर्ता के जबरन हस्ताक्षर ले लिए। वसीयत लिखने का दबाव बना रहे और पूरे परिवार को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने यह रिपोर्ट दर्ज की थी। डीएम भदोही के आदेश पर इस मकान को कुर्क करने एक बार भदोही पुलिस दिसंबर में भी आई थी पर मकान में रह रहे किराएदारों ने प्रशासन से कुछ महीने की मोहलत मांगी थी, जिसके बाद कुर्की की कार्रवाई को अप्रैल 2023 तक रोक दिया गया था। अब गुरुवार को जब पुलिस के अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कुर्की का नोटिस चस्पा किया तो मकान में रह रहे किराएदारों ने मानवता के आधार पर एक दिन का और समय मांगा है। उसके बाद प्रशासन इस कमान को अपने कब्जे में लेकर उसमें ताला लगा देगा।



निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ करते राजू भैया

# मेजारोड के कोहड़ार चौराहे पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

**मेजा।** मेजारोड कोहड़ार चौराहे पर पानी की कही पर भी व्यवस्था न होने के कारण लोगो को इस भीषण गर्मी पानी के लिए जूझना पड़ता था जिसे देखते हुए योगदान फाउंडेशन के तरफ से निशुल्क प्याऊ जल की व्यवस्था कराई गई । प्याऊ का सुभारंभ वरिष्ठ समाज सेवी भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला ऊर्फ राजू भैया ने फीता काट कर किया गया। इस दौरान राजू भैया फाउंडेशन की टीम को इस नेक कार्य के लिए बधाई देते हुए संस्था के लिए 11000 रुपये की सहयोग राशि दिया। अनुज तिवारी ने अपनी पूरी टीम की ओर से सभी को धन्यवाद दिया । इस दौरान भाजपा डॉ अमरेश चंद्र तिवारी,पप्पू उपाध्याय अध्यक्ष व्यापार मंडल मेजारोड, मारुति तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, मुन्ना पांडे, रामबाबू मिश्रा जी अखिलेश द्विवेदी, आशुतोष तिवारी टिंकू भैया आदि लोग मौजूद रहे ।

**बेदखली सूचना**

मै रामबरन पुत्र स्व0 श्रीनाथ नि0 ग्राम सरांय नन्दन समसपुर उर्फ गिरधरपुर होलागढ़, तह0 सोरांव, जनपद प्रयागराज का निवासी हूँ मेरे दो पुत्र क्रमशः मुलायम सिंह व जबर सिंह मेरेकहने सुनने में नही रहते तथा गलत कार्यों में लिप्त रहते हैं। घर में आये दिन चोरियां करते रहते हैं उपरोक्त दोनों बेटों के कुकृत्यों से आजिज आकर मैं उन्हे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करना चाहता है।

# जन कल्याण हेतु कलशयात्रा के साथ शुरू हुई ज्ञान कथा



कलश यात्रा निकालते लोग

**करछना।** करछना के बेन्दौ गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा वैदिक मंत्रोचार के साथ वेदी पूजन से बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। कथा के प्रथम दिन गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में मुख्य श्रोता यजमान भागवत पुराण की सिरपर पोथी लिए व अन्य भक्त लोग सहित महिलाएं सिर पर कलश रखकर वेदी मंडप से चलकर गांव की परिक्रमा के साथ गांव स्थित मंदिरों पर पूजा अर्चना की । इसके बाद कलश यात्रा वेदी मंडप में पहुंची। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य देवव्रत जी महाराज ने श्रीमद्भागवत माहात्म का वर्णन करते हुए लोगों को बताया की कलश यात्रा के जरिए सभी दृश्य व अदृश्य शक्तियों का आवाहन किया जाता है। और इस यात्रा में जो - नर नारी शामिल होते हैं । उन्हें कई तीर्थों के पुण्य फल प्राप्त होते है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान डॉ उमाशंकर शुक्ल व प्रभा शुक्ल की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक आशुतोष शुक्ल व संयोजक अभिजीत शुक्ल मानस की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया । इस मौके पर स्वतंत्र कुमार मिश्र विपिन कुमार मिश्रा कौस्तुभ शिवांश कान्हा शिवाय आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# प्राइवेट वाहनों में सत्ता पक्ष के झंडा, हूटर लगा कर तेज आवाज में बजाने से ग्रामीम त्रास्त

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्रामीण क्षेत्रों में काली फिल्म लगे चार पहिया एंव बुलेटों में लगे हूटरों के बजने पर ग्रामीण दहल जा रहे हैं। इन पर आखिर कब कार्यवाही होगी पुलिस प्रशासन भी खामोश है।ग्रामीणों ने इन वाहनों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा क्षेत्र के तिलईबाजार, घीनपुर, नौगारा, बडोरा, महरौंडा, कल्याणपुर आदि स्थानों पर दबंग, माफिया प्रवृत्ति के लोगों द्वारा योगी सरकार को बदनाम करने का नया तरीका इजाद कर लिया है। बताया गया है कि सत्ता पक्ष के किसी नेता से जान पहचान हो जाने पर वह सत्ता पक्ष का झंडा लगा कर हूटर लगा लेते हैं। बताते हैं कि चार पहिया वाहनों के अलावा बुलेट में भी ट्रक का हार्न एंव हूटर लगा कर चौराहों, भीड भाड क्षेत्रों, बाजारों, अपने विरोधियों को सुनाने के लिए हूटर बजाने लगते हैं। हूटर बजते ही लोग चौक जाते है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि गांव में जो कोई चार पहिया वाहन रखे हैं वह भी काला शीशा एंव हूटर लगा कर चारों तरफ घूम घूम कर ग्रामीणों को भौचक्का कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इन पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# साहेबे हैशियत हर मुस्लिम मर्द-औरत के लिए हज जरूरी है : मुफ़्ती मौलाना हबीबुर्रहमान

**हज**

**मऊआइमा के सारंगी महल से नूर उद्दीन सैफी अपनी अहलिया के संग गुरुवार को हज के लिए हुए रवाना**



हज यात्रियों को जानकारी देते मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान कासमी

**मऊआइमा।** हज हर मुस्लिम मर्द औरत के लिए जरुरी है। अलबत्ता वह साहेब हैशियत हो। अल्लाह हज जायरिन के लिए सफर में आसानी फरमाए और हज के सारे अरकान अदा करने की तौफीक दे। उक्त बातें गुरुवार को सुबह मऊआइमा के सारंगी महल में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान कासमी ने हज यात्रा पर जाते समय नूर उद्दीन सैफी और उनकी अहलिया के जाने से पूर्व कही।

मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान कासमी ने मौजूद सैकडों लोगों के सामने दुआ की अल्लाह जिनके दिलों में हज की तडप है उनकी अरमान पूरी करे। मौलाना ने कहा अल्लाह के पाक रसूल को बहुत मुश्किलों का सामना करना पडा। आप भी सब्र करें इसका अज्र जरुर मिलेगा। दुआ के बाद सैकड़ों लोगों ने हाजी नूर उद्दीन सैफी और उनकी अहलिया को नम आंखों से बिदा किए। इस अवसर पर नदीम इंतेखाब, शोएब चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन उमर एडवोकेट, रिजवान फारूकी, राशिद लतीफ, उमर, हकीम उद्दीन, सलीम, बहाल उद्दीन, मेराज आरिफ, मोहम्मद अनस, उमैर जलाल, अबसार, जैद उस्मानी, अनीस, आसिफ, कौशरगयास आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय, प्रधानाचार्य, मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज**

**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के विभिन्न विभागों, ट्रामा सेन्टर एवं पी0एम0एस0एस0वाई0 में संविदा के आधार पर आचार्य, सह-आचार्य, एवं सहायक आचार्य के पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्तिः-**

**शुद्धि-पत्र**

मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के विभिन्न विभागों, एवं पी0एम0एस0एस0वाई में आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर सेवायोजन हेतु जारी विज्ञप्ति इस कार्यालय के पत्र संख्या-संविदा पत्रा0/2023/706-V दिनांक 06-05-2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए पुनः इस कार्यालय के विज्ञप्ति संख्या-संविदा पत्रा0/2023/957 दिनांक 25 मई 2023 द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से नये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 08.06.2023 सायं 05.00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय के डाक अनुभाग में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पदों की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mlnmc.in तथा इस कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

**प्रधानाचार्य**
**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज**
**प्रयागराज।**

संख्या-संविदा पत्रा0/2023/981 दिनांक-27/05/2023



# प्रयागराज



**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 41.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 05.15 |
| सूर्यास्त : | 06.44 |

## हरेंद्र सिंह उर्फ लाली सरदार बनाए गए व्यापार मंडल का नगर प्रभारी



**प्रयागराज।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने संगठन के चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता की संस्तुति पर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हरेंद्र सिंह उर्फ लाली सरदार को नगर प्रभारी का दायित्व प्रदान किया लाली सरदार को महानगर प्रभारी बनाने के लिए महानगर अध्यक्ष युवा मुसाब खान की प्रबल पैरोकारी रही है लाली सरदार को बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से संरक्षक राम जी केसरवानी कृष्ण मोहन गुप्ता वरिष्ठ सलाहकार आनंद जी टंडन जिला प्रभारी राजकुमार केसरवानी मोनू गुप्ता उज्जवल टंडन अन्नु केसरवानी दिलीप १कुमार काके ,नितिन चौरसिया रतन केसरवानी शिखा खन्ना रोशनी अग्रवाल सुनीता चोपड़ा अमित केसरवानी विजय केसरवानी आदि रहे।

# पुराने शहर में जाम से छुटकारा के लिए मोती पार्क में पार्किंग की व्यवस्था का पुर्नमूल्यांकन

**पुर्नमूल्यांकन**

**मंत्री नन्दी के साथ चीफ टाउन प्लानर ने किया मोती पार्क का निरीक्षण**

**चीफ टाउन प्लानर ने मोती पार्क में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण को बताया औचित्यपूर्ण**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के पुराने शहर चौक, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज, जीरो रोड, सुलाकी चौराहा आदि इलाकों में वाहनों के लगातार बढ़ रहे दबाव के कारण ट्रैफिक जाम की समस्याओं के निस्तारण की सम्भावनाओं को तलाशने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज चीफ टाउन प्लानर उत्तर प्रदेश सरकार अनूप श्रीवास्तव के साथ बहादुरगंज स्थित मोती पार्क में प्रस्तावित पार्किंग स्थल का पुर्नमूल्यांकन किया। वहीं प्राचीन मनोकामनापूर्ति मंदिर सर्किट का भ्रमण किया। चीफ टाउन प्लानर ने जाम की समस्या के निस्तारण के लिए लक्ष्मण मार्केट के सामने स्थित मोती पार्क में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग का पुर्नमूल्यांकन करते हुए मोती पार्क की भूमि पर पार्किंग स्थल के निर्माण को पूरी तरह से औचित्यपूर्ण बताया।



पार्किंग स्थल का पुर्नमूल्यांकन करते मंत्री नंदी

चीफ टाउन प्लानर उत्तर प्रदेश अनूप श्रीवास्तव ने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में जाम की समस्या के निस्तारण एवं महाकुम्भ मेला 2025 के मद्देनजर प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर भ्रमण किया। चौक, जीरो रोड, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज आदि आस-पास के इलाकों में जाम की समस्याओं को लेकर पार्किंग स्थल की सम्भावनाओं को तलाशते हुए निरीक्षण किया। चीफ टाउन प्लानर ने सुलाकी चौराहे के पास लक्ष्मण मार्केट के सामने स्थित मोती पार्क का निरीक्षण किया। जहां पर मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए निवर्तमान महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी द्वारा पहले ही शासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसे तकनीकी स्तर पर कमियां बताते हुए दो बार कैंसिल किया जा चुका है। लेकिन चीफ टाउन प्लानर अनूप श्रीवास्तव ने पुराने शहर की भौगोलिक स्थिति वाहनों के लगातार बढ़ रहे दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए मोती पार्क में प्रस्तावित पार्किंग व्यवस्था निर्माण के औचित्य को सही पाया। प्रति दिन लगने वाले भीषण जाम और आगामी महाकुम्भ मेले के दौरान आने वाली भीड़ और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए मोती पार्क में पार्किंग व्यवस्था के सुझाव को सही बताया। हर एंगल से मोती पार्क में प्रस्तावित पार्किंग स्थल का अध्ययन किया।

इसके अलावा बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामना पूर्ति शिव मंदिर सर्किट का भ्रमण व निरीक्षण किया। रामभवन चौराहा से चंद्रलोक चौराहा, चंद्रलोक चौराहा से मानसरोवर चौराहा, मानसरोवर चौराहा से सुलाकी चौराहा तक पूरे सर्किट का भ्रमण किया। मनोकामनापूर्ति मंदिर सर्किट का निरीक्षण करने के बाद टाउन प्लानर ने कहा कि महाकुम्भ मेला 2025 के मद्देनजर जो नए निर्माण कार्य होने जा रहे हैं, उसको देखते हुए इन इलाकों में ट्रैफिक और बढ़ जाएगा। जब सामान्य दिनों में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त है तो महाकुम्भ मेला के दौरान तो और अधिक समस्या होगी। ऐसे में पुराने शहर में वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान करने में मोती पार्क की भूमि पर प्रस्तावित पार्किंग काफी मददगार साबित होगा, जो औचित्यपूर्ण है।

चीफ टाउन प्लानर ने कहा कि योजना के साथ प्रयास किया जाएगा कि वर्तमान परिस्थितियों में मोती पार्क को किस तरह से वाहन पार्किंग स्थल के रूप में डेवलप किया जाए। चीफ टाउन प्लानर उत्तर प्रदेश सरकार अनूप श्रीवास्तव जी पूरे टीम के साथ प्रयागराज पहुंचें थे। जिसमें डिविजनल टाउन प्लानर और पीडीए के टाउन प्लानर भी शामिल थे। पार्किंग की व्यवस्था का पुर्नमूल्यांकन किया।



विधायक प्रवीण पटेल के साथ व्यापार मण्डल

## ऐतिहासिक तालाब में नाले का पानी गिराने पर व्यापारियों ने किया विरोध

**व्यापार मंडल ने विधायक प्रवीण पटेल को सौंपा ज्ञापन**

**हनुमानगंज।** जीटी रोड हनुमानगंज कस्बे का गंदा पानी ऐतिहासिक पक्का तालाब सराय लाहुरपुर में गिराए जाने का हनुमानगंज व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध किया है। गुरुवार को व्यापारियों ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश कुमार केसरवानी मुन्ना की अगुवाई में फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल को ज्ञापन सौंपा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने ज्ञापन में कहा कि ऐतिहासिक पक्का तालाब हमारी संस्कृतियों का धरोहर है। कभी इस विशाल तालाब के मीठे जल से राहगीर प्यास बुझाते थे। तथा क्षेत्रीय लोग नहाने कपड़ा धोनें में जल प्रयोग करते थे। किंतु उदासीनता का आलम यह है कि वर्षों से इस तालाब में गंदें नाले का पानी गिराया जा रहा है। तालाब के महत्व को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ने तालाब के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 96 लाख रुपए स्वीकृत किया है। वर्तमान में जीटी रोड चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पुराने नाले को तोड़कर नया नाला बनाया जा रहा है। नए नाले का गंदा पानी पक्के तालाब में गिराने के बजाय बाजार के पूर्वी छोर बच्ची बंधा नाले में गिराया जाएं। विधायक ने व्यापारियों को अस्वस्थ करते हुए पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से बात कर नाले का तालाब नहीं गिराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, प्रधान वाहिद अली, धर्मेंद्र जायसवाल, राजाराम केसरवानी, बैजनाथ चौरसिया, सुनील केसरवानी, शरद केसरवानी, तुलसीदास चौरसिया, रमन मोदनवाल, आशीष केसरवानी, विकास केसरवानी आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

## बिजली मिस्त्री की मौत के 24 घंटे बाद भी नही दर्ज हुआ मुकदमा

**झूंसी।** बिजली मिस्त्री के मौत के 24 घंटे बीत गए है पर यह रहस्य बना की उसकी मौत फांसी से हुई है तो लाश यहा कैसे आई। हालांकि अभी भी मामले की रिपोर्ट दर्ज नही हुई है पर पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस को मृतक के फोन के आखिरी लोकेशन का इंतजार है साथ ही उसकी पहली पत्नी के परिजन भी पुलिस के राडार पर है। सरायइनायत के लगड़ीपुर निवासी चिरौजी लाल बिंद पुत्र रामराज बिंद बिजली मिस्त्री था। बुधवार की सुबह उसकी लाश झूंसी के कनिहार कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे बाग में मिली थी। उसके गले पर रस्सी के निशान थे। परिजन भी मामले में कुछ नही बात पा रहे है न ही अभी तक कोई तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की पुष्टि हुई है अब सवाल यह है कि अगर चिरौजी लाल ने फांसी लगाई तो लाश यहा कौन फैक गया। मृतक का मोबाइल गयाब है पुलिस उसकी काल डिटेल व लास्ट लोकेशन का पता लगा रही है। मृतक अपनी पहली पत्नी की हत्या में जेल भी जा चुका है। बताया जाता है कि पहली पत्नी के घर वालो ने एक बार चिरौजी के भाई को पीटा था जिसकी एनसीआर भी झूंसी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस पहली पत्नी के घर वालो से भी पूछताछ कर सकती है।

## मनाई गई महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 298 वी जयंती

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के चांडी जिले वर्तमान मे अहमद नगर मे 31मई 1725 ईस्वी मे जन्मी मालवा शासक अहिल्या बाई होल्कर की 298वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे मनाई गई। सपा नेताओं, पदाधिकारियों द्वारा उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मालवा मे होल्कर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हार राव होल्कर के सुपुत्र खंडेराव से उनकी शादी कम उम्र मे हो गई थीं। दुर्भाग्य वश महज 29वर्ष की उम्र मे विधवा होगई फिर राज काज की जिम्मेदारी संभालना पड़ा।मराठा मालवा साम्राज्य की बहादुर, आत्म निष्ठ एवं निडर महिला शासक के रूप अपनी प्रतिष्ठा हासिल करते हुए उन्होंने देश मे कई ऐतिहासिक कार्य किये। उनके शासन काल मे सड़क,रोजी रोटी , शिक्षा, धार्मिक स्थलों के विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए।

## मुख्य विकास अधिकारी ने उद्यम रजिस्ट्रेशन अभियान का किया शुभारंभ

**प्रयागराज।** गुरुवार को उद्यम रजिस्ट्रेशन (यू.आर.सी.) अभियान का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी गौरव मोहन ने प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में किया। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग लालजीत सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया। उपायुक्त उद्योग द्वारा उद्यम रजिस्ट्रेशन अभियान के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई कि 01 जून से 15 जून 2023 तक यू0आर0सी0 पोर्टल पर पंजीयन का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उद्यमी स्वयं, जन सेवा केन्द्र अथवा सी0एस0सी0 के माध्यम से अपनी इकाई को यू0आर0सी0 पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। यू0आर0सी0 प्राप्त उद्यमी को दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म इकाईकर्ता को रुपए 5.00 लाख तक की बीमा सहायता दिये जाने की व्यवस्था है तथा टेण्डरों में ई0एम0डी0, अनुभव तथा टर्न ओवर में छूट प्राप्त होगी साथ ही उद्यमी द्वारा सप्लाई के भुगतान लम्बित रहने पर फैसिलिटेशन काउंसिल द्वारा 18 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान कराने की व्यवस्था है। सभी लाभार्थीपरक योजनाओं में यू0आर0सी0 पार्टल पर पंजीकृत लाभार्थी को वरीयता दी जायेगी। इस प्रकार ऐसे सभी उद्यमी जो अन्य विभागों में पंजीकृत हैं या पहले से उद्योग विभाग में उद्योग आधार अथवा मेमोरण्डम भाग-2 में पंजीकृत हैं वे सभी पुनः यू0आर0सी0 पोर्टल पर अपना पंजीयन कराने का कष्ट करें।मुख्य



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

विकास अधिकारी गौरव मोहन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सभी छोटे उद्यमी एवं दुकानदार उद्यम रजिस्ट्रेशन करा कर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उद्योग विभाग द्वारा चलाये जा रहे रजिस्ट्रेशन अभियान में अधिक से अधिक उद्यमी पंजीयन करायें। उन्होंने उद्यमी संघों से अहवान किया कि इस अभियान में अपने स्तर से उद्यमियों को जागरूक करते हुए रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रेरित करें। रजिस्ट्रेशन अभियान को सफल बनाने हेतु उन्होंने समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर कैम्प लगा कर पंजीयन कराने का भी सुझाव दिया।कार्यक्रम में जनपद से उद्यमी संघों के प्रतिनिधि जी0एस0 दरबारी, विनय टण्डन, राजीव नैयर, एसव केव जैन, नटवर लाल, मुरारी लाल, जगदीश गुलाटी सम्मानित उद्यमी, इन्द्रजीत सिंह पटेल निर्यातक, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी तथा हस्तशिल्पी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के हर कार्य में बंटवारे की बू आती है : नरेन्द्र सिंह

**आरोप**

**सपा नेता ने भाजपा पर लगाया भगवा के अपमान का आरोप**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के अवैध कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत बनाये गए फ्लैटों को भगवा रंग में रंगे जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला किया है। सपा नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विभाजन और साम्प्रदायिकता की राजनीति करती है। उसके हर कार्य में बटवारे की बू आती है। अब यह पार्टी रंगों की राजनीति कर रही है। सरकारी भवनों और बसों आदि को भगवा रंग दिया जा रहा है। यह सरासर गलत है। भाजपा



नेताओं की हालत यह हो गयी है कि यदि उनका बस चले तो वह धरती का रंग भी भगवा कर दें, जबकि वैज्ञानिक धरती का रंग हरा बताते हैं। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने भी गरीबों के लिए आवास बनवाये थे लेकिन



कभी किसी भी दल ने रंगों की राजनीति नहीं की। समाजवादी पार्टी की भी प्रदेश में सरकार रही, अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रहे, उनके द्वारा भी गरीबों के लिए अनेकों कार्य किये गये, उन्होंने भी गरीबों को आवास दिया लेकिन सरकार के पैसों से बने किसी भवन या संस्थान को कभी अपनी पार्टी के रंग में नहीं रंगा। सपा नेता ने भाजपा पर भगवा रंग के अपमान का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले भगवा रंग से देवालय रंगे जाते थे लेकिन अब भाजपा शौचालय भगवा रंग में बनवा रही है। भगवा रंग शौर्य और त्याग का प्रतीक है। हर भारतीय को इसका सम्मान करना चाहिए। दुर्भाग्यवश भाजपा के लोग यह नहीं समझ पा रहे। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त करायी गयी लूकरगंज स्थित 1731 वर्ग मीटर जमीन पर पीडीए द्वारा 76 फ्लैट बनाये गये हैं जिनका जल्द ही लॉटरी के जरिये आवंटन किया जायेगा।

## दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**प्रयागराज।** गुरुवार को भोर एक सृजन संस्था रंग मंडल के अन्तर्गत 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक कार्यशाला चन्द्रशेखर आजाद पार्क ध्यान केन्द्र मुक्तांगन मे गुरुवार की सुबह 7:00 बजे उमेश उत्तम उद्यान अधीक्षक आजाद पार्क, अशोक जैन चेयरमैन, मा०वा० एसोसिएशन आजाद पार्क ,स्वामी आनंद ध्रुव एवं अभिषेक चौहान पूर्व संयुक्त सचिव बार एसोसिएशन हाई कोर्ट इला के द्वारा दीप जलाकर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। कार्यशाला में गायन, नृत्य, गिटार, की-बोर्ड, ढोलक में लगभग 100 से 150 पंजीकृत बच्चे व शहर के गणमान्य अतिथि, संस्था अध्यक्ष शरद चन्द्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सुमित



दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए

श्रीवास्तव ,मधुकर सरन,अमित वर्मा, सुनील श्रीवास्तव मौजूद रहे उक्त कार्यशाल का संयोजन शहर के गजल गायक आशुतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित होगी। संस्था सचिव श्वेता श्रीवास्तव व कार्यक्रम संयोजक आशुतोष श्रीवास्तव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पीएम किसान सम्मान योजना किसानों के लिए बनी वरदान

**सोरांव।** ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत पंडिला में बुधवार को सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीकरण अभियान के तहत एक कैंप कृषि विभाग द्वारा लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान राम अचल यादव ने किया। जिसमें किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के साथ ही साथ कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे बीज वितरण, कृषि पंजीकरण, कृषक उत्पादन संगठन, विद्युत विभाग द्वारा संचालित पंपों को सोलर से जोड़ने की प्रक्रिया आदि पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया गया।वर्तमान में राजकीय बीज गोदाम सोरांव में उपलब्ध धान और अन्य फसलों के बीच पर अनुदान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विकास खंड सोरांव द्वारा विद्युत से संचालित निजी पंपों को सोलर पंप में



सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सत्यप्रकाश ने किसानों को संबोधन करते

जोड़ने की योजना 90% अनुदान पर उपलब्ध है। इसको भी विस्तृत रूप से बताया गया। उपरोक्त बातें सत्य प्रकाश यादव सहायक विकास अधिकारी( कृषि ) सोरांव द्वारा विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग से सुधीर कुमार (एटीएम) उमेश चंद्र तकनीकी सहायक पंचायत सचिव रिद्धि मिश्रा, लेखपाल अनिल कुमार सरोज, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से अमरनाथ पटेल, पंचायत सहायक धनराज यादव, विजय कुमार (जिला पंचायत सदस्य) संग कृषक अनिल कुमार, रमेश कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश यादव व लल्लू मौर्या सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सुविधाविहीन बहुजन समाज के बच्चों को उचित मंच नहीं मिल पाता : एल.के. अहेरवार

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में चलायी जा रही एक तेईस दिवसीय प्रस्तुतिपरक ग्रीष्मकालीन प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला में नगर प्रयागराज क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रो और परिवेशों से आये सर्वसमाज के पांच दर्जन से अधिक बच्चे प्रतिभाग कर रंगमंच के वीविध कला आयामो नृत्य, नाटक व गायन की बारीकियों को बहुजन समाज के एकमात्र रंग निदेशक आईपी रामबृज द्वारा सिखाई जा रही है। बृहस्पतिवार को बहुजन रंगमंचः दशा और दिशा पर विचार रखते हुये राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एल.के. अहेरवार ने बताया कि सुविधाविहीन बहुजन



कार्यशाला में उपस्थित बच्चे

समाज के बच्चों को उचित मंच नहीं मिल पाता। नामी गिनामी सांस्कृतिक संस्थाएं भी बहुजन समाज के बच्चों पर ध्यान न देकर पहले से ही कुछ न कुछ पारंगत बाल कलाकरो को ही मंच प्रदान करते है जबकि रंगमंच की विविध कला आयामों की उत्पत्ति ग्रासरुट समाज से ही पाया जाता है। शिशु विद्यालय के प्रधानाचार्य सीएल कुशवाहा ने बताया कि भले ही बहुजन समाज को राजनैतिक बराबरी मिल चुकी है परन्तु सामाजिक बराबरी से बहुजन समाज कोशो दूर है। तथाकथित शिक्षित वर्ग भी इस सामाजिक असमानता के लिये काफी हद तक जिम्मेदार है। स्वार्थी लोगो ने समानता प्रदान करने वाली बहुजन संस्कृति का विनाश किया है जिसे हमें पुनः पुनर्जीवित और विकास करना होगा। इस दिशा में प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही प्रस्तुतिपरक ग्रीष्मकालीन प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज का योगदान सराहनीय है।

कार्यशाला के बच्चों में अंतरा पटेल, तनु जायसवाल, जिज्ञासा पटेल, संध्या पटेल, नैना यादव, सुनैना यादव, प्रेम प्रजापति, गौरव प्रजापति, खुशबू, शिवानी, अम्बिका, हर्ष वर्मा, हर्षित पटेल, अनुराग, करन, रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में महगांव के समीप रेलवे लाइन पर गुरुवार सुबह युवक का शव मिला। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों में चर्चा रही कि युवक ने परिजनों से विवाद के बाद युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी।

पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव निवासी प्रेम पासी मजदूरी करता है। उसका बेटा अजय कुमार (20) भी मजदूरी करता था। एक सप्ताह पहले बड़े भाई से विवाद के बाद वह अपने ननिहाल महगांव चला गया था। गुरुवार सुबह गांव के सामने रेलवे लाइन पर क्षत-विक्षत मिला। शव रेलवे लाइन पर पड़े होने की सूचना इलाके में हुई तो हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। शिनाख्त के बाद लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार ने किया समीक्षा बैठक

## ऑगनबाड़ी केन्द्रों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत आधारभूत सुविधाओं से किया जायेगा विकसित

**बैठक**

**बाल गृह तथा नारी संरक्षण गृह बनाये जाने को तैयार करें प्रस्ताव**



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला

**कौशाम्बी।** राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने गुरूवार को जिले में रही। इस दौरान शीतला अतिथिगृह, सयारा में उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी किया।

बैठक में राज्यमंत्री ने जनपद में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दियें। इस दौरान सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर से कहा कि अपनी देखरेख में लाभार्थियां को राशन का वितरण समय से सुनिश्चित किया जाय, किसी भी प्रकार की शिकायत न आने पाये। उन्होंने सभी सीडीपीओ से कहा किराये पर संचालित ऑगनबाड़ी केन्द्रों को नजदीक के किसी भी सरकारी भवन में शिफ्ट किया जाय। सभी सीडीपीओ को स्वयं सहायता समूहां की समस्याओं को सुनकर निस्तारित करने के भी निर्देश दियें। वहीं मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिन ऑगनबाड़ी केन्द्रों में ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका का पद रिक्त है, पद भरे जाने तक सचिव, ग्राम पंचायत के माध्यम से लाभार्थियों को राशन का वितरण कराया जाय। ऑगनबाड़ी केन्द्रों को नर्सरी के रूप में संचालित किया जाय तथा बच्चों को संस्कारित बनाया जाय एवं जनरल नॉलेज की शिक्षा दिया जाय। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सुपोषित किया जाय तथा बच्चों का आधार कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लायी जाय। जिले के ऑगनबाड़ी केन्द्रों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जायेंगा। इतना ही नहीं जिला प्रोवेशन अधिकारी से जनपद में विधवा पेंशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय। विधवा महिला के छोटे बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा छूटने न पाये, जिससे बच्चों का पालन पोषण व शिक्षा बेहतर तरीके से हों सकें। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के सभी तहसीलों, ब्लॉकों एवं नवनिर्मित ऑगनबाड़ी केन्द्रों सहित अन्य स्थानों पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषयक वॉल पेंन्टिग कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लॉक से 05 विद्यालयों को चिन्हित कर बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिए जूडों-कराटें का प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये।

## राज्यमंत्री ने नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया उद्घाटन



नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करती राज्यमंत्री

**कौशाम्बी।** राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने गुरूवार को नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेन्टर, मंझनपुर का फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। रुपए 48.69 लाख की लागत से वन स्टाप सेन्टर का निर्माण कार्यदायी संस्था-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा किया गया है।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा सखी वन स्टाप सेन्टर का संचालन किया जा रहा है, जो 24.7 संचालित है। वन स्टाप सेन्टर में कोई महिला एवं बालिका जो विषम परिस्थितियों से ग्रस्त हो अथवा उसको अन्य किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता की पूर्ति के लिए सलाह एवं सहायता की आवश्यकता है तो वह 112 नम्बर पर कॉल कर अथवा वन स्टाप सेन्टर में सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकतीं हैं। वन स्टाप का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तत्काल सुरक्षा देते हुये आवश्यक चिकित्सीय एवं पुलिस सेवायें प्रदान करना है। जिसमें एक छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को अस्थायी आश्रय, पुलिस हेल्प डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सिलिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर अध्यक्षा जिला पंचायत कल्पना सोनकर, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, जिला प्रोवेशन अधिकारी नीरज कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पेठा की फैक्ट्री में भीषण आग, सामान जलकर राख



धू-धू कर जलती पेठा फैक्ट्री व जुटी भीड़

**कौशाम्बी।** कड़ा कड़ा धाम कोतवाली अंतर्गत दारानगर बाजार में पेठा बनाने वाली फैक्ट्री में गुरूवार को भीषण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

बता दें कि दारानगर बाजार स्थित राम कुमार गुप्ता पेठा बनाने का कारखाना है, जिसमें गुरूवार दोपहर भीषण आग लग गई। इस दौरानं पेठा बनाने का उपकरण के अलावा निर्मित पेठा, गत्ता, मूंगफली सरसों भूसा सहित जनरेटर जलकर राख हो गया। घटना देख गांव के लोग व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक फैक्ट्री का सारा सामान जलकर राख हो गया था। व्यापारी के मुताबिक तकरीबन चार से पांच लाख का नुकसान हुआ है।

## रेलवे स्टेशन के समीप मिला युवक का शव

**सिराथू कौशांबी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत सिराथू रेलवे स्टेशन के पास गुरूवार को एक युवक का शव मिला। घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। हालांकि बताया जा रहा था कि मृतक के शरीर में हाफ टीशर्ट आसमानी कलर, हाफ लोअर पहने हुए हैं। जब सुबह लोगों ने देखा तो इसकी सूचना सिराथू जीआरपी पुलिस को दिया। जीआरपी चैकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार पटेल मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करके शिनाख्त कराने में जुटे रहे रहे लेकिन युवक कौन है और उसके साथ क्या हुआ इसका रहस्य बरकार रहा। उधर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शक्तिपीठ कड़ा धाम पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, टेका मत्था

**दारानगर, कौशाम्बी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री गुरूवार को जिले में रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी के साथ पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया। वहीं कड़ा स्थित भगवती शीतला धाम पहुंचे जहां कड़ावासिनी के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद भी लिया।

बता दें कि उत्तराखंड के हरिद्वार से बीजेपी के संसद सदस्य (मानव संसाधन विकास मंत्री) रमेश पोखरियाल निशंक कडाधाम पहुंचे, जहां पर मन्दिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधि विधान से उन्हें माता शीतला का दर्शन पूजन कराया गया। इस मौके पर बीजेपी पार्टी की जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, मंझनपुर विधायक लालबहादुर, बमभोला पंडा, चंदी सोनकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकू मौर्या आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कड़ावासिनी का दर्शन करते पूर्व मुख्यमंत्री

## पशुबाड़ा के अंदर लटकती मिली युवक की लाश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर चैकी क्षेत्र के ग्राम अमवा गांव स्थित पशुबाड़ा में एक युवक की फंदे से लटकती लाश मिली। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना का जिक्र करें तो भगवानपुर गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र स्व. परशुराम (30) की लाश गांव में बने पशुबाडा के अंदर फंदे से लटकती मिली। कहा जा रहा है कि मृतक की मा सुबह जानवरो को चारा देने के लिये पहुंची थी, नजारा देख वह हैरान हो गई। मृतक की मां की चीख सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए। वहीं सूचना पर चैकी प्रभारी भगवानपुर मय फोर्स घटना स्थल पहुचे। वैसे चचाओं पर गौर करें तो सुनने को मिल रहा था कि मृतक का पत्नी से विवाद चल रहा था। इतना ही नहीं पिछले दिनों मायके वाले उसकी पत्नी को बुला भी ले गए। हालांकि मृतक अपने पीछे दो बेटे व एक पुत्री को छोड़ गया है।



घटना के बाद मौजूद पुलिस

# कुशलतापूर्वक प्रयोग करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स हुए सम्मानित

**कौशाम्बी।** स्ट्रीट वेडर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले नगर निकाय के कर्मचारियों को अपर जिलाधिकारी ने गुरूवार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन-पत्रों को स्वीकृत कराकर लाभार्थियों को ऋण वितरित किय गया, इतना ही नहीं पांच स्ट्रीट वेंडर्स को डिजीटल लेनदेन के लिए क्यूआर कोड भी वितरित किया गया है।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ. विश्राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजनान्तर्गत एक दिवसीय ह्लह्लस्वनिधि महोत्सवह्लह्ल का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद की समस्त नगर निकायों में ठीक प्रकार से डिजिटल लेनदेन का प्रयोग करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स यथा- रिजवान पुत्र छेद्दू, श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र पितम्बर लाल, अमित कुमार पटेल पुत्र अशोक कुमार पटेल, अनिल छोटे लाल, ताहिर पुत्र मो. आलम, योगेश सिंह पुत्र छेदी लाल व अमित कुमार पुत्र अनिल कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले समस्त नगर निकायों के 02-02 कर्मचारियों यथा- नगर पालिका पालिका परिषद् मंझनपुर के कर्मचारी तबरेज, आशीष कुमार सेन कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका पालिका परिषद् भरवारी, मनोज कुमार नायब मोहर्रिर नगर पंचायत अझुवा, मो. आदिल नगर पंचायत करारी, संदीप सिंह, नायब मोहर्रिर नगर पंचायत सराय अकिल, विनोद कुमार, लिपिक नगर पंचायत चायल, बबलू यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पंचायत सिराथू, अंकुश पाडेण्य सर्वेयर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम, मुन्तजीर मेंहदी कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पंचायत चरवा व विक्रम सिंह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पूरब पश्चिम शरीरा को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी परियोजना अधिकारी डूडा मनीष कुमार यादव एवं एलडीएम जितेन्द्र कुमार चैधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



बेंडर्स को सम्मानित करते एडीएम

## गोली मारने वाले युवक पर रासुका की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना के रमसहाईपुर गांव में आठ मार्च को होलिका दहन के दौरान विजय तिवारी को गांव के ही सुजीत कुमार उर्फ बड़ा लाला ने गोली मार दी थी। गोली चलने से अफरातफरी मच गई थी। गांव में तनातनी का माहौल बन गया था। गांव में कई दिनों तक फोर्स तैनात रही। इस मामले में पुलिस ने आरोपित संजीत कुमार उर्फ बड़ा लाला के खिलाफ रासुका की भी कार्रवाई की है।

## बेकाबू डंपर घर में घुसा, मां-बेटी समेत चार घायल

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली में गौसपुर टिकरी गांव के समीप गुरुवार सुबह बेकाबू डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर में घुस गया। डंपर की टक्कर घर की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से आंगन में सो रही मां-बेटी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिराथू कस्बे का डंपर गुरुवार सुबह बालू लेने यमुना घाट जा रहा था। जैसे ही गौसपुर टिकरी गांव के पास सुबह पांच बजे तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे धनपति चैधरी के घर में घुस गया। टक्कर लगने से घर की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से आंगन में सो रही धनपत चैधरी की पत्नी कलावती, बेटी आरती व अनुष्का के साथ ही डंपर चालक सचिन घायल हो गए। हादसे से मौके पर चीख-पुकार सुन गांव के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना के बाद पहुंचे टेंवा चैकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने ग्रामीणों की मदद से मलबा हटवाकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

## किशोरी से दुराचार, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी खेत की ओर गई थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक किशोरी को रोक लिया। इसके बाद उसके साथ दुराचार किया। घर पहुंची किशोरी ने पड़ोसी युवक की करतूत परिजनों को बताई। दूसरे दिन मां के साथ थाना पहुंची पीड़िता ने आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने पीड़िता के मां की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित युवक घर छोड़कर फरार है।

# आगनबाड़ी केंद्र व सार्वजनिक शौचालयों में बंद रहता है ताला

**सरकार की योजना का लाभ न मिलने पर ग्रामीणों में पनप रहा रोष**

**कड़ा ब्लाक के गोविंदपुर ताजमल्हान का मामला**



**दारानगर, कौशाम्बी।** कडाब्लाक के गोविंदपुर ताजमल्हान में इन दिनो समस्याओं का अम्बार है। ग्रामीणों के आरोपों पर जाएं तो बताया गया मक` गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र पर 50 बोझ सरपत रखा हुआ और इसके अंदर लोगों ने गंदगी कर रखी है। ग्राम प्रधान से षिकायत के बाद भी इस पर ध्यान नही दिया जा रहा है। इसी तरह ताजमल्हान में बने सामुदायिक षौचालय में ताला बंद पडा है, जिससे यहां पर लोगो को षौच के लिए खेतो में जाना पडता है। कुछ महिला शिकायतकताओं की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि ग्राम प्रधान द्वारा षौचालय की चाभी एक खास बिरादरी को दे रखी है। ऐसे में उसका फायदा जिम्मेदारी लिए परिवार तक सीमित है। हालांकि यहां पर यह भी देखने को मिला कि जब ग्राम प्रधान व षौचालय की देखरेख करने वाले व्यक्ति के बीच बहस होती देखी गई। ग्राम प्रधान का कहना है कि हम तुम्हें षौचालय की देखरेख का पैसा देते है, जबकि उसका आरोप था कि हमको कभी धन ही नहीं दिया गया। अब सवाल उठता है कि आखिर षौचालय का असली केयरटेकर कौन है, और इसका पैसा घर बैठे कौन खा रहा हैं। बहरहाल यह बड़ी जांच का विषय है, यदि जिलाधिकारी या फिर मुख्य विकास अधिकारी की पैनी निगाह इस ओर चली जाए और इसकी गोपनीय जांच करा लें तो शायद जिम्मेदारों पर कार्यवाही होना तय है। हालांकि लोगों ने इस ओर अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## पासर गैंग के 11 सदस्यों पर लगा गैंगस्टर

**कौशाम्बी।** पासर गैंग के 11 सदस्यों पर गैंगस्टर लगा है। वहीं गो-तस्करी के दो गिरोह भी गैंगस्टर की कार्रवाई में लाए गए हैं। वह दो गैंग रजिस्टर्ड किए गए हैं। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अपराधियों की नकेल कसने के लिए जिले के सभी थानों की पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके लिए बाकायदा एक पखवारे से अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के नोडल अधिकारी एएसपी समर बहादुर थे। एएसपी ने बताया कि अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की लोकेशन देकर वाहनों से वसूली करने वाले पासर गैंग के 11 सदस्यों के खिलाफ महेवाघाट थाना पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। वहीं गो-तस्करी के मामले में चरवा और कड़ा धाम थाना पुलिस ने दो गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इसके अलावा कड़ा धाम पुलिस ने गो-तस्करों व करारी थाना पुलिस ने नकबजनी करने वाले गिरोह को रजिस्टर्ड किया है। अवैध रूप से टेंपो-टैक्सी वालों से रुपया वसूलने वालो पर भी कार्रवाई की है। सैनी, कोखराज और संदीपन घाट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक-एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दबंगों ने चचेरे भाइयों को पीटकर किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवापुर मलाक भायल गांव में दबंगों ने चचेरे भाइयों को पीटते हुए लहूलुहान कर दिया। एक को बाजार से लौटते समय पीटा तो दूसरे को खेत में जाकर। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खोजवापुर मलाक भायल निवासी रणधीर कुमार ने बताया कि उसका बेटा संजीव कुमार बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे सूरज, राजकुमार ने परिजनों व मददगारों के साथ मिल युवक को सरेराह पीट दिया। इसके बाद इंजन से घर लौट रहे हरिश्चंद्र को भी हमलावरों ने सरेराह पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित सूरज, राजकुमार समेत 16 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित धीरज ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने उसकी भी तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# संगठन की मजबूती को साकिपा ने किया बैठक



पार्टी कार्यालय में बैठक करते साकिपा कार्यकर्ता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी नेता अजय सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के जिला स्तरीय तमाम कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती को लेकर परिचर्चा हुई। इस अवसर पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी की मजबूती एवं कार्यकारिणी में सक्रिय लोगों को शामिल करने को लेकर विचार विमर्श किया। लोगो का सुझाव था कि पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकारिणी में सक्रिय लोगो को शामिल किया जाए ताकि पार्टी को आगे ले जाया जा सके। इसी के साथ कई कार्यकताओं ने सुझाव दिया कि जल्द ही पार्टी के तत्वावधान मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कराया जाए जिसमे पार्टी से जुड़े लोगों को बुलाकर पार्टी की मजबूती के लिए सबकी राय सलाह सुनी जाए। साथ ही पार्टी की कार्यकारिणी में फेरबदल कर नए, सक्रिय और ऊर्जावान लोगों को पार्टी के मुख्य पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी के कहा कि जल्द ही पार्टी में नए लोगों को जोड़ने एवं सक्रिय लोगो को कार्यकारिणी में शामिल करने को लेकर एक अलग से रणनीति तैयार की जायेगी और पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, परिहार सिंह लोधी, फूलचंद्र लोधी, पृथ्वीपाल सिंह, जयसिंह पटेल, रंजीत सरोज आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## बारात से लौट रहे युवकों को बदमाशों ने लूटा

**लालगंज।** बारात से लौट रहे बाइक सवार युवकों से दो अलग अलग स्थानों मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीन ली गई। पीड़ित युवकों ने घटना के बावत पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविंदराम गांव का उदयभान शर्मा पुत्र शिव प्रसाद बुधवार को लालगंज के इटैला गांव बारात गया था। बाइक से वापस आते समय रात लगभग एक बजे पूरे गोसाई के पास सड़क पर मौजूद तीन बाइक पर नौ अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने रोककर उसके साथ मारपीट की और 1700 रुपये नगद तथा मोबाइल लेकर फरार हो गये। इसी तरह एक दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के ही डमियार गांव का त्रिभुवन यादव पुत्र रामकृपाल लालगंज के भदारी गांव से वापस बाइक से घर आ रहा था। रास्ते में गजेहड़ी मोड़ के पास दो बाइक से आये छः अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने रात लगभग साढ़े बारह बजे उसको लात घूंसों और हॉकी से मारापीटा तथा उसके मौजूद 2700 सौ रुपये लेकर फरार हो गये। गुरुवार शाम को पीड़ित युवकों द्वारा दी गई तहरीर की पुलिस जांच पड़ताल करने जुटी है।

# विद्युत पोल से टकराई कार, भाजपा नेता की मौत, तीन गंभीर

**पट्टी।** आर्टिका कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। जिसमें भाजपा नेता की मौके पर ही मौत हो गई साथ ही कार सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पट्टी कस्बा निवासी असगर अंसारी अपने पुत्र जीशान अंसारी उम्र (22) तथा रायपुर गांव निवासी इरफान उम्र (25) पुत्र पप्पू के साथ किसी निमंत्रण में शरीक होने देवसरा की तरफ गए हुए थे। जहां से वह वापस लौट रहे थे इस दौरान भाटी गांव के आगे बीबीपुर बारडीह गांव के समीप कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराते हुए सीधे सामने स्थित करीब 50 मीटर दूर अर्जुन के पेड़ में जा टकराई। कार सड़क के किनारे खाई में पलटते हुए खेत में जाकर खड़ी हो गई। इस दुर्घटना में भाजपा नेता असगर अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि कार सवार जीशान अंसारी, इरफान, सीमा पाल पुत्री राम अकबाल पाल निवासी भाटी कला को भी गंभीर चोटें लगी। घटना के बाद जुटी आसपास के लोग एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने भाजपा नेता असगर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। बाकी अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

### मुख्यमंत्री के सामने ली थी भाजपा की सदस्यता

**पट्टी।** भाजपा नेता असगर अंसारी पूर्व में हुए नगर निकाय चुनाव में प्रतापगढ़ जनपद में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने ही भाजपा की सदस्यता ली थी और भाजपा में अपनी सक्रिय भूमिका निभा भी रहे थे जल्द ही उन्हें भाजपा में उच्च पद मिलने की संभावना भी थी।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त भाजपा नेता की गाड़ी व इनसेट में मृतक भाजपा नेता की फाइल फोटो

# शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाये : डीएम

बैठक

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ऋण योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की गयी जिसमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लम्बित प्रकरण पाये जाने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि लम्बित प्रकरण का जल्द निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि उद्यमियों के जो भी आवेदन उद्यान विभाग से निरस्त किये गये है उनकी अलग से समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों/ उद्यमियों को दिया जाये, ऋण पत्रावलियों की विधिवत जांच की जाये, बेवजह ऋण पत्रावली को निरस्त न किया जाये और जो भी पत्रावलियॉं बैंक स्तर पर लम्बित है उसका निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये। उद्यमियों/व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद बेल्हा के बाजारों में जो भी अतिक्रमण किये गये है, एक महीने का अभियान चलाकर बाजारों में अतिक्रमण हटवाया जाये। बैठक में कारखानों के आनलाइन पंजीकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली तो पाया गया कि निवेश मित्र सिंगल विण्डो पोर्टल पर एक भी पंजीकरण नही हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद प्रतापगढ़ में स्थित सभी कारखानों (कारखाना, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स, राइस मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, आटो मोबाइल सर्विस सेन्टर, कोल्ड स्टोरेज, आइस प्लान्ट इत्यादि) के मालिकों अपने कारखाने का निवेश मित्र सिंगल विण्डो पोर्टल के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948 के अन्तर्गत आनलाइन पंजीकरण कराते हुये लाईसेन्स प्राप्त करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन (यू0आर0सी0) अभियान 01 जून से 15 जून 2023 तक अभियान चलाया गया है जिसमें जनपद प्रतापगढ़ के इकाई स्वामी, उद्यमी, व्यापारिक उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर उद्योग/ व्यवसाय/सेवा क्षेत्र इकाईया अपना उद्यम रजिस्ट्रेशन कर लें जिससे सरकार द्वारा संचालित अनेक योजनाओं का भी लाभ पात्रता के आधार पर ले सकेगें। उद्यम पंजीकरण की अधिक जानकारी के लिये उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। जिलाधिकारी ने उद्यमीध्व्यापारियों से कहा कि उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण करा लें जिससे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। जिलाधिकारी ने बैठक में 04 उद्यमीध्व्यापारी क्रमशः गिरीश कुमार पाल, अभिषेक मणि त्रिपाठी, मो0 अनाम व आशीष कुमार को उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट का वितरण किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमियों में रोशन लाल ऊमरवैश्य, मंजीत सिंह छावड़ा, ए0के0 सिंह सहित अन्य उद्यमी/ व्यापारी आदि उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## एसपी ने स्टॉर लगाकर प्रभारी धनाध्यक्ष को किया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली में तैनात प्रभारी कोतवाल कमलेश पाल के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर एसपी सतपाल अंतिल ने गुरुवार को स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। एसपी द्वारा स्टार लगाकर सम्मानित करने के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र तथा एएसपी पूर्वी विद्यासागर व लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी मौजूद रहे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, समाजसेवी विजय मिश्र बॉबी, ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज आदि के साथ बड़ी संख्या में व्यापारियों, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के लोगों ने कोतवाल कमलेश पाल को बुके भेंटकर शुभकामनाएं दी।

संक्षेप

## भगवान के जप से मनुष्य के मन से तृष्णा का होता है अन्त : आचार्य भार्गव मुनीश



**लालगंज।** क्षेत्र के वीरशाहपुर में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी। कथाव्यास आचार्य भार्गव मुनीश जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम जप मे ही मनुष्य तृष्णा से मुक्त हो जाया करता है। उन्होने कहा कि भगवान का स्मरण निरंतर करते रहने पर जीवन दुखों के भवसागर से भी छुटकारा पाकर सुख की अनुभूति किया करता है। आचार्य भार्गव मुनीश जी ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा का मर्म मनुष्य को सत्य के आचरण और अधर्म के मार्ग का परित्याग कर नैतिक पथ पर अग्रसर रहने का शाश्वत संदेश है। कथाव्यास ने भगवान श्रीराधे कृष्ण के लोक अवतार को सृष्टि के लिए सुमंगल का वरदान ठहराया। कथा के दौरान संगीत मण्डली ने सुबह शाम बोलो कृष्णा का मनमोहक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी पहुंचे और कथा व्यास भार्गव जी से लोकमंगल का आर्शीवाद ग्रहण किया। कथा के संयोजक समाजसेवी सत्य नारायण सिंह व उर्मिला ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, प्रेमा सिंह, हरिकेश सिंह, रानी सिंह, सर्वेश सिंह, बडे लाल सिंह, उमा सिंह, पप्पू तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख ददन सिंह आदि रहे।

## मौलाना राबे हसनी नदवी के याद में पेश की खिराजे अकीदत



**प्रतापगढ़।** गुरुवार को कचेहरी निकट स्थित मस्जिद में मरहूम मौलाना हजरत सय्यद मोहम्मद राबे हसनी नदवी की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया।अध्यक्षता मौलाना जफर मसूद हसनी नदवी सचिव नदवतुल उलमा लखनऊ तथा मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना असद उल्लाह नदवी रहे। मौलाना अब्दुल हादी व मौलाना शोएब नदी के देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, इलाहाबाद और प्रतापगढ़ के स्कालस ने मौलाना राबे साहब की जीवन और उनके कार्यों पर मकाला पेश किया। मौलाना के जीवन को अप्रीमल बनाने का अहद किया। अतिथियों ने माला में खिराजे अकीदत पेश किया। कहा मौलाना के जीवन में सादगी एवं नरमी बेमिशाल थी। मौलाना ऑल इंडिया मुस्लिम प्रसनल्ला बोर्ड के अध्यक्ष व नदवतुल इलमा के वॉइस चांसलर और लगभग 30 किताबों के लेखक थे। मौलाना राबे साहब समूच विश्व में भारत की शान थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना फरहान नदवी व मौलाना सलमान नदवी ने किया। अलमंसूर इस्लामिक स्कूल के प्रधानाचार्य मौलाना अनवर नदवी व डाक्टर शमीम अहमद ने अतिथियों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मौलाना इस्तियाक, शारिब नदवी, जियाउर्रहमान नदवी, लुकमान नदवी, एडवोकेट इरफान, गयास नदवी, जफरूल हसन,तस्लीम अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण यात्री विष्णु कुमार मिश्र का राजभैया ने किया स्वागत



**प्रतापगढ़।** वर्तमान समय में प्रकृति को संरक्षित करना अति आवश्यक हो गया है। वृक्षारोपण करना हर मानव मात्र का परम धर्म होना चाहिए। यह बातें पर्यावरण यात्री विष्णु कुमार मिश्र ने कही। कुण्डा तहसील के हथिगवां थाना क्षेत्र के हनुमाननगर निवासी विष्णु कुमार मिश्र ने साइकिल से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों में लगभग दो हजार किलोमीटर की यात्रा की। पर्यावरण यात्री विष्णु ने विद्यालयों, चिकित्सालयों, थानों, चैराहों, गांवों में जाकर लोगों को आगामी वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया। विष्णु के इस पुनीत यात्रा को जनसत्तादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर, बीजेपी के महामंत्री अभिजात मिश्र आदि सैकड़ों जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों ने सराहा है। पुनीत यात्रा से लौटने पर पर्यावरण यात्री का जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजाभैया, नगरपंचायत अध्यक्ष पति शिवकुमार त्रिपाठी व पार्टी के कई पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके अलावां संकटमोचन धाम के महंत बालयोगी जी महराज, बजरंगसेना तहसील अध्यक्ष विवेक महराज ने पूरी बजरंगसेना टीम के साथ यात्री का स्वागत किया। इस मौके पर तपस्विनी माता जी, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुनिल यादव, ज्ञानचंद तिवारी, विमल मिश्र, आचार्य विनय, आनंद कुमार, लवकुश, शुभमत्रिपाठी, अधिवक्ता कुलदीप आदि कई लोग मौजूद रहे।

## अच्छे कार्यों से समाज में मिलता है सम्मान-वन क्षेत्राधिकारी



**प्रतापगढ़।** अचछे कार्यों की बदौलत ही समाज में सम्मान मिलता है। कार्यों के प्रति निष्ठावान रहकर विभाग में सम्मान अर्जित किया। ऐसे सेवानिवृत्त वन दरोगा का सम्मान करना गौरव की बात है। यह बातें गुरुवार को कुंडा वन रेंजर कार्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त वन दरोगा महरानीदीन यादव को सम्मानित करते हुए वन क्षेत्राधिकारी भूपेद्र नाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त वन दरोगा महरानीदीन यादव ने वनविभाग मे प्रशंसनीय कार्य करके वनविभाग का नाम रोशन किया है। हरियाली को कायम रखने के लिए विभाग ने उनके सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर उप वन क्षेत्राधिकारी के पी यादव, विजय प्रताप सिंह, श्रीराम यादव, भैयाराम पांडेय, प्रताप बहादुर सिंह, छोटे खां, शारदा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पीएम स्वनिधि महोत्सव


महोत्सव में सम्मानित लाभार्थी

### विधायक सदर ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) में पीएम स्वनिधि महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान विधायक सदर ने तुलसीसदन परिसर में रेहड़ी पटरी वालों, समूह की महिलाओं एवं विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की। प्रारम्भ में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का शुभारम्भ 01 जून 2020 को किया गया था इसके अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को आजीविका एवं व्यवसाय बढ़ाने के लिये ऋण प्रदान किया जाता है और उन्हें मूलभूत सुविधायें दी जाती है। उन्होने कहा कि कोरोना काल में छोटे-छोटे व्यवसाय द्वारा आय प्राप्त करने वाले वेण्डरोंध्रेहड़ी पटरी वालों ने अपना व्यवसाय खो दिया था उनको पुनः अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिये देश के प्रधानमंत्री जी ने पीएम स्वनिधि योजना से ऋण देकर अपने पैरों पर खड़ा करने का एक जरिया प्रदान किया है। उन्होने कहा कि गरीब तबका जो कारोबार करने का विचार बना रहा है उसके लिये पीएम स्वनिधि योजना वरदान से कम नही है और बिना गारन्टी के ऋण प्राप्त किया जा सकता है। पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका एवं व्यवसाय बढ़ाने हेतु मददगार सावित होगी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं के विषय में जानकारी दी और कहा कि अपने साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये जागरूक करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को 10 हजार रुपए का लोन मिलता है और इस लोन पर सरकार सब्सिडी भी प्रदान करती है। यदि समय से ऋण चुका दिया है तो दूसरी बार इस स्कीम के तहत 20 हजार रुपए का लोन मिल सकता है और ऐसे ही तीसरी बार में वो 50 हजार रुपए का लोन प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि शहरी क्षेत्रों के लोग पीएम स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडाध्उपजिलाधिकारी जितेन्द्र पाल ने उपस्थित जनसामान्य को पीएम स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल शेखर झा ने भी पीएम स्वनिधि एवं बैंकों में संचालित अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। नेहरू युवा केन्द्र के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी तो वहीं राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा पीएम स्वनिधि योजना पर आधारित एक नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर एवं अन्य अतिथियों ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं एवं नेहरू युवा केन्द्र के कलाकारों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण मौर्य सहित डूडा कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेल्हा के कर्मचारी सहित धर्मेन्द्र कुमार ओझा व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

## चेन पुलिंग का आरोपी वेंडर जमानत पर छूटा, जांच शुरू

**प्रतापगढ़।** पदमावत एक्सप्रेस में चेन पुलिंग के आरोपी वेंडर हेमंत को रेलवे कोर्ट से जमानत मिल गई है। घटना की जांच करने आए सहायक कामर्शियल प्रबंधक और सहायक कमांडेंट आरपीएफ ने मामले की जांच करके रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी है। आरपीएफ का कहना है कि वेंडर हेमंत पद्मावत एक्सप्रेस में चेन पुलिंग किया था। जांच करने पहुंचे आरपीएफ सिपाहियों से उसने विवाद कर लिया। आरोप है कि इस दौरान सिपाहियों और वेंडरों से मारपीट भी हुई। जिसमें हेमंत और सिपाही को चोटें आई थी। घायलों का राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज हुआ। घटना की सूचना मिलने पर वाणिजय विभाग और आरपीएफ के अधिकारी जांच करने पहुंचे। टीवी फुटेज मंगाकर देखा गया। पता चला है कि कुछ खास मिला नहीं है। इंस्पेक्टर आरपीएफ और एसएस ने बताया कि हेमंत ने कई बार पदमावत एक्सप्रेस की चेन पुलिंग की थी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

# रिटायर्ड बैंककर्मी का शव मिलने से हड़कम्प


घटनास्थल पर जुटी भीड़ व पुलिस

**लालगंज।** घर से निकले रिटायर्ड बैंककर्मी का शव तीसरे दिन मिलने से इलाके मे हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। लीलापुर थाना के डांडी झलिहन निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी राय साहब सिंह 63 तीस मई को सुबह दस बजे घर से निकले। घर वापस न पहुंचने पर मृतक के पुत्र शिव प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने राय साहब की गुमशुदगी का केस दर्ज किया। गुरूवार को दोपहर गांव के पास दूसरे गांव से मछली मारकर जा रहे लोगों ने संयोगवश कुएं मे झांका तो शव उतराया मिला। लोगों के शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों के सहयोग से शव बाहर निकाला गया तो राय साहब सिंह को मृत देख परिजन बिलख पड़े। मृतक की पत्नी शिवदेवी सिंह का रो रो कर बुरा हाल दिखा। वहीं मृतक अपने पीछे पुत्र शिवप्रताप व शिवपूजन के अलावा बेटी पूजा को भी छोड गया है। हालांकि सभी संतानें विवाहित हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया है। मृतक राय साहब सिंह सहकारी बैंक में रायबरेली जिले के सलोन शाखा मे लिपिक पद से सेवानिवृत हुए हैं। रिटायर्ड होने के बाद वह गांव में परिजनों के साथ रहने लगे।

# बच्चा बैंक के फन पार्क में गोवा और जुहू चौपाटी जैसा मजा

अनूठी पहल

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की अनूठी पहल की हो रही सराहना

**प्रतापगढ़।** अनाथ और जरूरतमंद बच्चे रईस शहजादों की तरह गर्मी में सैर सपाटों का मजा ले सके इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने भंगवा गांव में एक फन पार्क तैयार किया है। जिसमें बच्चे स्विमिंग पूल के ठंडे पानी में तैरने के साथ डुबकी लगा रहे हैं। साथ ही साथ वाटर फाल, झरने, वाटर फ्लाइंग डिश और झूले का मजा ले रहे हैं। तंबू के नीचे काला चश्मा लगाकर जूस पीते बच्चों को देखा जाता सकता है। वहीं बच्चों को हुनरबाज बनाने की कार्यशाला भी आयोजित होती है। समाज के लोग बैंक की इस अनूठी पहल की सराहना कर रहे हैं। मुंबई की जुहू चैपाटी और गोवा बीच के जैसा मजा ऐसे भी बच्चे ले सके जो गांव के मेले में भी पैसे की तंगी के कारण नहीं जा पाते हैं। दूसरे शहर में मेले या किसी सैर सपाटे की उम्मीद भला कैसे कर सकते हैं। ऐसे बच्चे को खुशियां देने उन्हें बड़े घराने के नौनिहालों की तरह ही धमाल मचाने जैसा स्थान मिल सके इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने एक छोटा सा फन पार्क बनाया है। जिसमें बच्चों के खेलने और मनोरंजन के साधन मौजूद हैं।पार्क का मजा लेने गांव गिराव से आ रहे बच्चे और उनके अभिभावक काफी खुश हैं। निखिल, राहुल, अंश कुमार, ओबी, रिया का कहना है कि बच्चा बैंक के फन पार्क में जो मजा है वे बड़े शहरों में कहां। समाजसेवी अश्वनी केसरवानी, डाक्टर मनोज खत्री, रेलकर्मी अनीश, वीके तिवारी, ददन, दिग्विजय, संजय मंतोष, वीरेंद्र बिजनेस मैन विनोद लखमानी अधिवक्त नीरज त्रिपाठी का कहना है कि इस तरह का यह पहला ऐसा पार्क है। जो गरीब बच्चों के लिए निशुल्क है। बीबीएफजी का अच्छा प्रयास है।


फन पार्क में आनंद उठाते बच्चे

### शरबत, पानी सारी चीजें फ्री

फन पार्क में जो भी जरूरतमंद बच्चे आ रहे हैं उन्हें खाने पीने की सभी चीजें फ्री में दी जा रही है। झरने, वाटर फाल और स्विमिंग पूल में नहाने का कोई चार्ज नहीं है। सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने बताया कि पार्क शाम पांच से सात बजे खुलता है। किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है।

### क्राफ्ट में हुनर सीख रहे बच्चे

पार्क में सैर सपाटे ही नहीं बल्कि बच्चों को हुनरबाज बनाने की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें बच्चे हैंडक्राफ्ट, मेंहदी,चित्रकला, पेंटिग के साथ साथ योगा के हुनर भी ट्रेनर रागिनी और दामिनी की देखरेख सीख रहे हैं।

**जनसंपादकीय**

# सोशल मीडिया का खतरनाक खेल

**डॉ प्रियंका सौरभ**



हाल के दिनों में सोशल मीडिया जनमत को प्रभावित करने और समाज में चल रहे प्रचलित विमर्श को प्रभावित करने का एक शक्तिशाली साधन बन गया है। कम कीमत, व्यापक पहुंच, आसान पहुंच और स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली बनकर उभरा है। सोशल मीडिया ने एक दोधारी तलवार की तरह काम किया है जहां इसने एक तरफ लोकतांत्रिक भागीदारी के रास्ते को चौड़ा किया है, लेकिन इसने समाज में नफरत और हिंसा के प्रसार के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। सोशल मीडिया आज हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है तथा अपनी भूमिका निभाते हुए यह समाज और व्यक्तियों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है। 21वीं सदी की पीढ़ी के लिये यह जीवन जीने का एक नया तरीका बन गया है।

तो एक समय था जब लोग एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिलते और बात करते थे और एक-दूसरे को पत्र लिखते थे। लोग अपना ज्यादातर समय परिवार के सदस्यों के साथ बिताते थे और लोग उनके रिश्ते को भी महत्व देते थे इसलिए पहले की पीढ़ियों के साथ यही स्थिति थी। लेकिन आज सब कुछ बदल गया है लोग अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं और अब आप अपने जीवन में मिलने वाले लोगों से दूर रहकर भी आसानी से जुड़े रह सकते हैं और आप उनके जीवन के बारे में भी अपडेट प्राप्त कर सकते हैं और जान सकते हैं कि वे क्या हैं वे जीवन में क्या कर रहे हैं और इस तरह सोशल मीडिया ने समाज के पूरे ढांचे को बदल दिया है।

हम सब जानते हैं कि दिन-रात में चौबीस घंटे होते हैं, और यही घंटे हर इंसान के लिए होते हैं। इन्हीं घंटों का इस्तेमाल हर व्यक्ति करता है। फर्क बस इतना है कि इन घंटों का सही इस्तेमाल करने वालों के पास नतीजे कुछ और निकलते हैं और जो इन घंटों का इस्तेमाल ठीक से नहीं कर पाते उनके लिए भविष्य में परिणाम सुख देने वाला नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि इंटरनेट के विकास और समय के इस हिसाब का आपस में क्या संबंध है। तो इसे ऐसे समझिए कि जिस इंटरनेट के जरिए हम समय बचाने का दंभ भरते हैं, वही इंटरनेट आपके जीवन के समय का बहुत बड़ा हिस्सा ले रहा है। अब यहीं पर यह समझना जरूरी है कि जो समय आप इंटरनेट पर बिता रहे हैं, उसमें से कितना समय आप सही इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत के गांवों में इंटरनेट का इस्तेमाल सबसे ज्यादा बढ़ा है। ऐसा नहीं कि यह इस्तेमाल पूरी तरह से खराब और गलत है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि उसका किस हद तक इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

सोशल मीडिया ने उत्पीड़ित, हाशिए पर पड़े लोगों को आवाज देकर और व्यापक दर्शकों के साथ उनके दृष्टिकोण को साझा करके सार्वजनिक स्थान का लोकतंत्रीकरण किया है। सोशल मीडिया ने खोजी पत्रकारिता, पर्यावरण, प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिक केंद्रित पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में सूचनाओं के तेजी से प्रसार को सक्षम बनाया है। राजनेताओं और सरकारों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग उनकी पहल के लिए समर्थन जुटाने और बहस, विज्ञापन और सामाजिक अभियानों के माध्यम से उनके समर्थन को व्यापक बनाने के लिए किया गया है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को एकत्र करता है और उनका उपयोग उस सामग्री को वैयक्तिकृत करने के लिए करता है जहां व्यक्तियों को एक ही प्रकार की सामग्री से अवगत कराया जाता है जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करने और राय के ध्रुवीकरण में योगदान देता है। नफरत और गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए सोशल मीडिया को कैसे विनियमित किया जा सकता हैः घृणास्पद भाषण और हिंसा को विनियमित करने के लिए सरकार, नागरिक समाज और सामाजिक के बीच प्रभावी प्रवर्तन तंत्र और सक्रिय सहयोग के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की तत्काल आवश्यकता है।

सोशल मीडिया के इस्तेमाल में बोलने की आजादी और जनहित के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। हमारे समाज के सामाजिक ताने-बाने के पुनर्निर्माण के लिए समुदायों और व्यक्तियों के बीच सामाजिक संपर्क को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता है। जैसा कि आप जानते हैं कि हर चीज के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू भी हैं। सबसे पहले इसमें आपका बहुत समय लगता है; आप अंततः अपने परिवार के सदस्यों के बजाय सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत करते हैं और दूसरी बात यह है कि इसने पीछा करने, ट्रोलिंग जैसे बहुत सारे उपद्रवों को भी आमंत्रित किया है जो वास्तव में आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है और लोगों के जीवन को भी वास्तव में खराब कर सकता है इसलिए आपको सामाजिक उपयोग करना होगा मीडिया को बहुत सावधानी से उपयोग करें और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय आपको बहुत सुरक्षित रहने की भी आवश्यकता है।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## चाह



इस दुनियां की सत्ताएं अब / कवियों, शायरों, संगीतकारों को/ सौंप दी जानी चाहिए
ताकि थोड़ा सा प्रेम/ थोड़ा रोमांस/ थोड़ा गायन/ थोड़ा वादन/ थोड़ा नृत्य / बचा रहे
ताकि/ बहेलियों, दुर्दांत शिकारियों, खुदगर्ज/ बुद्धिहीन सत्तानशीनों द्वारा /विदीर्ण की गई
धरती के कलेजे पर/ कुछ मलहम लगाया जा सके।

**- एम जोशी हिमानी, लखनऊ**

## अनाज



अनाज है तो /नाज है/ नाज है तो/ अंदाज है/
होने का/ जो एक पहलू से हो
या अनेक पहलुओं से
अनाज खत्म तो/ नाज खत्म/ आदमी क्या/
आदमी के देश का
अनाज है तो/ राज है/ अनाज है तो/ संतुष्टों का समाज है
सबका साथ है/ और सबके विकास में/ भारी अंतर/ नजरअंदाज है
अनाज है तो/ मकता ताज है/ आँखों के सामने

**- केशव शरण**
**संपर्क 9415295137**

# नेहरू की 'स्वर्ण-छड़ी' उर्फ मोदी का 'सेंगोल'

**समय- संदर्भ**

**रविभूषण**



दस दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह के प्रेस कांफ्रेंस के पहले, तमिलनाडु के शैव मठों के पुरोहितों, वहाँ के विद्वानों आदि को छोड़कर शायद ही कोई सत्यवादी, धर्मनिष्ठ और निष्ठावान, तमिल भाषा के शब्द 'सेम्मई' से उत्पन्न 'सेंगोल'शब्द को अधिक जानता रहा हो। शब्द-प्रयोक्ता की अपनी समझ और दृष्टि भी है।'धर्म'का प्रयोग अधार्मिक, धर्मविरोधी, पाखण्डी और 'सत्य' का प्रयोग झूठा, मक्कार और लबार भी करता है। निष्ठा रहित व्यक्ति भी 'निष्ठा'का प्रयोग करते देखे जा सकते हैं। दस दिन पहले जो शब्द कहीं गुम था, अब वह सबके सामने उपस्थित होकर अपना महत्व प्रदर्शित कर रहा है। कवियों-कथाकारों, लेखकों-बौद्धिकों, विचारकों-बुद्धिजीवियों को कभी इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि, वे ही शब्द-ज्ञाता हैं, शब्दों के उद्धारक-प्रचारक हैं। तमिल यूनिवर्सिटी (तमिलनाडु के सातवें बड़े शहर, तंजावुर में स्थापित)के पुरातत्व के चौंसठ वर्षीय प्रोफेसर एस. राजावेलु के अनुसार तमिल में 'सेंगोल' का अर्थ 'न्याय' है, जो तमिल राजाओं के यहाँ 'सुशासन' ('गुडगवर्नेंस') का प्रतीक माना जाता था। संस्कृत से भी, 'शंकु' से इसका संबंध जोड़ा गया है। 'शंकु' का अर्थ 'भाला', 'कील'और 'दीप की छाया नापने के लिए काष्ठादि की निर्मित बारह अंगुल की नुकीली मापक वस्तु' है। तमिल के पाँच महाकाव्यों -शिलापत्तिकारम, मणि मेकलई, सिवाकाशिंतामणि, वलयापथ और कुंतालाकशी में से 'शिलापत्तिकारम' और 'मणिमेकलई' में 'सेंगोल' का उल्लेख है। संत तिरुवल्लुवर के 'तिरुक्कुरल' मे भी 'सेंगोल' का उल्लेख है। प्राचीन काल में मुकुट धारण करने के बादराजा सिंहासन पर इसके साथ बैठता था।'सेंगोल' का संबंध सिंहासन पर बैठने वाले राजा से रहा है। चोल काल ईसापूर्व 300 से 1279 ईस्वी तक माना जाता है, पर आठवीं शताब्दी में यह विशेष प्रमुख रहा। दक्षिण भारत मेंअनेक राजवंशों का उदय हुआ। राष्ट्रकूट, पल्लव, चोलएवं चालुक्य जैसे महानतम राजवंशों का उदय दक्षिण भारत में आठवीं शताब्दी में हुआ। तेरहवीं शताब्दी के आरंभ में इन महान राजवंशों का सूर्य अस्त हो गया। चोलों का इतिहास संगम युग(ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी से तीन सौ ईस्वी तक) से आरम्भ होता है। संगम युगीन चोल राज्य का प्रथम शासक उरवप्पहरे इलन जेतिसेन्नीथा। प्रारम्भिक चोल सम्राटों में करिकाल महानतम सम्राट था, जिसे 'करिकाल द ग्रेट' कहा गया है। संगम युग के बाद आठवीं शताब्दी में चोल प्रमुख हुए, पर उनका राजनीतिक उत्कर्ष दसवीं शताब्दी के मध्य से हुआ।

चोलकाल में राजाओं के राज्याभिषेक समारोहों में 'सेंगोल' का अधिक महत्व था। इसका संबंध सभी शासकों, राजाओं से है, न कि केवल चोल वंश से। पांड्या आदि ने भी इसका इस्तेमाल किया था।'सेंगोल'इस बात का प्रतीक है कि राजा को देश या अपना साम्राज्य कैसे चलाना चाहिए। आरएसएस के प्रमुख विचारक राम माधव अभी अपने एक लेख 'दि सुप्रीम ऑथोरिटी' (इंडियन एक्सप्रेस, 29 मई 2023) में 'सेंगोल' पर लिखते हुए ग्रीक और मेसोपोटामिया की सभ्यता तक चले जाते हैं। राजदण्ड को राज चिन्ह का एक हिस्सा बताते हैं। वे नार्वे, स्वीडन और यूके में अब भी शाही राजदण्ड के प्रचलन में होने की बात करते हैं और यह लिखना नहीं भूलते कि इसे सितम्बर 2022 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के ताबूत में रखा गया था और किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में यह था।वे यह नहीं लिखते हैं कि आज भारत में न राजा है और न राजतन्त्र। वर्तमान में 'सेंगोल' की इस चर्चा में कुछ विद्वान और इतिहासकार मौर्य, गुप्त और विजयनगर साम्राज्य के समय भी इसके उपयोग और महत्व की बात कर रहे हैं। हाल के समय में एक शब्द या चिन्ह विशेष को लेकर न तो कभी इतनी अधिक चर्चा हुई थी और न लगभग एक सप्ताह तक इतना अधिक मंथन हुआ था। राजगद्दी पर बैठने वाला राजा अपने को सर्वस्व समझता था। कुछ जगहोंपर उन राजाओं द्वारा तीन बार 'अदन्योस्मि' कहे जाने का भी उल्लेख है। अर्थात वह सब कुछ है, उसे कोई दंडित नहीं कर सकता। वह दंड से बड़े हैं। पुरानी रीति में एक संन्यासी शेर वस्त्र पहने अपने हाथ में एक पतली पलाश छड़ी रखे राजा के बगल में खड़ा होता था। वह इस छड़ी से राजा पर तीन बार प्रहार करता थाऔर कहता था 'राजा यह "अदन्योस्मि" अदन्योस्मि' कहना गलत है। 'दण्ड्योसि" दण्ड्योसि' कहना सही है अर्थात तुम भी दण्डित हो सकते हो।

प्राचीन और मध्यकाल के राजवंशों में सत्ता के हस्तान्तरण के समय राजदण्ड के उपयोग का इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक के भारत में क्या कोई अर्थ है पर अर्थ निर्मित किया जा चुका है। तमिल परम्परा में 'सेंगोल' एक पदार्थ न होकर धर्मपरायणता/ न्यायसंगतता का प्रतीक है। तमिल विद्वान और 'इंग्लिश- तमिल डिक्शनरी' (यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास, 2010) के कोशकार, 'सेंगोल वेंडर' के लेखक ए. चिदम्बरनथ्यन चेट्टियार के अनुसार सेंगोल राजा का एक गुण है, जिसका वह पालन करता है, न कि वह उसे प्राप्त एक पदार्थ है। उन्होंने लिखा है कि प्राचीन तमिल राजा सही न्याय एवं धार्मिकता की कोशिश सुशासन के लिए करते थे। बी. कोलप्पन ने अपने लेख 'ए सिम्बॉल ऑफ वर्च्यू: सेंगोल' में कलाईकोवन का उल्लेख किया है, जिनके अनुसार सैंगोल का समय राजाओं के समय का है। जनता द्वारा निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार में इसकी कोई भूमिका नहीं है।

'सेंगोल' नैतिकता, शुद्धता, सदाचारिता ईमानदारी, न्यायनिष्ठा आदि का प्रतीक है। बाद में यह अधिकार और शक्ति का भी प्रतीक बन गया। यह साम्राज्य के दस घटकों झ ढोल, सेना, नदी, पहाड़, फूलों का हार, हाथी, घोड़ा उजला छाता के साथ था। भिन्न साहित्यिक कृतियों में इनमें से कई घटकों का उल्लेख है। बी. कोलप्पन ने इस लेख (द हिन्दू, 28 मई 2023) में सेंगोल या राजचिन्ह के महत्व के संबंध में चेर सम्राट चेरन सेन गुट्टुवन के द्वारा सामान्य आदमी एवं स्त्री (नायक-नायिका) के संबंध में तमिल के प्रथम महाकाव्य 'सीलप्पदिकारम' में कही गई बातों का उल्लेख किया है। 'सीलप्पदिकारम' महाकाव्य में 'न्याय' का प्रश्न प्रमुख है। तमिल का यह प्रथम महाकाव्य चोल वंश के शासक सेन गुट्टुवन के भाई इलांगों अडिगल द्वारा ईशा की दूसरी-तीसरी शताब्दी में लिखा गया है। इलांगों अडिगल जैन भिक्षु कवि थे। इस महाकाव्य में कोवलन और कन्नगी (कण्णही) की कथा कही गयी है। अमृत लाल नागर ने इसी के आधार पर 'सुहाग के नूपुर' लिखा और राधा वल्लभ त्रिपाठी ने 'सौभाग्य नूपुर' की रचना की। एक षड्यन्त्र से कोवलन पर रानी के नूपुर की चोरी का आरोप लगाया गया, जिसमें कई षड्?यंत्रकारी शामिल थे। न्यायकर्ताओं और राजा ने उसे मृत्युदण्ड की सजा दी । कोवलन को शूली पर चढ़ाए जाने के बाद मदुरै के राजा-रानी को प्राण त्यागने पड़े। मदुरै के राजा पांडियन नेदुनचे झियान की मृत्यु का समाचार सुनकर चेरन सेन गुट्?टुवन ने कहा कि राजा पांडियन ने अपने प्राण देकर सेंगोल की धार्मिकता बहाल की, जो अन्याय के कारण झुक गया था। पांडियन सिंहासन से गिरा था। यह महसूस करने के बाद कि उसने भूल से कोवलम को, जो नायक और कण्णही का पति था, मृत्युदण्ड का आदेश दिया। राजा ने अपने प्राण त्यागे। अपनी मृत्यु के पहले वह बोला - 'क्या मैं राजा हूँ? मैं एक चोर हूँ।' इससे अधिक 'सेंगोल' का अर्थ और महत्व और कुछ नहीं हो सकता।

तमिल के आरंभिक व्याकरण 'थोलकप्पियम' में भी सेंगोल का संदर्भ है। 'राजमणिकणार इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्टोरिकिल रिसर्च' के संस्थापक आर. कलाई कोवन के अनुसार सेंगोल राजा के उचित और निष्पक्ष गवर्नेस का प्रतीक है। इसका विलोम अधिनायकवाद है - तमिल में ' कोडुन्गल'। कलाई कोवन के अनुसार शिलालेखों के संदर्भ में सेंगोल शब्द प्राप्त होता है, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है कि यह सदैव राजाओं के हाथ में होता था। राजा के हाथ में इसके होने का विचार बाद का है। तमिलनाडु में राजनीतिज्ञों द्वारा अपने नेताओं को कुछ इस प्रकार का चिह्न आदर स्वरूप देने का चलन भी है। तिरुवल्लुवर की महान मुक्त काव्य-रचना 'तिरक्कुरल' के कुल 1330 कुरल (छोटे दोहे) में से 543 से 550 कुरल में 'सेंगोल' का किसी न किसी रूप में उल्लेख है। 543वें कुरल में कहा गया है कि राजा का राजदण्ड ब्राह्मण के वेदों और वहाँ वर्णित सभी गुणों के समर्थन में है। इक्कीसवीं सदी का भारत वेदोन्मुख एवं ब्रह्मणोन्मुख क्यों हो रहा है?

'सेंगोल' के बारे में सरकारी स्तर पर जो मिथ्या प्रचार किया गया है, उसका न कोई आधार है, न ठोस प्रमाण। इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि नेहरू को यह सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में दिया गया था। वित्त मंत्री ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में जिन कुछ पुस्तकों का उल्लेख किया, उनमें से किसी में भी 'सेंगोल' का कोई जिक्र नहीं है। ब्रिटिश इतिहासकार पेरी एंडरसन (11.9.1938) की पुस्तक झ'द इंडियन आइडियोलाजी' (2012), यास्मीन खान (1981) की पुस्तक 'द ग्रेट पार्टीशन : द मेकिंग ऑफ इंडिया एण्ड पाकिस्तान' (2007), अंबेडकर (14.4.1891-6.12.1956) की पुस्तक 'थॉट्स आन लिंग्विस्टिक स्टेट्स' (1955) में से किसी पुस्तक में सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक-रूप में नेहरू को 'सेंगोल' दिए जाने का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। भारतीय इतिहासकार और 'सेलेक्टेड वर्क्स ऑफ जवाहर लाल नेहरू' (44वें खंड से 85वें खंड के संपादक) माधवन के पालट भी इसका कोई प्रमाण नहीं पाते। प्रेस कांफ्रेंस में वित्त मंत्री से इसके प्रमाण पूछे जाने पर केवल यह जवाब मिला था - 'ऐज मेनी डॉक्यूमेन्ट्री प्रूफ' झ उनके दस्तावेजी साक्ष्य में किताबों की संदर्भ-सूची, लेख मीडिया रिपोर्ट आदि हैं, जिसमें लोगों के ब्लॉग पोस्ट्स और सोशल मीडिया भी है, पर अभी तक किसी ने इस राजदण्ड (सेंगोल) को सत्ता हस्तान्तरण के रूप में कोई सही साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी चित्र में प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के हाथ में थामे 'सेंगोल' का कोई आधिकारिक प्रमाण नहीं है। लैरी कॉलिन्स एवं दामिनिक लैपियर ने 'फ्रीडम ऐट मिडनाइट' (1975, हिन्दी अनुवाद : मनहर चौहान, गाइड प्रकाशन, अहमदाबाद, नई दुनिया प्रेस, इन्दौर, 1976) में 'नई दिल्ली : 14 अगस्त 1947' उपशीर्षक (पृष्ठ 194) में लिखा है - मद्रास के नटराज मंदिर से पीताम्बर एवं अन्य पवित्र वस्तुएं लेकर जो साधु दिल्ली आए थे, उसका भव्य जुलूस यार्क रोड के सत्रह नम्बर के सादे बंगले की ओर बढ़ रहा था, ताकि उस व्यक्ति को ईश्वर का आशीर्वाद दिया जा सके, जिसे ईश्वर पर बिल्कुल विश्वास नहीं था और जो कुछ ही घण्टों बाद इस देश का कर्णधार बनने जा रहा था... उन संन्यासियों ने (नेहरू को) पीताम्बर पहनाया, अन्य पवित्र वस्तुओं से विभूषित किया, उसके मस्तक को राख और तिलक से सान दिया।श लेखक द्वय ने 'नास्तिक और तर्कवादी' नेहरू द्वारा संन्यासियों द्वारा दी गयी श्ईश्वरीय वस्तुओं के ग्रहण' को 'उतना रहस्यमय' नहीं माना है। लिखा है झ 'जो विकट समस्याएँ आगे आने वाली थीं,उनका निश्चित आभास जवाहर लाल नेहरू ने अवश्य पा लिया था और वह जानते थे कि उन्हें हल करने के लिए प्रत्येक उपलब्ध साधन का पूरा-का-पूरा इस्तेमाल करना होगा, चाहे वह साधन 'अध्यात्म' ही क्यों न हो, कि जिस पर स्वयं उन्होंने कभी विश्वास नहीं किया'। 'फ्रीडम ऐट मिडनाइट' में भी नेहरू को 'सेंगोल' या 'स्वर्ण दण्ड' दिये जाने का कोई उल्लेख नहीं है, पर यह झूठ सर्वत्र फैला दिया गया है कि 'अंग्रेजों से भारतीयों को सत्ता के हस्तान्तरण को चिन्हित करने के लिए 'सेंगोल' को पहले प्रधानमंत्री नेहरू को सौंप दिया गया था।'

नेहरू के हाथ में धारण किये गये 'सेंगोल' का जो चित्र जारी किया गया है, उसे 'स्पेशल अरेंजमेंट' से जारी बताया गया है। इस चित्र का कोई प्रमाण नहीं है। तमिलनाडु के मइलादुथराई के कुथलम तालुक के चिरूवदुथुरई शहर में स्थित चिरूवदुथुरई अधीनम एक शैव मठ है। सी. राजगोपालाचारी (10.12.1878-25.12.1972) इस मठ के 'उत्साही अनुयायी' थे। इसका प्रचुर प्रमाण है कि इस अधीनम के मुख्य पुजारी श्री ला श्री अम्बालवना पंदरासन्नघी स्वामिगल ने नेहरू को राजदण्ड भेंट करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। यह कहा जाता है कि उस समय 'तेवरम' के तीन प्रमुख कवियों-सबंदर, अप्पर और सुन्दरार के काव्यांशों का भी पाठ किया गया था। पुष्ट प्रमाण इसके भी नहीं हैं। पर ये कवि नयनार संत कवि हैं। अप्पर ने अपनी एक कविता में कहा है - "हम किसी की प्रजा नहीं है/हम धर्म के इस नरक में/अब और नहीं रह सकते/हम किसी भ्रम में रहना नहीं चाहते/हमें गर्व है कि समझ गए हैं/बुराइयां क्या हैं/हम किसी के आगे झुकेंगे नहीं/उदासी के लिए अब कोई जगह नहीं/...हम भगवान शिव के सेवक हैं/किसी की प्रजा नहीं।" अनुमान किया जा सकता है कि अगर नेहरू के समक्ष अप्पर कि कविता का अंश पढ़ा गया होगा, तो यह अंश नहीं रहा होगा। नये संसद भवन के उद्घाटन-दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष के आसन के बगल में 'सेंगोल' को प्रधानमंत्री ने स्थापित कर दिया है। उन्होंने इसे साष्टांग प्रणाम भी किया। भाजपा के सी.आर.केसवन साफ शब्दों में अपने एक लेख (द इंडियन एक्सप्रेस, 27 मई 2003) में संसद में 'सेंगोल' को 'धर्म के शासन का प्रतीक' कह रहे हैं और द्रमुक नेता टी के एस इलगोवन कह रहे हैं कि 'सेंगोल' राजशाही का प्रतीक था, न कि लोकतंत्र का। यह राजनीतिक दलों द्वारा नहीं, बल्कि मठ द्वारा दिया जाता है।



द्रमुक के संस्थापक और तमिलनाडु के प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री कांजीवरम नटराजन अन्नादुरै (सी एन अन्नादुरै) का 24 अगस्त 1947 को तमिल साप्ताहिक 'द्रविड़नाडु' में नेहरू और 'सेंगोल' से संबंधित एक लेख प्रकाशित हुआ था। अपने इस लेख में अन्नादुरै ने तीखी आलोचना की थी और यह सवाल किया था कि 'थिरूवदुथुरई अधीनम' ने पंडित नेहरू को 'सेंगोल' क्यों दिया? 'क्या यह एक उपहार था? एक प्रसाद था? एक लाइसेंस फी' थी? अन्नादुरै ने इसे 'अनावश्यक' कहा था और इसमें, इस संकेत में उन्होंने एक गंभीर अर्थ' देखा था। उन्होंने खतरे के बढ़ने की बात भी कही थी। उन्होंने अपने उस लेख में नेहरू के लिए जो कुछ शब्द कहे थे उसे पढ़ा-समझा जाना चाहिए पर 'सेंगोल' की व्यापक चर्चा में अन्नादुरै के इस लेख का बहुत कम जिक्र है, जो 'द सेंगोल डज नाट बोड वेल' शीर्षक से वी गीता द्वारा अनूदित रूप में (इंडियन एक्सप्रेस, 29 मई 2023) प्रकाशित है। अन्नादुरै ने नेहरू को दिये अधीनम के उपहार (एक स्वर्ण छड़ी के रूप में इलाहाबाद म्यूजियम में सुरक्षित और 4 नवम्बर 2022 से नेशनल म्यूजियम में मौजूद) को लोगों के श्रम से जोड़ा, इसके स्वर्ण-मूल्य को उनके द्वारा दिये जाने की बात कही जिन्हें रात-दिन भूखे रहने वाले गरीबों की कोई चिन्ता नहीं है, जो दूसरों के धन का दुरूपयोग करते हैं, ईश्वर को धोखा देते हैं। अन्नादुरै ने इस राजदण्ड को स्वीकार किये जाने को शरीर और मस्तिष्क का शोषण करने वाले लोगों से जोड़ा है। उन्होंने लिखा कि यह नेहरू को प्रेम-प्रतीक के रूप में दिया गया उपहार नहीं है और न यह राष्ट्र प्रेम की अभिव्यक्ति है। बड़ी बात उन्होंने यह कही कि भारत के भविष्य के शासकों से किया गया यह आग्रह है कि वे अधीनम की सम्पत्ति न लें। इसे देकर शासक से अधीनम अपनी मैत्री स्थापित करना चाह रहा है, जिससे वे सुरक्षित रह सकें। इन 'तपस्वियों' के अधिकार में जितना स्वर्ण है, इसे जब्त कर सब की भलाई में खर्च किया जाय तो यह राजदण्ड एक सजावटी प्रतीक के रूप में बंद हो जाएगा और सामान्य लोगों के जवीन को विकसित करने का साधन बन जाएगा।

नेहरू ने राजदण्ड (एक स्वर्ण छड़ी) को एक उपहार के रूप में ग्रहण कर इलाहाबाद संग्रहालय में रखवा दिया। आज नेहरू से दो प्रकार के लोगों को शिकायतें हो सकती हैं। पहली यह कि उन्होंने उस समय हिन्दू धार्मिक रीति को महत्व क्यों दिया, जब कि वे 'सेकुलर' थे। 1920 के दशक से ही ऐसे कांग्रेसी कम नहीं थे, जो गहरे रूप से हिन्दू सभा से जुड़े थे। आजादी के पहले नेहरू द्वारा धार्मिक रीति-रिवाजों के बिल्कुल परहेज से कांग्रेस के भीतर जो तूफान आता, उसकी हम आज कल्पना नहीं कर सकते। दूसरी शिकायत अन्नादुरै की है क्योंकि नेहरू की छवि 'समाजवादी' की थी। उस समय नेहरू यह रास्ता अपना नहीं सकते थे। देश में तब आग लगी हुई थी और नेहरू मजबूर थे। तमिलनाडु के शैव मठों के पास आज भी सैकड़ों करोड़ों की सम्पत्ति सुरक्षित है। देश के मंदिरों में प्रतिदिन करोड़ों रुपये चढ़ाये जाते हैं।

संसद भवन के उद्घाटन के बाद अब भारतीय लोकतंत्र और संविधान क्या मात्र कहने के लिए है? 'सेंगोल' का अगर 'न्याय' से संबंध है, तो न्यायपालिका किसलिए है? जिस 'न्यू इंडिया' की बात बार-बार कही जाती है, वह 'हिन्दू इंडिया' है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री का चित्र शैव मठों के प्रमुखों के साथ है। 21 शैव मठों के प्रमुख की उपस्थिति और 21 विपक्षी दलों द्वारा किया गया बहिष्कार! क्या अद्भुत संख्या-संगति है। संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की अनुपस्थिति का अर्थ क्या संविधान की अवमानना से नहीं है? अब संविधान नहीं, सेंगोल महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने अपने को बार-बार जनता का सेवक कहा है। क्या सेंगोल का आगमन हिन्दू राष्ट्र का आगमन है? यह सब तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के पहले और आरएसएस की जन्मशतवार्षिकी के पहले का दृश्य है।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# पहलवानों का आन्दोलन और कुछ जलते सवाल

**प्रसंगवश**

**जयप्रकाश नारायण**



28 मई पहलवानों के आंदोलन का 36 वां दिन था। इसी दिन नई संसद का लोकार्पण होने जा रहा था। सुबह से ही संसद भवन की भव्यता, उसकी वास्तुकला, मोदी और संघ के भावी भारत के विजन और हजारों विशेषताओं व खूबियों के साथ मोदी की महानता की अनंत गाथाएं मीडिया संस्थानों, चैनलों से अनवरत प्रसारित की जा रही थी। जब संसद का भव्य समारोह चल रहा था, उससे कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही भारत के मेडलिस्ट धरनारत महिला पहलवान संसद के समक्ष महिला पंचायत करने के लिए सड़कों पर मार्च करने की कोशिश कर रही थीं। और जो हुआ, वह देश-दुनिया के सामने है। जगह-जगह किसान नेताओं और महिलाओं को आने से रोका जाने लगा। सिंधू, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर बैरिकेडिंग की गई। महिला सम्मान पंचायत में भाग लेन के लिए आने वाले किसानों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई की गई। महिला पहलवानों के साथ जो कुछ हुआ, वह मोदी के अमृत काल में 75 वर्ष के लोकतांत्रिक भारत के इतिहास का सबसे क्रूर अमानवीय कृत्य था। महिला पहलवानों को घसीटा गया, पीटा गया, अपमानित किया गया । उनके कैंप को हटा दिया गया और उन्हें अलग-अलग थानों में बंद कर मानसिक रूप से उत्पीड़ित किया गया है।

महिला पहलवानों के धरने के पीछे कौन से जलते हुए सवाल हैं जिनको लेकर ओलंपिक एशियाई और कॉमनवेल्थ में स्वर्ण पदक से लेकर अनेकों पदक दिलाने वाले महिला पहलवान अन्य पहलवानों के साथ धरने पर बैठी हैं। उनके सवाल बहुत सीधे हैं। कोई घुमावदार उलझी हुई कहानी नहीं है जिसकी सच्चाई तक पहुंचने में अमित शाह की पुलिस को चार-पांच महीने लगा देने पड़े। उनके सीधे सवाल हैं कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष स्वनामधन्य बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पहलवानों ने कहा था कि पिछले 10 वर्षों से वह हम महिला पहलवानों को नोच खाए जा रहा था। लेकिन हम कुछ न कर पाने में मजबूर थे। हम पीड़ित महिला पहलवानों के साथ बैठकर थोड़ा रोकर हल्के हो लेते थे। लेकिन अब पानी सर के ऊपर बह रहा है । इसलिए हम आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे कोई दुसरा ऐसा उनके साथ कभी न कर सके। हमें मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा। कुश्ती संघ के अध्यक्ष को अगर कोई इंसानियत के किसी भी पहलू से तौलने कि कोशिश करता है तो मुझे लगता है कि वह व्यक्ति इंसानियत के सामान्य वसूलों और मूल्यों से पूर्णतया अनभिज्ञ है। साथ ही वह किसी खतरनाक मनुष्य विरोधी विचारधारा से प्रेरित भी है ।

इसलिए महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रथम दृष्टया किसी भी तरह की शंका इसलिए नहीं होती कि उन्होंने किसी निजी उद्देश्य से ऐसा कदम नहीं उठाया है । जो लोग देवीपाटन और अयोध्या मंडल में बृजभूषण शरण सिंह के बारे में आमजन में फैली हुई धारणाओं और कारनामों के बारे में जानते और समझते हैं, उन्हें निश्चय ही पहलवानों के भविष्य और जिंदगी को लेकर गंभीर चिंताएं सता रही होंगी। पिछले 12 वर्षों से कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ने अपने अनुरूप जो ढांचा खड़ा किया है आने वाले समय में उसकी जड़ों को मिटाना खेल संघों के लिए बहुत मुश्किल होगा। हम नहीं जानते कि भारतीय ओलंपिक संघ के संपूर्ण परिक्षेत्र में कितने और भूषण पल बढ़ कर मोदी सरकार के संरक्षण में सुरक्षित खेल खेल रहे हैं। लेकिन कम से कम 7 महिला पहलवानों ने आगे आकर यह तो बता ही दिया कि मोदी राज के अंदर संस्थानों के भीतर किस तरह की घिनौनी और बर्बर घटनाएं घटित हो रही हैं। सबसे पहले महिला पहलवानों को सलूट किया जाना चाहिए कि एक कठिन दौर में उन्होंने जिंदगी को दांव पर लगाकर अपने साथ हुए अन्याय को राष्ट्र के समक्ष उजागर करने का साहस किया।

हम सभी जानते हैं कि भाजपाइयों पर बलात्कार की शिकार महिलाओं के साथ गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश तक क्या क्या क्रूरतायें बरपा करने के आरोप हैं। हम सिर्फ उन्नाव की बेटी के साथ कुलदीप सेंगर द्वारा की गई श्रृंखलाबद्ध अपराधों की फेहरिस्त को देखते हैं तो कलेजा दहल जाता है । लड़की और उसके परिवार को तबाह कर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सरकार द्वारा बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छोड़कर भारत की उन सभी बेटियों को और बलात्कारियों अपराधियों को एक संदेश दिया था कि जो बेटियां बलात्कार और क्रूरता का शिकार होंगी उन्हें कभी न्याय नहीं मिलेगा। ऐसे अपराधियों को किसी तरह की सजा नहीं दी जाएगी। भाजपा सीना तान कर बलात्कारियों के साथ खड़ी है । सोचता हूं कि कोई साहसिक फिल्मकार कुश्ती महासंघ की आंतरिक गाथा, उन्नाव हाथरस और कटुआ की घटना पर फिल्म बनाये तो वह फिल्म कश्मीर फाइल्स और केरला स्टोरी से कई गुना यथार्थवादी और भारत के लोकतंत्र के लिए समर्पित फिल्म होगी। उससे भारतीय समाज के अंदर मौजूद मर्दवादी हिंदुत्व का असली चेहरा नंगा होकर सामने आ सकता है। मोदी राज की सच्चाई को समझते हुए महिला पहलवानों ने हजार बार सोचने के बाद ही आंदोलन पर जाने का फैसला किया होगा। वे आंदोलन के कारण जटिल होने वाली परिस्थितियों और उनके सामने मोदी सरकार द्वारा खड़ी की जाने वाली मुसीबतों की भयावहता से पूर्णतया वाकिफ रही होंगी।

हो सकता है कि उन्हें यह भ्रम रहा हो कि जब वह पदक जीतकर भारत लौटी थी तो प्रधानमंत्री ने किस तरह से उन्हें नाश्ते पर बुलाकर उनका स्वागत किया था और हौसला अफजाई की थी। उस समय उनके हाव-भाव से ऐसा लग रहा था कि पहलवानों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। इसलिए उन्हें उम्मीद रही होगी कि प्रधानमंत्री जी उनके दर्द को समझेंगे । इधर कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री जी मुस्लिम महिलाओं के दर्द से द्रवित होते दिख रहे थे। इसलिए यह भी सोचा होगा कि वे हिंदू बेटियां हैं, दूसरे भारत का सम्मान विश्व मंच पर ऊंचा करके लौटी थीं। शायद उन्हें यह नहीं मालूम था कि मोदी खुद कह चुके हैं कि वे दूसरी मिट्टी के बने हुए हैं। इसलिए जब वह दोबारा धरने पर वापस लौटी तो शायद सब कुछ समझ चुकी थी। पहलवानों ने भविष्य में महिला कुश्ती में आने वाली बेटियों के इज्जत और सम्मान के साथ खेल संघों में व्याप्त अमानवीय स्थितियों से लड़ने का फैसला किया और उन्होंने खेल संघों में लोकतंत्र को बचाने की सबसे लंबी और कठिन लड़ाई के मोर्चे पर जाने का निर्णय लिया होगा। वे बिके हुए मीडिया व प्रचारतंत्र और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाए जाने वाले गंध और पुलिस के दुरुपयोग की समस्त संभावना पर विचार करने के बाद ही आंदोलन के मैदान में वापस आयीं।

कुछ तथ्य - विनेश फोगाट ने मीडिया को बताया की सितंबर में उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलकर बृजभूषण के कारनामों के बारे में बताया था। उनका कहना है कि दो बार प्रधानमंत्री जी को कुश्ती संघ में चल रहे बच्चियों के यौन उत्पीड़न के बारे में अवगत करा चुकी है । दूसरा- उनका कहना है कि जब मैंने प्रधानमंत्री जी को इस मामले में जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि 'मैं हूं ना चिंता करने की जरूरत नहीं है।' लेकिन ठीक दूसरे दिन से ही कुश्ती संघ के अध्यक्ष की तरफ से उनके परिवार को धमकियां मिलने लगीं।

अभी कुछ समझने के लिए और बाकी था क्या? किसने बृजभूषण को पहलवानों की शिकायत से अवगत कराया। प्रधानमंत्री, खेल मंत्री या किसी अधिकारी ने । अगर इसकी जांच हो तो बहुत ऊपर तक इसके लिंक जाएंगे । अभी तक बृजभूषण खुला घूमता हुआ महिला पहलवानों के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी कर रहा है। उसके पीछे खड़ी ताकत को देखने की जरूरत है। यह स्पष्ट है कि कुश्ती संघ में जो कुछ हो रहा है, उससे मोदी सरकार पूरी तरह से वाकिफ है । यही नहीं सरकार के अंदर एक ऐसा नेटवर्क मौजूद है जो जगह-जगह महिलाओं के खिलाफ इस तरह के कुकृत्य में पूरी तरह से संलग्न रहा है। बच्चे बच्चियों के भविष्य के साथ घिनौना खेल के बारे में विनेश फोगाट से जब पूछा गया कि इस तरह की शिकार कितनी लड़कियां हो सकती हैं। तो उन्होंने कहा क्या बताऊं, एक दो तीन की बात नहीं ज्यादा हो सकती हैं।

यह सुनकर मेरी जेहन में वे दो घटनाएं घूम गई थी कि दो प्रचारक दो राज्यों के राज्यपाल बनाए गए थे। उन्होंने राजभवन को ही हरम में बदल दिया था। वीडियो सामने आने के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। लेकिन उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

तीसरी घटना संभवत 2016 के लखनऊ कैंप की है ।जहां सुमन कुंडू (राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट) प्रशिक्षण के लिए गई हुई थी । उनके पति जो फिजियोथैरेपिस्ट हैं उन्हें कुश्ती महासंघ ने वहां बच्चों को थीरैपी देने के लिए एसाइन किया था। पहले तो कुछ दिन उनके समझ में बातें नहीं आई । बाद में उन्हें लगा कि कैंप में कुछ गंभीर घटित हो रहा है जिसमें कोच के कर्मचारी और भाजपा नेता के करीबी शामिल हैं। कोच सहित सभी लोग बच्चियों को बहला-फुसलाकर भविष्य के स्वर्णिम सपने दिखाकर नेता जी से मिलने के लिए उनके पास ले जाते थे । आमतौर पर यह काम रात के समय होता था। सुबह बच्चियां बहुत बुरी स्थिति में वापस लौटती थी। मुहावरा है कि 'अपराध छुपाए नहीं छुपता। अपराधी कोई न कोई निशान छोड़ जाता है।' आधुनिक प्रशिक्षित अपराधी भी इससे बच नहीं सकते।

फिजियोथैरेपिस्ट मालिक ने इसकी शिकायत कोच और कैंप के अधिकारियों से की। लेकिन सभी की नजरें इनके खिलाफ टेढ़ी होती गई। वही स्वयं अवांछनीय तत्त्व के रूप में देखे जाने लगे। बच्चियों की हालत देखकर जब वह अंततोगत्वा हार थक गए तो उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर सारी घटना को प्रेस के समक्ष रख दिया । परिणाम गंभीर हुआ। उन्हें उनकी पत्नी सुमन कुंडू सहित (जो राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलने के लिए पूरी तरह से हकदार थी) सुबह कैंप से बाहर कर दिया गया। इसके बाद किसकी हिम्मत होगी कि वह शिकायत करे। इसके बाद 10 वर्षों से अपराधी स्वच्छंद होकर अगला शिकार तलाशते रहे हैं।

अभी विनेश फोगाट ने 4 दिन पहले आरोप लगाया कि बृजभूषण जब राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ जाते थे तो अपना कमरा लड़कियों के कमरे के बगल में ही बुक कराते थे। कभी-कभी एक कमरे में आठ-दस लड़कियां सुबह रोती मिलती थीं।

ये कुछ चंद घटनाएं हैं जो कुश्ती संघ के अध्यक्ष के कारनामों कोअभिव्यक्त करने के लिए काफी है। फोगाट ने कहा कि हम सब लोग उस समय साथ रोकर अपना गम हल्का कर लेते थे।

संघ की महिला दृष्टि-संघ से जुड़े साधु संत यहां तक साध्वियां और नेता तक महिलाओं को लेकर समय समय पर अनर्गल प्रलाप किया करते हैं । औरतों के कपड़े, खाने पीने के तरीके, परिवार के साथ रिश्ते, उनके जीने की आजादी और यहां तक कि बच्चा पैदा करने के उनके निजी जीवन तक के बारे में उनके 'अमृत वचन' सामने आते रहते हैं। जब धर्म संसदो में कथित धमार्चार्यों द्वारा हिंदू महिलाओं को चार-चार बच्चा पैदा करने की सलाह दी जाती है तो किसी सांस्कृतिक संघी की भावना आहत नहीं होती। और इन संतों के खिलाफ कोई केस फाइल नहीं होता। हिंदुत्व के पूरे दर्शन में ही महिला कहीं से बराबरी की हकदार नहीं है।



हर धर्म में लगभग यही स्थिति होती है। महिलाएं वहां पुरुषों की सेवक, सहचरी, अनुगामी अंततोगत्वा पुरुष की निजी संपत्ति में बदल दी जाती हैं। संघ की विचार प्रक्रिया की संपूर्ण चेतना में महिलाओं की अधीनता बहुत बारीकी से अंतर्निहित है। इसलिए यह उम्मीद करना यौन उत्पीड़न पर यह सरकार कोई कार्रवाई करेगी खुद को मुगालते में रखना होगा।

हम जिस सामाजिक जमीन पर खड़े हैं, उसमें महिलाओं को अपने अधिकार हासिल करने के लिए एक-एक इंच लड़ना पड़ता है। संपन्न और सक्षम महिलाओं की जब यह स्थिति है तो आप कल्पना कर सकते हैं कि दलित, मजदूर, आदिवासी महिलाओं के साथ सरकार, पुलिस और संघ के मोरल पुलिसिंग वाले क्या-क्या करते होंगे। महिलाओं को स्वतंत्रता, राजनीतिक बराबरी, समानता और न्याय हासिल करने के लिए सैकड़ों वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा है। तब जाकर सिर्फ राजनीतिक बराबरी का अधिकार मिला। हमारा सामाजिक ढांचा हिंदुत्व की वर्ण व जाति व्यवस्था पर आधारित है जो स्वयं में ही लोकतंत्र विरोधी ढांचा है। इसको खत्म किए बिना महिलाओं को पूर्ण आजादी मिल पाना संभव नहीं होगा। शक्ति संपन्न बृजभूषण शरण सिंह इस बात से आश्वस्त हैं कि संघ नीति और मोदी सरकार के रहते उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

किसी लोकतंत्र के दो मौलिक आधार होते हैं । एक- महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना। दो - अल्पसंख्यकों, दलित और कमजोर वर्गों की सुरक्षा तथा विविधताओं को सम्मान देना । 28 मई को दोनों को रौंदा गया। मोदी राज ने इन दोनों बुनियादी प्रस्थापनाओं को कूड़ेदान में फेंक दिया। चोल वंशी हिंदू राजा के (एक डंडा) राजदंड को लोकसभा में प्रतिस्थापित करते हुए और महिला पहलवानों को संसद जाते हुए सड़क पर घसीट कर जेलों में बंद करते हुए मोदी सरकार ने ऐलान कर दिया कि लोकतांत्रिक भारत की अंतर्वस्तु आज से खत्म की जाती है । अब संविधान से सरकार को कर्तव्य के बोध का निर्धारण नहीं होगा ।

28 मई भारतीय समाज और लोकतंत्र के लिए सभी पैमाने पर एक ऐतिहासिक काला दिन बन गया है। महिला पहलवानों तथा किसानों के साथ हुई बर्बरता और नई संसद के उद्घाटन के नाम पर पिछड़े गैर लोकतांत्रिक हिंदुत्व के मूल्य और प्रतीकों को बहुमत के नाम पर थोपने की जो कोशिश हुई है। वह निश्चय ही भारतीय समाज के लिए बुरे वक्त का संकेत है। अगर आपको कल की घटनाओं की हकीकत को समझना है तो मोदी भक्त पूर्व सेवानिवृत्त आईपीएस एनसी अष्ठाना के खतरनाक ट्विट को याद कर लीजिए जो 28 मई की घटना के बाद ट्वीट किया गया था। बजरंग पुनिया के ट्विट के जवाब में दुस्साहस से कहता है कि अभी तुम्हें कचरे की तरह बोरे में भरकर फेंका गया है । कल समय आने पर पुलिस तुम्हें सीने पर भी गोली मार सकती है। उसके लिए संविधान में उपयुक्त धाराएं मौजूद है। वह खुद संविधान में दिए गए नागरिक और मानवाधिकार की गारंटी देने वाली धाराओं को पढ़ने की जगह पहलवानों को पुलिस मैनुअल की धाराएं पढ़ने की चेतावनी देता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 94158 35719)**

# पीएम स्वनिधि योजना महोत्सव में पहुंचीं अनुप्रिया

**आयोजन**

**पीएम स्वनिधि महोत्सव में उमड़ी भीड़**

**148 लाभार्थियों ने लिया लोन, काम के साथ आमदनी बढ़ाने का संदेश**

**जनसंदेश न्यूज**


स्टालों का अवलोकन करतीं राज्यमंत्री व अन्य


वृद्ध महिला से जमीन पर बैठकर वार्ता करतीं डीएम

**मीरजापुर।** नगर के सिविल लाइन स्थित सिटी क्लब परिसर में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र, कमिश्नर डा. मुथू कुमार स्वामी बी., जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पीएम स्व निधि योजना का लक्ष्य पटरी, ठेला एवं छोटे दुकानदारों का मदद करना है।

इसका अधिक से अधिक लाभ उठाए। लोगों की मदद के लिए महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जो लोग खुद का अपना रोजगार करते हैं। चाहे वह ठेला लगाते हो या पटरी पर बैठकर सामान बेचते हो या फिर छोटे दुकानदार हैं। उन सबका काम और आमदनी बढ़े इसके लिए प्रधानमंत्री स्व निधि योजना चल रही है। जिले में पहली बार लोन लेने वालों की संख्या 6300 दूसरी किस्त वालों की संख्या 5200 और तीसरी किस्त के लाभार्थी की संख्या महज करीब 12 हजार हैं। विभिन्न बैंकों से मिल रहे लोन की बदौलत छोटे-मोटे दुकान या व्यापार करने वाला व्यक्ति अपने उद्योग धंधे को बढ़ाकर अपनी आमदनी भी बढ़ा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। मेले में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के लिए प्रदर्शनी व स्टाल का लगाया गया था। जिसका केंद्रीय मंत्री और जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/ रा0 शिव प्रताप शुक्ल, परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह सहित अन्य सम्बन्धि अधिकारी उपस्थित रहें। समृद्धि सम्मान योजना कार्यक्रम में पीओ डूडा प्रतिमा श्रीवास्तव, विवेक मांजरेकर, अनुराग द्विवेदी, प्रकाश मिश्रा, राहुल पांडेय द्वारा पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जमीन पर बैठी डीएम, कहा माताजी मैं तो आपकी बेटी के समान हूँ

**मीरजापुर।** सिटी क्लब में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव योजना के दौरान अजीबो गरीब मामला सामने आया। जिलाधिकारी योजना का लाभ लेने महिलाओं के पास पहुंची थी। उस दौरान किसी लाभार्थी ने उन्हें ॰ नहीं पहचाना। उन्होंने कुर्सी पर बैठी बथुआ निवासिनी मीरा तिवारी नामक महिला लाभार्थी से उनकी बात सुनना आरम्भ किया। खड़ी होकर बात करते-करते वह जमीन पर बैठ गई। महिला ने भी स्नेह मिलने पर जिलाधिकारी को माताजी कहा, इस पर डीएम ने स्नेहिल शब्दों में उन्हें रोकते हुए कहा कि अरे माताजी आप मुझे माताजी मत कहिए मैं तो आपके बेटी के समान हूँ। जिलाधिकारी ने अनेक महिला लाभार्थियों से बात करते हुए उनकी व्यथा को सुना। महिलाओं को जब जमीन पर बैठकर बात करने वाली महिला को जिलाधिकारी होने का पता लगा तो महिलाओं ने ढेरों सारा आशीर्वाद दिया। कहा कि ऐसी अधिकारी सबको मिले । बताया कि उन्होंने लोन दिलाने के साथ ही आवास दिलाने का भी वादा किया है । रामदेई चौरसिया ने भी बात करने वाली महिला के जिलाधिकारी होने का पता लगा तो उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने कहा कि वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित थी। आज मेले में आई थी। एक महिला ने उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया। अपनत्व भरा स्नेह मिला तो आंखें नम हो गई। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बाद में पता लगा कि जिले की डीएम है। यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि जनपद को एक अच्छी जिलाधिकारी नसीब हुई है।

# गैंगस्टर सुल्ताना उर्फ आंटी की अचल सम्पत्ति की गयी कुर्क


महिला की अचन संम्पत्ति कुर्क कराते अधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**राजगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को मादक पदार्थों की तस्करी व गैंगेस्टर अधिनियम की अभियुक्ता/ गैंग सरगना सुल्ताना परवीन उर्फ आन्टी पत्नी अहमद अली उर्फ बुझारत निवासिनी बुढ़ादेई थाना अहरौरा मीरजापुर के विरूद्ध थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट के विवेचक प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के अनुमोदन के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शातिर गिरोह बन्द अभियुक्ता की थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से अर्जित अचल सम्पत्ति कुल 04 मकान अनुमानित कीमत 01 करोड़ 12 लाख 67 हजार 02 सौ रुपये को उप जिलाधिकारी चुनार, पुलिस उच्चाधिकारीगण, थाना राजगढ़ व अहरौरा पुलिस बल की उपस्थिति में कुर्क किया जा रहा है।

### मृतक की पत्नी की तहरीर पर पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के सामने बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में गुरुवार सुबह मौत हो जाने के बाद मृतक की पत्नी सोमवती उर्फ निर्मला ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार शाम चार बजे के लगभग पति कृष्णा तिवारी रतेह चौराहा से हलिया के भटवारी गांव निवासी होमगार्ड अक्षैवर नाथ यादव की बाइक पर बैठकर हलिया जा रहे थे कि गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के सामने पिकप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मेरे पति और होमगार्ड अक्षैवर नाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस के सहयोग से इलाज हेतु मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा था कि गुरुवार सुबह आठ बजे पति की मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पिकप चालक की तलाश की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

## परिजनों में कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित गलरा गांव में गडबड़ा धाम के गेट के पास बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार 52 वर्षीय कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी की मंडलीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान गुरुवार सुबह आठ बजे के करीब मृत्यु हो गई। बाइक सवार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हलिया थाना क्षेत्र के सरहरा गांव निवासी कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी किसी कार्य से बुधवार को रतेह चौराहा गये हुए थे। शाम चार बजे के करीब भटवारी गांव निवासी बाइक चालक 55 वर्षीय अक्षयवर यादव के साथ बाइक पर पीछे बैठकर घर वापस लौट रहे थे कि जैसे ही गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के पास पहुंचे कि आगे जा रहे पिकप वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे दोनों बाइक सवार पिकप वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल ले गई। जहां उपचार के दौरान कृष्णा तिवारी ने गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल होमगार्ड का उपचार ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है।

मृतक खेती बारी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। मृतक को एक पुत्र और दो पुत्री हैं। सभी की शादी हो चुकी है। मृतक का पुत्र मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में किसी कंपनी में कार्य करता है। घटना के बाद मौके से पिकप चालक फरार हो गया था पुलिस ने पिकप वाहन को कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुटी हुई है। गंभीर रूप से घायल होमगार्ड का ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार चल रहा है।

# अनूप दूबे ही हैं ग्रापंअ संघ के अध्यक्ष

## प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा फर्जीवाड़ा पर होगी कार्रवाई


पदाधिकारियों को बधाई देते अध्यक्ष

**मीरजापुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की कार्यकारिणी का प्रांतीय अध्यक्ष रजनीकांत त्रिवेदी द्वारा माल्यार्पण कर टीम के अनुमोदन की घोषणा की गई। इसके पूर्व प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा जनपदों से प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि जनपद मीरजापुर की कार्यकारिणी की अनूप दुबे की अध्यक्षता में 21 मई को जो चुनाव हुआ था वही वैध है। बाद में जो भी कूट रचना कर चुनाव कराए गए हैं वह सब फर्जी और अवैध है। ऐसे चुनाव पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष रजनीकांत त्रिवेदी ने फोन पर बताया कि जनपद के कुछ पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का फर्जी चुनाव कराकर कर्मचारियों को बरगलाने का प्रयास किया गया था जो पूरी तरह से निराधार है। और अनूप दुबे ही ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के मीरजापुर के अध्यक्ष हैं और यह अपना का सकुशल संपन्न करें की शुभकामनाएं भी दिया। इस अवसर पर जनपद के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ में ही श्री त्रिवेदी ने कहा कि आप लोग संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें और जो भी समस्याएं आती हैं उसे संघ की बैठक में रखने का काम करें।

## अंतर्जनपदीय लूट के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मीरजापुर।** लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाश बरौंधा पुलिस की तत्परता से गिरफ्त में आ गए। बदमाशों का पीछा कर रही कोरांव पुलिस थाने लेकर चली गई। जानकारी के अनुसार काली रंग की आई 20 कार से दो बदमाश थाना कोरांव प्रयागराज में लूट की घटना को अंजाम देकर बरौंधा की तरफ भाग रहे हैं। कोरांव पुलिस द्वारा दूरभाष पर बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव को सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश बरौंधा की ओर भाग रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बरौंधा चौकी इंचार्ज कठार तिराहा और नैड़ी कठारी पुल पर पुलिस की निगरानी लगाकर घेराबंदी करते हुए संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल में जुट गए। सायं चार बजे के करीब काली रंग के कार की निशानदेही पर बरौंधा पुलिस द्वारा रोकने का इशारा भांप कर बदमाश वाहन रोक भागने का प्रयास किए किंतु बरौंधा पुलिस की सक्रियता से पुलिस के हत्थे चढ़ ग ?ए। मौके पर पहुंचीं कोरांव पुलिस बदमाशों को लेकर थाने चली गई। चर्चा है कि भाग रहे बदमाशों पकड़ने के लिए कोरांव पुलिस द्वारा दो हवाई फायर भी किया गया।

# मुख्य नहरों की सड़कों का एसी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**लालगंज।** अधीक्षण अभियंता एके जायसवाल की टीम लालगंज विकासखंड के मुख्य नहरों की सड़कों के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन किया। जिसमें उन्होंने सड़क की गुणवत्ता और नहर की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान लालगंज के राजापुर नवनिर्मित सड़क की मरम्मत कार्य को देखकर अधिशासी अभियंता रामशंकर राजपूत से जानकारी लिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था द्वारा किए गए कार्य की प्रगति और गुणवत्ता जगह-जगह पहुंचकर परखने का कार्य किए। पतुलकी, रानीबारी, बनकट माइनर के सड़क निरीक्षण और गुलावे की मरम्मत को देखकर चेतावनी दिया कि किसानों को किसी प्रकार की नहर से संबंधित समस्याएं नहीं आना चाहिए। उन्होंने आवागमन को सुचारू रूप से संचालन व्यवस्था नहर के निरीक्षण के लिए बनी रहे इस गुणवत्ता की विशेष तौर से सत्यापित करने में लगे रहे। उनके साथ लखनऊ से आए अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार पाल बनकट माइनर के बारे में जानकारी लेते हुए समझने का प्रयास किया कि नहर का पानी टेल के किसानों को बिना किसी समस्या के पहुंचता है कि नहीं इस बारे में मौजूद किसानों ने बताया कि बाणसागर का पानी रोस्टर के अनुसार समुचित रूप से मिलता है।

टीम के साथ मिर्जापुर के अधिशासी अभियंता रामशंकर राजपूत प्रत्येक नहर की विधिवत सड़कों मरम्मत संबंधी जानकारी देने के बाद बताया कि समय-समय पर गुणवत्ता की निरीक्षण और सत्यापन किया जा चुका है।

### सम्मान निधि त्रुटि सुधार कैम्प का किया गया आयोजन

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी के पंचायत भवन पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के त्रुटि सुधार का कैंप लगाया गया। किसान सम्मान निधि के कैंप में भारी संख्या में किसानों की भीड़ पहुंची। त्रुटियों के चलते कई किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित है। इस चिलचिलाती धूप में पहुंचे किसानों के हाथ निराशा ही लगी। सुधार के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही थी। संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अधिकारी नहीं पहुंचे थे। केवल किसानों को लॉलीपॉप ही मिला । किसानों ने बताया कि किसान सम्मान निधि के संशोधन के नाम पर बार-बार दौड़ाया जा रहा है, इस योजना से कई किसान विभागीय ?कर्मचारियों के हीलाहवाली से वंचित है। इस संबंध में नोडल सहायक कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा ने बताया कि हर ग्राम सभा में 22 मई से 10 जून तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के त्रुटि सुधार का अभियान चलाया जा रहा है जिससे इस योजना से वंचित हर किसानों को अगली किस्त का लाभ मिल सके।

# अब चुनार किले के बहुरेंगे दिन

**खुशी**

**पर्यटन स्थल में तब्दील होगा किला**

**डीएम ने निरीक्षण कर जाना किले का रहस्य**

**साउण्ड व लाइट किले में लगायेंगे चार चांद**

**जनसंदेश न्यूज**


किले का निरीक्षण करतीं डीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**चुनार।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किला गेस्ट हाउस पहुंचकर अंदर चुनार के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठ मंत्रणा कर कार्यक्रम का रूपरेखा पर चर्चा किया। चुनार किले को कैसे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान प्रबुद्धजनों ने डीएम को दुर्ग की ऐतिहासिक जानकारियां विस्तृत तौर पर बताया।

उसके बाद डीएम ने पूरे किले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं और सुविधाओं को देखा। इस दौरान सोनवा मंडप को सुसज्जित कर लाइट के साथ हुई मंत्रजाप के लिए साउंड की व्यवस्था सोनवा मंडल के पास ही स्थानीय लोगों द्वारा अपनी उत्पाद का स्टाल लगाने हेतु स्थान चिन्हित कर दुर्ग के ऊपरी भाग पर एक बड़ा ध्वज लगाने के लिए स्थान को देखा। प्रवेश द्वार वह आसपास के स्थानों को देखा और कार्यक्रम हेतु उसे उपयुक्त पाया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार को लाइट एंड साउंड की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारी से बातचीत करने 2 हफ्ते में व्यवस्था मुकम्मल कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जिले का चुनार ऐतिहासिक जगह है यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाटली उद्योग चीनी मिट्टी के खिलौनों को लेकर किले में कैसे इसकी सजावट की जाए। जिससे इसमें चुनार महोत्सव हो सके।

चुनार के लोक फोक मंच दिया जाए। जिसे चुनार स्टोरी बनाकर इसको बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 2 हफ्ते के अंदर पर्यटन के वरिष्ठ स्पेशलिस्ट यहां का निरीक्षण करेंगे और कुछ दिनों में ही लाइट एंड साउंड की व्यवस्था किले में हो जाएगी।

किले को सुंदरीकरण कर और अच्छा बनाया जाएगा। जिससे चुनार को पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान उन्होंने बाबा भरथरी की समाधि पर जाकर मथ्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद किला गेट से नीचे उतर कर गेट के पास कितने राजाओं ने उस पर राज किया है उस बोर्ड को पढ़ा और गंगा घाट की तरफ जाकर घाट के किनारे को सुंदरीकरण कर अच्छा बनाने को कहा। इस दौरान एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा नायब तहसीलदार अरूण यादव, उपस्थित रहे।

## शिव को गुरु बनाने के बाद सभी कष्टों से मानव को मिलती है मुक्ति

**अदलहाट।** वो दुनिया के सभी भाषाओं के जानकार हैं उनसे मानव, देवता, दानव सभी अपनी अपनी भाषा में मांगते है तो वे सबको देते है। उक्त बाते गुरुवार को बैकुण्ठपुर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित शिव चर्चा में बाबा बनवारी दास ने कही। बाबा बनवारी ने चर्चा के दौरान कहा कि जानते हो यहा सबसे गरीब कौन है, तो बताया कि जिसके पास न गुरु हो और न कोई भगवान हैं, जो किसी को नही मानता हो उससे बड़ा गरीब कोई नही हो सकता। उन्होने कहा कि शिव को गुरु बनाने के लिए बिना कुछ खर्च किये केवल नाम की घोषणा कराने के बाद तीन सूत्र का पालन करना है। शिव गुरु सबकी झोली पल में भर देते है। किसी से कुछ भी नही लेते। ऐसे शिव महागुरु को अपना गुरु बनाने के बाद सभी कष्टों से मानव को मुक्ति मिल जाती है। शिव चर्चा के दौरान तमाम शिव शिष्यों ने चर्चा में भाग लिया। भजन कीर्तन के बाद आरती का आयोजन किया गया। अन्त में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मनीष अग्रहरी ,त्रिवेणी केशरी, अशोक केशरी, दुर्गावती देवी, लिलेस गुप्ता आदि तमाम महिला पुरुष शिव शिष्य उपस्थित रहे।

# अपर जिला जज ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के सचिव / अपर जिला जज लाल बाबू यादव ने वनस्टॉप सेन्टर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण सेन्टर में केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या, कम्प्यूटर आपरेटर रोमी सिंह, केस वर्कर स०कार्यकर्ता राधिका सिंह, मल्टीपरपज स्टॉफ शशिकला उपस्थित थी। वन स्टॉप सेन्टर में कुल 8 सीसी कैमरे, सही हालत में पाये गये परन्तु मोनिटर गड़बड़ मिला। सेन्टर में साफ सफाई मिला और पीने का पानी आरो सेट ठीक हालत में पाये गये। सेन्टर में एक पीड़िता प्रवासित बालिका पाई गई है। सेन्टर में प्रवासित बालिकाओं व महिलाओं के लिए दो चौकी विस्तर, कम्बल व खाने के बर्तन व्यवस्था है किन्तु पर्याप्त नहीं है। सेन्टर में पंजिकाओं एवं पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया। केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या को कार्यालय पंजिका का रख रखाव को ठीक ढंग से तथा निधारित प्रारूप पर अंकना करने का दिये आवश्यक निर्देश प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि सेन्टर में जो भी पीड़ित महिलाए व बालिकाए प्रवासित होती है उन महिलाओं व बालिकाओं को नियमानुसार महिला सेल्टर होम मड़िहान एवं बालिका सेल्टरहोम सोनभद्र में प्रवासित कराया जाता है।

### शिविर में 185 किसानों ने उठाया लाभ

**जमालपुर।** पीएम किसान संतृप्तिकरण अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड के गोगहरा, बियरही, डवक, फत्तेपुर, कौवासाथ एवं मदारपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों की भीड़ उमड़ी रही एवं कुल 185 किसानों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में कुल 43 किसानों के भूलेख का सत्यापन लेखपाल के द्वारा किया गया। 57 किसानों का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में नया खाता खोला गया। सीएससी के माध्यम से 49 किसानों का ईकेवाईसी किया गया। 20 किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए नया आवेदन किया गया एवं 16 किसानों का आवेदन निरस्त होने पर फिर से दस्तावेज अपलोड किया गया। शिविर में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पोस्ट आफिस कर्मचारी एवं सीएससी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पिता ने की जिलाधिकारी से शिकायत


परिजनों से वार्ता करते एसडीएम सदर

**जिगना।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से हरगढ़ बाजार निवासी कैलाशनाथ केसरी ने शिकायत किया था कि हमारे 3 पुत्र व तीन बहुयें है जो कि आए दिन हमें गाली व खाना नहीं देने की शिकायत किया था। जिसकी जांच आख्या जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर चंद्रभान सिंह के द्वारा मौके पर भेज कर जांच कराया गया जो सत्य पाया गया। इस दौरान एसडीएम सदर ने पीड़ित पिता बच्चों से लिखित आश्वासन लिया गया कि इनको खाने और रहने के लिए कमरा दिया जाएगा। अगर इनको कोई दिक्कत होगी तो इसके जिम्मेदार आप लोग होंगे। इस दौरान थाना प्रभारी जिगना भी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का मुकदमा हुआ दर्ज

**हलिया।** क्षेत्र के हलिया गांव के महादेव मोहल्ला निवासी केशव प्रसाद मिश्र के घर में बीते 20 मई की रात हुई चोरी के मामले में एसपी के निर्देश पर हलिया पुलिस ने बुधवार की देर रात चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किए जाने पर गृहस्वामी ने बीते 25 मई को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिया था साथ ही एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई थी। चोरी के 11 दिन बाद एसपी के आदेश पर हलिया पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में गृहस्वामी केशव प्रसाद मिश्र ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से दो विद्युतकर्मी घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित बरी गांव स्थित जेआरएस पब्लिक स्कूल के पास गुरुवार दोपहर बरी गांव में बिजली बनाने जा रहे बाइक सवार विद्युत कर्मियों को सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार विद्युत कर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भाग निकला। हलिया विद्युत उपकेंद्र पर कार्यरत विद्युतकर्मी 50 वर्षीय इन्द्ररूप निवासी बरी व 52 वर्षीय मंगला बिंद निवासी बिसुन्दरपुर एक ही बाइक से बरी गांव में बिजली बनाने के लिए जा रहे थे जैसे ही बरी गांव स्थित जे आर एस पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे कि लालगंज की तरफ से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे दोनों विद्युतकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को उपचार हेतु हलिया स्थित एक निजी क्लीनिक पर पहुंचाया गया जहां दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### सुनील की सपा में हुई वापसी

**मीरजापुर।** सुनील की समाजवादी पार्टी में वापसी हुई। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव सुनील यादव की पार्टी में वापसी हो गई। सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष ने सुनील यादव को माला पहना कर समाजवादी पार्टी में वापसी के साथ सम्मान दिया। इस मौके पर रोहित शुक्ला लल्लू, रंजीत फौजी, रामगोपाल बिंद, यादव राहुल, यादव, राम जी यादव, राजेंद्र यादव, राम सुधार कुशवाहा, राम जी बिंद जाहिद अख्तर, अरसद, वीरेंद्र यादव, श्यामसुंदर सोनकर, निर्मला चौरसिया, अनीश खान अन्य कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक सिंह मुन्ना ने दिया है।

### पूर्व में मांगे गये आवेदनों को किया गया रद्द

**मीरजापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि जनपद की बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित कराते हुए आन-लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। नवीन शासनादेश के अर्न्तगत पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश को अवक्रमित करते हुए नवीन शासनादेश के अनुसार चयन प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अतएवं पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति, पूर्व में प्राप्त आंनलाइन आवेदन पत्र एवं पूर्व में प्रचलित चयन प्रक्रिया को निरस्त किया जाता है, तथा पूर्व में प्राप्त आंनलाइन आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अब नवीन प्रख्यापित शासनादेश बीते 21 मार्च 2023 के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

### पिकप के धक्के से बाल-बाल बचीं महिलायें

**लालगंज।** स्थानीय थाना के चौकी बरौधा अन्तर्गत नेशनल हाईवे 7 पर टोल प्लाजा के पास बबुरा गांव के सामने प्याज की बोरियों से लदी हुई एक पिकप गाड़ी मीरजापुर की तरफ से आ रही थी। तभी अचानक एक नीलगाय सामने आ जाने के कारण नीलगाय को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने गाड़ी को डिवाइडर पर चढ़ा दिया और प्याज की बोरियां सड़क पर बिखर गई। दो महिलाएं प्याज को बोरियों में भर रही थी कि तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित हाईवा गाड़ी ने खड़ी हुई पिकअप को जोरदार टक्कर मार दिया। इस भयानक हादसे में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई। दो महिलाएं जो प्याज को बोरियों में भरने का प्रयास कर रही थी बाल बाल बच गई।

### भाजपा को हराकर मनीष दुबे हुए विजयी

**मीरजापुर।** केंद्रीय उपभोक्ता भंडार कोतवाली वार्ड एक के चुनाव में डायरेक्टर पद पर कांग्रेस नेता मनीष दुबे विजई घोषित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को सात वोटों से पराजित किया। सहकारी समिति राजपुर पर सुबह 10 से चार बजे के बीच हुए चुनाव में मनीष दुबे को कुल 39 वोट प्राप्त हुए। जबकि भाजपा की तरफ से किशन कसेरा को मात्र 32 मत ही प्राप्त हो सके। यहां वोटरों की संख्या कुल 202 थी किंतु 73 वोट ही पड़ सका। एक वोट अवैध घोषित कर दिया गया। मनीष दुबे की इस जीत पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दुबे, चुनमुन शुक्ला, राजन पाठक, कमलेश दुबे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दीपचंद जैन, सोनावर खां, राम दयाल उपाध्याय, लवकुश प्रजापति, सभासद राकेश यादव, जितेंद्र चौबे, अनुज दुबे, बऊ पाठक, संदीप मिश्रा, पवन दुबे, सिद्धार्थ दुबे, विवेक पांडे, छुन्नू पाठक, दिलीप त्रिपाठी, संजय दुबे, मोहित दुबे, रोहित दुबे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोन लेने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते 17 मई को वादी जयप्रकाश पुत्र छविनाथ निवासी दांती थाना मड़िहान द्वारा एक लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर विवेचना प्रारम्भ कर शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिये गये थे। इसके क्रम में गुरुवार को निरीक्षक रमेश प्रसाद मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सम्बंधित आरोपी जयशंकर पुत्र होरीलाल निवासी गोपालपुर थाना पड़री को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

### गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्र0नि0 राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से आरोपी धीरज कुमार पुत्र राजकुमार निवासी राजगढ थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर कब्जे से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी करते हुए एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा गया ।

### कच्ची देशी शराब के साथ आरोपी धराया

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी को दिये गए निर्देश के क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 भरतलाल पाण्डेय मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी शमीम अहमद पुत्र नसीर अहमद निवासी मछली का पुल घण्टाघर थाना को0शहर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0शहर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# स्पोर्ट्स



पेरिस के रोला गैरा में फ्रैंच ओपन टेनिस में रुस की डारिया कैसेटकीना दूसरे दौर में जीत के बाद उत्साहित होती हुई।

# एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय टीम इंडिया का हुआ ऐलान, प्रीति को बनाया गया कप्तान

## जापान में 2 जून से महिला जूनियर एशिया कप 2023 का आगाज

**मुंबई।** जापान में 2 जून से महिला जूनियर एशिया कप 2023 खेला जाना है जिसके लिए भारतीय महिला टीम की 18 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया गया है। जापान के काकमिगहारा में महिला जूनियर एशिया कप खेला जाना है। एशिया कप के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 5-5 टीमें शामिल हैं। एशिया कप 2 जून से खेला जाएगा और फाइनल मुकाबला 11 जून को खेला जाना है।



महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए प्रीति को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, यह टूनामेंट भारतीय महिला टीम के नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि, इस एशिया कप में जो टॉप की तीन टीमें रहेंगी वह टीम सीधे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप में क्वालीफाई कर जाएंगी। वहीं, भारतीय महिला टीम की बात करें तो दीपिका को उपकप्तान बनाया गया है। हालांकि, इस बार महिला टीम उम्मीद जताई जा रही है की इस बार टीम एशिया कप की चैंपियन बनकर ही भारत लौटेगी।

***महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए भारतीय महिला टीम***

**डिफेंडरः** प्रीति (कप्तान), महिमा टेटे, नीलम, रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा।

**मिडफील्डरः** वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनश्री नरेंद्र शेडगे, रुतजा दादासो पिसल, मंजू चौरसिया, ज्योति छत्री।

**फॉरवर्डः** सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका (उपकप्तान), दीपिका सोरेंग और अन्नू।

**गोलकीपरः** माधुरी किंडो और अदिति माहेश्वरी।

***एशिया कप 2023 में इन टीमें लेंगी हिस्सा***

**पूल एः** इंडिया, उज्बेकिस्तान, चीनी ताइपे, मलेशिया और कोरिया।

**पूल बीः** जापान, कजाकिस्तान, हांगकांग, इंडोनेशिया और चीन।

***हॉकी इंडिया ने ट्ववीट करके दी जानकारी***

महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए टीम की घोषणा की जानकारी हॉकी इंडिया ने अपने ऑफिसियल ट्वीट के जरिए दी। हॉकी इंडिया ने टीम के ऐलान करते हुए ट्ववीट करते हुए लिखा कि, हम आगामी महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए जूनियर महिला टीम पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो जापान के काकामीगहारा में 2 से 11 जून 2023 तक होगी।

पूल चरण में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान से होगा। जापान के काकमिगहारा में अगले महीने से शुरू हो रहे महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के लिए भारतीय टीम रवाना हो चुकी है। रविवार सुबह केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट से भारतीय टीम जूनियर विश्व कप का क्वालीफिकेशन हासिल करने का इरादा लेकर जापान के लिए उड़ी। 2 जून से टूनामेंट का आगाज होगा. भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम से जापान में होने जा रहे एशिया कप से काफी उम्मीदें हैं। एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है और भारतीय टीम से यहां बेहतर प्रदर्शन कर टिकट हासिल करने की उम्मीद है। इस टूनामेंट से टॉप तीन देश एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगे। भारत के पास अच्छा प्रदर्शन कर क्वालीफिकेशन हासिल करने का शानदार मौका होगा।



## टीम इंडिया की नई जर्सी हुई लॉन्च, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग डिजाइन

भारतीय टीम की नई किट स्पॉन्सर ने नई जर्सी लॉन्च कर दी है। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप से पहले एडिडास ने जर्सी दुनिया के सामने रखी। अब भारतीय खिलाड़ी इन्हीं जर्सी में मैदान पर नजर आएंगे। 7 जून से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला खेलने उतरेगी। अभी खिलाड़ी नई ट्रेनिंग जर्सी में ही प्रैक्टिस करते हैं। पिछले ही महीने बीसीसीआई ने एडिडास के साथ 2028 तक के लिए कॉन्टैक्ट साइन किया था। टेस्ट, वनडे और टी20 के लिए एडिडास ने अलग-अलग जर्सी लॉन्च की है। जर्सी लॉन्च का कार्यक्रम वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया गया। विशाल जर्सियों को हवा में उड़ाकर दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया। टी20 में टीम इंडिया कॉलरलेस जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। इसके साथ ही तीनों जर्सी के कंधे पर 3-3 पट्टियां बनीं हैं। 7 जून से टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इसमें टीम नई जर्सी ही पहनेगी। टीम इंडिया नई ट्रेनिंग किट में प्रैक्टिस भी कर रही है। टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खिलाड़ियों के इंग्लैंड पहुंचने के बाद नई ट्रेनिंग किट लॉन्च की गई थी।

# धोनी के घुटने की सर्जरी सफल अस्पताल से जल्द मिल सकती है छुट्टी

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घुटनों की सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई है। गुरुवार को मुंबई के एक अस्पताल में माही के बाएं घुटने की सर्जरी हुई। वह इस सीजन आईपीएल में काफी दर्द में रहे थे और उन्हें विकेटकीपिंग के वक्त लंगड़ा कर चलते हुए देखा गया था। ऐसे में धोनी ने आईपीएल के बाद मिले समय में सबसे पहले घुटनों की सर्जरी कराई।

आईपीएल ट्रॉफी जीतने के 48 घंटे के अंदर ही उन्होंने मुंबई के नामी ऑर्थोपेडिक डॉक्टर दिनशॉ पादीवाला से संपर्क किया था। वह बीसीसीआई के मेडिकल पैनल का भी हिस्सा हैं और कई दिग्गज क्रिकेटर्स की सर्जरी कर चुके हैं। इनमें भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शामिल हैं।



सीएसके के मैनेजमेंट के एक करीबी सूत्र ने नाम न छापने की शर्तों पर पीटीआई को बताया- हां, धोनी की गुरुवार को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में घुटने की सफल सर्जरी हुई है। वह ठीक हैं और एक या दो दिन में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। रिहैबिलिटेशन शुरू होने से पहले वह कुछ दिनों तक आराम करेंगे। अब ऐसा लगता है कि उनके पास अगले आईपीएल में खेलने के लिए फिट होने के लिए पर्याप्त समय होगा। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने खुलासा किया कि गुरुवार को सर्जरी के बाद उन्होंने धोनी से बात की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन के बाद धोनी से बातचीत हुई। वह ये नहीं समझ सके कि सर्जरी किस खास चीज की हुई है, लेकिन यह जरूर पता चला कि यह एक की-होल सर्जरी है। वह हमारी बातचीत में ठीक लग रहे थे। धोनी की पत्नी साक्षी अस्पताल में उनके साथ मौजूद रहीं। धोनी बुधवार (31 मई) शाम को अस्पताल में भर्ती हुए थे। सीएसके मैनेजमेंट ने धोनी के इलाज की देखरेख के लिए अपनी टीम के डॉक्टर डॉ मधु थोट्टापिल को भी मुंबई भेजा है। उनके पूरी तरह से ठीक होने का सही समय अभी भी ज्ञात नहीं है, लेकिन यह अनुमान लगाया गया है कि धोनी लगभग दो महीने में ठीक हो जाएंगे। सोमवार रात आईपीएल जीतने के बाद धोनी ने अगले साल वापस आने और अपने प्रशंसकों के लिए एक अंतिम सीजन खेलने की उम्मीद जताई थी। धोनी ने आईपीएल के पूरे सीजन में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला था। बैटिंग करते हुए रन लेने के दौरान भी धोनी परेशानी में दिखते थे। बुधवार को सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा था कि धोनी सर्जरी करवाना चाहते हैं या नहीं यह पूरी तरह से उनका फैसला होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों का होगा असली टेस्ट, फाइनल के लिए बनाई गई खास योजना



तेज गेंदबाज उमेश यादव, मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, अक्षर पटेल उस ग्रुप में शामिल थे जो इंग्लैंड में सबसे पहले पहुंचे थे। वहीं, गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इंग्लैंड पहुंचने में देरी हुई क्योंकि आईपीएल फाइनल सोमवार को खत्म हुआ। सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से पहले भारतीय टीम प्रबंधन गेंदबाजों का कार्यभार बढ़ाने पर जोर दे रहा है। फाइनल से पहले भारतीय गेंदबाज हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल-20 लीग में अलग-अलग टीमों से खेल रहे थे और अब उन्हें सीधा डब्ल्यूटीसी फाइनल में लाल गेंद के क्रिकेट में खेलना है। तेज गेंदबाज उमेश यादव, मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, अक्षर पटेल उस ग्रुप में शामिल थे जो इंग्लैंड में सबसे पहले पहुंचे थे। वहीं, गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इंग्लैंड पहुंचने में देरी हुई क्योंकि आईपीएल फाइनल सोमवार को खत्म हुआ।

***हमने गेंदबाजों का कार्यभार थोड़ा बढ़ाया है: पारस महाम्ब्रे***

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे ने कहा, "हमारी तैयारी अच्छी रही। हम शुरूआती सत्र में परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा रहे थे। हमारे पिछले दो सत्र अच्छे रहे। हमने गेंदबाजों का कार्यभार थोड़ा बढ़ाया है। हम यहां की परिस्थितियों से खुश हैं। यह कुछ वैसा ही है जिसकी आप उम्मीद करते हैं। मौसम खुशनुमा है, ठंड है, लेकिन इंग्लैंड में रहते हुए आप इसके अभ्यस्त हो जाते हैं।"

***स्लिप कैच का अधिक अभ्यास***

भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा कि उनका ध्यान बल्लेबाज के करीब रहने वाले क्षेत्ररक्षकों के कैच अभ्यास और स्लिप कैच पर है। उन्होंने कहा, "टीम के सभी खिलाड़ी आईपीएल खेलकर आ रहे हैं। आईपीएल के दौरान मैदानी क्षेत्ररक्षण पर ध्यान रहा था इसलिए यहां पर हम कैच अभ्यास पर ध्यान दे रहे हैं। खासकर बल्लेबाज के करीब और स्लिप के कैच अभ्यास पर ज्यादा ध्यान हैं।" वहीं, भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा, "उन सभी ने काफी क्रिकेट खेली है। हम लाल गेंद से खेलने के अभ्यस्त होने का प्रयास कर रहे हैं।"

वहीं सुनील गावस्कर ने कहा कि हर किसी के लिए सबसे बड़ा टेस्ट यही होगा कि उन्हें टी-20 की मनोदशा से लंबे प्रारूप टेस्ट में खेलना होगा। केवल चेतेश्वर पुजारा ही इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। केवल वो ही मौजूदा हालात में लंबे प्रारूप के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके अलावा सभी के लिए कड़ी चुनौती रहेगी। उन्होंने कहा कि 34 साल के रहाणे को इंग्लैंड के हालात का अनुभव है और यह टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। रहाणे को इंग्लैंड में खेलने का अधिक अनुभव है और उन्होंने वहां रन भी बनाए हैं। मुझे लगता है कि वह नंबर पांच पर अहम खिलाड़ी होंगे। वह इस स्थान की भरपाई भी करेंगे।

# मेसी ने पीएसजी को दिया झटका, दो साल में ही लिया क्लब छोड़ने का फैसला, कोच गाल्टियर ने की पुष्टि

**जर्मनी।** पिछले काफी समय से उनके और पीएसजी के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। कुछ दिन पहले ही मेसी के सऊदी अरब यात्रा के बाद क्लब ने उन पर दो हफ्ते का बैन लगा दिया था। इसके बाद मेसी ने क्लब से माफी भी मांगी थी।

फ्रेंच फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को बड़ा झटका लगा है। इस दिग्गज फुटबॉल क्लब के कोच क्रिस्टोफे गाल्टियर ने पुष्टि की है कि लियोनल मेसी ने जून में कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद क्लब छोड़ने का फैसला लिया है। मेसी ने पीएसजी में सिर्फ दो साल गुजारे हैं। पिछले काफी समय से उनके और पीएसजी के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। कुछ दिन पहले ही मेसी के सऊदी अरब यात्रा के बाद क्लब ने उन पर दो हफ्ते का बैन लगा दिया था। इसके बाद मेसी ने क्लब से माफी भी मांगी थी। ऐसे में अब गाल्टियर ने पुष्टि कर दी है कि मेसी क्लब छोड़ रहे हैं।



क्लब के साथ मेसी का करार इस साल जून में समाप्त हो जाएगा। पीएसजी ने मेसी के सामने नए कॉन्ट्रैक्ट रखे थे, लेकिन अर्जेंटीना के कप्तान ने उस पर साइन नहीं किया। गाल्टियर ने बताया कि मेसी क्लेरमोंट फुट के खिलाफ पीएसजी के लिए आखिरी मैच खेलेंगे। यह पीएसजी का इस सीजन का आखिरी लीग-वन मैच भी होगा।

गाल्टियर ने कहा, ₹मुझे फुटबॉल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को कोचिंग देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पार्स डेस प्रिंसेस में क्लेरमोंट के खिलाफ मैच उनका आखिरी मैच होगा। मुझे उम्मीद है कि उन्हें वहां शानदार फेयरवेल दिया जाएगा। इस साल वह हमेशा हमारी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी टिप्पणी या आलोचना उचित है। उन्होंने हमेशा टीम के हित में काम किया। पूरे सीजन में उनके साथ रहना मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। मेसी ने इस सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में पीएसजी के लिए 21 गोल और 20 असिस्ट किए। मेसी ने 2021 में स्पेन की दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के साथ 21 साल का साथ छोड़ा था और पीएसजी में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने किलियन एम्बाप्पे और नेमार के साथ मिलकर ढरत्र्‍ को लीग-1 खिताब जीतने में मदद की। हालांकि, चैंपियंस लीग से लगातार दो बार राउंड-ऑफ-16 से बाहर होने के बाद मेसी पर भी तलवारें लटकने लगी थीं।

## शुभमन गिल या रोहित नहीं! रिकी पोंटिंग ने बताया डब्ल्यूटीसी फाइनल में किस खिलाड़ी से ऑस्ट्रेलिया को रहना होगा सावधान

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरूआत जल्द ही होने वाली है. भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल मैच में आमने-सामने होगी. दोनों टीमों के स्क्वॉड का ऐलान हो चुका है। केएल राहुल चोटिल हैं उनकी जगह ईशान किशन को टीम में शामिल किया गया. वही भारतीय स्क्वॉड और भी कई बड़े दिग्गजों से भरा हुआ है. इस बीच पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया को भारत के इस दिग्गज बैटर से सावधान रहने की सलाह दी है। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर बात करते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल से पहले विराट कोहली के बारे में बात कर रही होगी। इसको लेकर कोई संदेह नहीं है। इसके अलावा एक और खिलाड़ी है जो उनके चर्चा का विषय है.। यह कोई और नहीं बल्कि चेतेश्वर पुजारा है। चेतेश्वर पुजारा ऑस्ट्रेलिया को पहले ही कई मैचों में परेशान कर चुके हैं। पोंटिंग ने आगे कहा, आस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में पुजारा के ऊपर चर्चा करने की वजह उनका प्रदर्शन है। वह पहले ही ऑस्ट्रेलिया को गहरे जख्म दे चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में बेहतरीन बैटिंग की है।





अजरबेजान में महिलाओं की विश्व ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई जापान की मूराकामी व अजरबेजान की पैटीमेट।

### आकाश चोपड़ा ने की शुभमन की तारीफ , विराट से की तुलना

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। शुभमन को गुजरात टाइटंस की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए टूनामेंट में सबसे ज्यादा रनों के लिए औरेंज कैप मिली हैं। आकाश ने शुभमन गिल के आईपीएल 2023 के प्रदर्शन की तुलना साल 2016 के विराट कोहली के प्रदर्शन से की है। कोहली ने साल 2016 में आरसीबी की ओर से 973 रन बनाए थे। तब विराट ने 16 मैचों में 81.08 की औसत से चार शतक और सात अर्द्धशतक भी लगाए थे।

वहीं शुभमन ने इसी प्रकार की बल्लेबाजी करते हुए 890 रन बनाए जो कि कोहली के बाद दूसरा सबसे अधिक स्कोर है। शुभमन ने टूनामेंट में तीन शतक और चार अर्द्धशतक बनाए और उनका औसत 59.33 रहा। चोपड़ा ने कहा, शुभमन बिल्कुल रोमांचकारी हैं।



पेरिस के रोला गैरा में फ्रैंच ओपन टेनिस के महिला एकल में बेलारुस की आर्यना सबालेंका सर्व करती हुई।

# सीएम गहलोत ने दी 100 यूनिट बिजली फ्री, बीजेपी ने किया पलटवार

## गहलोत बोले-100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होगा, इससे प्रदेश के लाखों लोगों को फायदा होगा, बीजेपी नेता बोले-पीएम के भाषण से हुए प्रभावित

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है। 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होगा। इससे प्रदेश के लाखों लोगों को फायदा होगा।

सीएम अशोक गहलोत ने ट्विटर पर घोषणा करते हुए कहा कि महंगाई राहत शिविरों के अवलोकन और जनता से बात करने पर फीडबैक आया कि बिजली बिलों में मिलने वाली स्लैबवार छूट में थोड़ा बदलाव किया जाए। मई महीने में बिजली बिलों में आए फ्यूल सरचार्ज को लेकर भी जनता से फीडबैक मिला जिसके आधार पर बड़ा फैसला किया है।



जिसके अधार पर 100 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होगा। 100 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वालेपरिवारों को पहले 100 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, बाकी के यूनिट का बिजली बिल देना होगा। सीएम की घोषणा के तहत महीने में 200 यूनिट बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को पहले 100 यूनिट बिजली फ्री के साथ 200 यूनिट तक के स्थायी शुल्क, फ्यूल सरचार्ज और तमाम अन्य शुल्क माफ होंगे। इनका भुगतान राज्य सरकार करेगी। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज रात प्रदेशवासियों को बड़ी राहत देने की घोषणा की थी। करीब 10 बजे उन्होंने ट्वीट कर लिखा था कि 10:45 पर एक बड़ी घोषणा करूंगा जो प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देगी।

***भाजपा नेता राठौड़ बोले- पीएम मोदी के भाषण से प्रभावित हुए सीएम गहलोत, देर रात मजबूरी में की घोषणा***

राजस्थान नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ गुरुवार को बीकानेर के दौरे पर रहे। इस दौरान पत्रकार वार्ता कर उन्होंने प्रदेश की गहलोत सरकार पर बड़ा हमला। उन्होंने कहा कि सीएम गहलोत की फ्री बिजली की घोषणा से पहले डिस्कॉम कंपनियों को घाटे से बाहर निकालने पर विचार करना चाहिए। सीएम गहलोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से इस कदर प्रभावित हो गए कि उन्हें देर रात राहत की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दरअसल, सीएम अशोक गहलोत ने बुधवार को प्रदेशवासियों को 100 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की थी। इसके अलावा कई तरह के सरचार्ज सहित अन्य छूट देने की भी घोषणा की थी। सीएम गहलोत की इन घोषणाओं पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने उन पर हमला बोला। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से सीएम इस कदर प्रभावित हो गए हैं कि उन्हें देर रात राहत की घोषणा करने को मजबूर होना पड़ा।

### गैंगस्टर व जिला पंचायत सदस्य की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क

**तुर्कपट्टी।** कसया की एसडीएम और सीओ ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर सपा के जिला पंचायत सदस्य एवं गैंगस्टर अमरेश यादव के छहूं स्थित आठ जगह की संपत्तियों को कुर्क किया। यह संपत्ति जिला पंचायत सदस्य के पिता चंद्रभान यादव और माता सूर्यमुखी देवी के नाम से दर्ज है। कुर्क की गई कुल संपत्ति करीब ढाई करोड़ रुपये की बताई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कुर्क करने का आदेश था। मकान और खेत सहित कुल आठ संपत्तियां कुर्क की गई है। इस मामले में परिवार पर पूर्व से गोवध निवारण सहित 56 मुकदमे दर्ज हैं। डीएम रमेश रंजन के निर्देश पर कसया की एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और सीओ कुंदन सिंह तुर्कपट्टी के एसओ आशुतोष सिंह के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल लेकर छहूं स्थित सपा के जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव के घर पहुंचे, जहां सपा नेता के पिता चंद्रभान यादव और माता सूर्यमुखी देवी के नाम आठ संपत्तियों को कुर्की करने की कार्रवाई शुरू की।

# फेक निकली उर्वशी के 190 करोड़ के घर वाली बात: मां मीरा बोलीं- काश ये बात सच होती



**मुंबई।** उर्वशी रौतेला के 190 करोड़ के घर वाली फेक निकली। उनकी मां मीरा रौतेला ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की। मीरा ने इस खबर का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा है- काश ये बात सच होती। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि उर्वशी ने जुहू में करीब 190 करोड़ का बंगला खरीदा है। ये भी बात सामने आई थी कि ये बंगला यश चोपड़ा के बंगले के पड़ोस में है। हालांकि जब दैनिक भास्कर ने मीरा से इस संबंध में पूछना चाहा तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। हमने इस मामले में उर्वशी से भी बात करनी चाही लेकिन इस समय वे दुबई में किसी शूट में बिजी हैं।

कांस फिल्म फेस्टिवल में उर्वशी ने अपने लुक से खूब सुर्खियां बटोरीं। इवेंट को ओपनिंग डे पर एक्ट्रेस ने अपने आउटफिट के साथ मगरमच्छ के आकार का नेकलेस पहना था। हालांकि, उसे नकली बताया गया, जिसके बाद उर्वशी सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुईं। वहीं उर्वशी की ढफटीम ने दावा किया था कि उर्वशी के इस नेकपीस की कीमत 200 करोड़ रुपए से बढ़कर 276 करोड़ रुपए हो गई है। एक्ट्रेस ने पोस्ट में बताया था कि यह कार्टियर ब्रांड का है।

## खास खबर

### जल्द होगी भारत और चीन के बीच 19वें दौर की सैन्य वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और चीन की हाल ही में यहां प्रत्यक्ष राजनयिक वार्ता हुई और इस दौरान पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध के अन्य बिंदुओं से सैनिकों के पीछे हटने के प्रस्ताव पर स्पष्ट और खुले तरीके से चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शांति और सद्भाव की बहाली द्विपक्षीय संबंधों के लिए अनुकूल स्थिति तैयार करने में मदद करेगी और इस उद्देश्य के लिए दोनों पक्ष जल्द से जल्द अगले दौर की सैन्य वार्ता आयोजित करने पर सहमत हुए हैं। यह बैठक भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के कार्य तंत्र ढांचे (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा ?कि दोनों पक्षों ने भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर हालात की समीक्षा की और बाकी क्षेत्रों से पीछे हटने के प्रस्ताव पर स्पष्ट और खुले रूप से चर्चा की। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों देशों 19वें दौर की वरिष्ठ कमांडर स्तर की बैठक जल्द आयोजित करने पर सहमत हैं।

### सैफ अली खान की बहन सबा खान को नोटिस जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने अभिनेता सैफ अली खान की बहन और नवाब मंसूर अली खान पटौदी की बेटी,सबा खान को नोटिस जारी किया है। वक्फ बोर्ड ने यह तीसरा नोटिस जारी किया है। सबा खान से पांच बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। मदीना स्थित रूबात में 2023 के हज यात्रियों के ठहरने की क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। हज यात्रियों को सुविधा मिलेगी या नहीं। सऊदी अरब स्थित मदीना में कितनी संपत्ति है। उससे कितनी आय हो रही है। आय का उपयोग किन मदों में किया जा रहा है। पहले 2नोटिस जारी किए गए थे। उनका कोई जवाब नहीं दिए जाने के बाद यह तीसरा नोटिस जारी किया गया है। नवाब मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सबा सुल्तान औकात ए शाही की मुतवल्ली हैं। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड और उनकी निजी संपत्ति को लेकर जो विवाद चल रहा है।

# पीएम को करेंगे आमंत्रित

## रामलला की प्राण प्रतष्ठिा के लिए पीएम मोदी को करेंगे आमंत्रित, ट्रस्ट का निर्णय

**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी को आमंत्रित किया जाएगा, इस आशय का निर्णय ट्रस्ट की बैठक में हुआ है। जानकारी के अनुसार श्रीराम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट का न्यासी बोर्ड सप्ताह भर चलने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करेगा। इसी दौरान अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक सप्ताह भर चलने वाला समारोह जनवरी 2024 में मकर संक्रांति से या उसके एक दिन बाद शुरू होगा। ट्रस्ट प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए एक शुभ तिथि तय करने के लिए प्रसिद्ध ज्योतिषियों से परामर्श कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, ट्रस्ट देशभर के मंदिरों में अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन भी करेगा। उन्होंन कहा कि हम पीएम मोदी को एक पत्र लिखेंगे और उनसे अयोध्या आने का अनुरोध करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि राम मंदिर के उद्घाटन के लिए तारीख की पुष्टि होनी बाकी है, इसलिए हम उन्हें लिखेंगे और उनसे दिसंबर-जनवरी 26 के



बीच आने का अनुरोध करेंगे। चंपत राय ने कहा कि राजस्थान के सफेद माकार्ना मार्बल का इस्तेमाल राम मंदिर के फर्श के लिए किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जनवरी के पहले हफ्ते तक अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करने की मंशा के तहत तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री अनेक स्थानों पर जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रहे हैं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार की मंशा है कि जनवरी के प्रथम सप्ताह तक मंदिर निर्माण पूर्ण हो जाए और देश-दुनिया के पर्यटक यहां अपने आराध्य के दर्शन कर सकें। इसके लिए हवाई अड्डा और रेलवे स्टेशन समेत अनेक संपर्क माध्यम का विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में सहादतगंज से नया घाट तक करीब 13 किलोमीटर लंबे रामपथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### इसरो जुलाई में लॉन्च करेगा चंद्रयान-3

**मुंबई।** भारत का स्पेस शिप चांद पर उतरने को तैयार है। इसरो जुलाई में चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। अगर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल रहती है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं।

चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लॉन्च किया गया था। करीब 2 महीने बाद 7 सितंबर 2019 को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने की कोशिश कर रहा विक्रम लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है। चंद्रयान-3 के स्पेस शिप की यह तस्वीर इसरो की तरफ से जारी की गई है।

चंद्रयान-3 के स्पेस शिप की यह तस्वीर इसरो की तरफ से जारी की गई है। इधर, रूस ने अपना मून लैंडर मिशन स्थगित कर दिया है। ऐसा ग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के एडिशनल चेक्स पूरे न होने की वजह से किया गया है। इससे पहले 2022 में भी रूसी मिशन तकनीकी दिक्कतों की वजह से टाला गया था। ऐसे में भारत के चंद्रयान-3 के पास रूस से पहले चंद्रमा पर उतरने का मौका है।

# पीएम मोदी 5 जून को आएंगे गुजरात, अंत्रोली में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का करेंगे निरीक्षण

## दौरे को देखते हुए अंत्रोली में सुरक्षा समेत अन्य तैयारियां शुरू हो गई

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 5 गुजरात को गुजरात आएंगे प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए अंत्रोली में सुरक्षा समेत अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। अपने गुजरात दौरे के दौरान पीएम मोदी अंत्रोली में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे देश की पहली बुलेट ट्रेन पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसका काम कहां तक पहुंचा ये जानने की उत्सुकता सभी को है पीएम मोदी लगातार अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर नजर रखे हुए हैं। अहमदाबाद-मुंबई के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण और प्रगति की समीक्षा करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 जून को सूरत आ रहे हैं। पीएम मोदी सूरत जिले की पलसाणा तहसील के अंत्रोली गांव के निकट बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे देश की पहली बुलेट ट्रेन का स्टेशन अंत्रोली गांव में तैयार हो गया है, जिसका



निरीक्षण करने का प्रधानमंत्री मोदी अंत्रोली आ रहे हैं पीएम मोदी के आगमन को लेकर अंत्रोली में तैयारियां तेज हो गई हैं।

पीएम मोदी अंत्रोली के क्रिकेट ग्राउंड में बने हेलिपेड पर उतरेंगे और वहां से सीधे बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए रवाना हो जाएंगे पीएम मोदी के रूट और सुरक्षा इत्यादि की समीक्षा की जा रही है।

गौरतलब है भारत की पहली मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (एमएएचएसआर) या बुलेट ट्रेन, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1 लाख 8,000 करोड़ रुपये है, को अगस्त 2026 तक सूरत-बिलिमोरा (63 किमी) के बीच ट्रायल रन के लिए लक्षित किया गया है नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अनुसार, बुलेट ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी और मुंबई-अहमदाबाद के बीच की पूरी दूरी को केवल 127 मिनट में तय करेगी एमएएचएसआर में वायडक्ट्स (460 किमी) और पुल (9.22 किमी), सुरंग (25.87 किमी), तटबंधों/कटिंग (12.9 किमी) के माध्यम से 92 प्रतिशत हाई-स्पीड एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शामिल हैं।

# एयरपोर्ट पर महिला ने कहा बैग में बम है, पूरे एयरपोर्ट पर मची अफरा-तफरी

## अतिरिक्त शुल्क पर दी झूठी जानकारी

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब बैग चेक-इन के दौरान एक महिला ने कहा कि बैग में बम है। इससे वहां सुरक्षाकर्मी भी अलर्ट मोड पर आ गए लेकिन महिला ने बम होने की झूठी जानकारी दी। इसके बाद उक्त महिला को बैग में बम होने की बात बताना महंगा पड़ गया. सहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई एयरपोर्ट पर बैग चेक-इन के दौरान रुचि शर्मा नाम की महिला यात्री ने कहा कि बैग में बम है. चेक-इन के दौरान बोर्डिंग पास लेते समय महिला ने यह जानकारी दी। जिसके बाद एयरपोर्ट पर अफरातफरी मच गई। बम होने का पता चलते ही पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद डॉग टीम को बुलाकर बैग की जांच की गई लेकिन बैग में बम नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई की। महिला को सहार पुलिस ने मुंबई हवाईअड्डे पर अपने बैग में बम



होने की झूठी सूचना देकर सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रूचि शर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 336 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने एक दिन के भीतर महिला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। पुलिस के मुताबिक रुचि शर्मा के पास कुल 22 किलो वजन के दो बैग थे जबकि अधिकतम 15 किलो वजन के एक बैग को घरेलू यात्रा की अनुमति है। रुचि शर्मा ने अतिरिक्त शुल्क देने से इनकार कर दिया था। इसलिए एयरपोर्ट पर विवाद हो गया। तो उसने कहा कि बैग में बम है और इस अफवाह से हड़कंप मच गया। *एजेंसी*

# सुलह की कोशिश के बीच पायलट का गहलोत पर अटैक

## नौजवानों को इंसाफ दिलाने की बात पर समझौता नहीं

**टोंक।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने टोंक जिले के दौरे के दौरान फिर से सीएम अशोक गहलोत सरकार पर हमला किया है। सीएम गहलोत और पायलट में सुलह के दावे और दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के बाद टोंक पहुंचे पायलट के बयान का सभी को इंतजार था। गहलोत-पायलट में सुलह के दावों के बीच पायलट ने कहा कि नौजवानों को इंसाफ दिलाने की बात पर समझौता संभव नहीं है। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस ने हमेशा नौजवानों को प्रोत्साहित कर राजनीति और अन्य क्षेत्रों में आगे आने का मौका दिया है। नौजवानों के साथ कुछ भी गलत होता है, तब पार्टी हमेशा खिलाफ रही है। इसके बाद भ्रष्टाचार और नौजवानों के भविष्य को लेकर समझौता संभव नहीं है। आलाकमान के साथ बैठक पर पायलट ने कहा कि दिल्ली में मैंने जो मांगे रखीं उसका संज्ञान पार्टी को है।

पायलट ने कर्नाटक नतीजों के बहाने बीजेपी पर निशाना साधकर कहा कि कर्नाटक में बीजेपी का जो हाल हुआ वह हम सभी ने देखा है। डबल इंजन के नाम पर झांसा देने वाली बीजेपी सरकार का इंजन सीज होना शुरू हो गया है। कर्नाटक में बीजेपी की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने आरोप लगाए और हमारे आरोपों पर जनता ने मोहर लगा दी। राजस्थान बीजेपी विपक्ष की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं है। साढ़े 4 साल में सदन के अंदर और सदन के बाहर बीजेपी ने मजबूत विपक्ष का प्रमाण नहीं दिया। प्रभावशाली विपक्ष लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन बीजेपी की आपसी खींचतान के कारण



जनता बीजेपी से उम्मीद खो चुकी है। इसलिए प्रधानमंत्री बार-बार राजस्थान आकर उम्मीद जगा रहे हैं, लेकिन इससे पार पड़ने वाली नहीं है।

लोगों की समस्याओं को सुनकर जरूरत के हिसाब से आगामी दिनों में सड़क, स्कूल, अस्पताल बनाने के लिए करोड़ों रुपए की घोषणाएं की हैं। टोंक शहर में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पायलट ने कहा कि नौजवानों के लिए बात नहीं रखूंगा, तब नौजवानों के मन से उम्मीद खत्म हो जाएगी। पेपर लीक और परीक्षा रद्द हमारी प्राथमिकता में नहीं तब हमारी प्राथमिकता में क्या है? किसी को समझना नहीं चाहिए की मैंने अपनी बात रखकर छोड़ दी है।

# केदारनाथ में बिगड़े हालात

## केदारनाथ धाम में माइनस हुआ तापमान, लगातार हो रही बर्फबारी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में लगातार हो रही बारिश के कारण यहां का तापमान माइनस में पहुंच गया है। हालांकि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों का हुजूम उमड़ रहा है। हर कोई चारधाम के दर्शन करना चाहता है। खासकर बुजुर्गों में ये चाहत ज्यादा है।



लेकिन केदारनाथ में इन दिनों लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। इससे केदारनाथ धाम का तापमान माइनस में चला जा रहा है। आज भी केदारनाथ में अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

जानकारी के अनुसार कड़ाके की ठंड के कारण आज एक बुजुर्ग केदारनाथ धाम में बेहोश हो गई थी। जबकि उत्तराखंड पुलिस के जवान प्रमोद बुजुर्ग महिला को पीठ पर बिठाकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने चारधाम यात्रा पर आने वाले बीमार और बुजुर्ग लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। उनका कहना है कि, चारधाम यात्रा में बीपी, दमा और डायबिटीज के मरीज अपना विशेष ख्याल रखें। क्योंकि हिमालय की ऊंची पहाड़ियों पर जब तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं, तो अचानक उन्हें कम तापमान और कम ऑक्सीजन की मुश्किलें झेलनी पड़ती है। ऐसे में कम ऑक्सीजन की वजह से शरीर पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# जेड प्लस सुरक्षा लेने से सीएम मान का इंकार

## बोले-उन्हें पंजाब पुलिस की विशेष सुरक्षा प्राप्त

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र द्वारा स्वीकृत की गई जेड प्लस सुरक्षा लेने से मना कर दिया है। इस लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को एक पत्र लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखे पत्र में सीएम ने पंजाब और दिल्ली की सुरक्षा लेने से इनकार करते हुए कहा है कि इन दोनों जगहों पर उन्हें पंजाब पुलिस की विशेष सुरक्षा प्राप्त है। केंद्र सरकार ने करीब एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री मान को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान को मंजूरी देकर पूरा सुरक्षा कवच प्रदान करने को कहा था। केंद्र ने सीआरपीएफ को निर्देश दिए थे कि वह पंजाब के मुख्यमंत्री मान को तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय आधार पर ह्यजेड प्लसह्ण सुरक्षा कवर प्रदान करे। पंजाब पुलिस सुरक्षा के अलावा जेड सुरक्षा कवर मुख्यमंत्री के घर और




परिवार के करीबी सदस्यों को सुरक्षित रखने के लिए स्वीकृत किया गया था। सीमावर्ती राज्य में खालिस्तानी गतिविधियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री को खतरे की धारणा पर रिपोर्ट तैयार करने के दौरान केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मान के लिए इस तरह के सुरक्षा कवर की सिफारिश की थी। सीआरपीएफ द्वारा इसके लिए 55 सशस्त्र जवानों की एक टीम सीएम मान के घर भेजी जानी थी।

गौरतलब है कि मार्च में सीएम मान की बेटी को कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों से धमकी भरे फोन आए थे। एक वकील ने दावा किया था कि अमेरिका में रहने वाली मान की बेटी सीरत कौर मान को खालिस्तानी समर्थक तत्वों ने कथित तौर पर फोन कर अपशब्द कहे थे। यह घटनाक्रम पंजाब में स्वयंभू सिख उपदेशक और वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उनके सहयोगियों पर कार्रवाई दौरान सामने आया था।

सीएम मान की सुरक्षा टीम ने केंद्र को चिट्ठी लिखकर कहा है कि उन्हें पंजाब और दिल्ली में जेड प्लस सुरक्षा की जरूरत नहीं है। उनके लिए पंजाब और सीएम सुरक्षा की स्पेशल टीम ही काफी है। इस फैसले की वजह बताकर चिट्ठी में लिखा गया है कि पंजाब और दिल्ली में दो सुरक्षा चक्र होने के चलते समस्या हो सकती है। बीते 25 मई को ही केंद्र सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया था।

### 50 हजार डॉलर देकर सीएम पिनाराई विजयन के साथ कर सकेंगे मंच साझा

**तिरुवनंतपुरम।** अमेरिका में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के साथ मंच साझा करने की इच्छा रखने वाले को 50 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करना होगा। इसे लेकर विपक्ष ने निशाना साधा है। विपक्ष के नेता वी.डी.सतीशन ने कहा कि यह समझ के बाहर है कि मुख्यमंत्री विदेश की इतनी यात्राएं क्यों करते हैं, जब किसी को उनकी पिछली यात्राओं के परिणाम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। स्पॉन्सरशिप की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए सतीशन ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ और यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री विजयन से इस प्रायोजन कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का अनुरोध करते हैं, क्योंकि यह राज्य द्वारा संचालित एजेंसी नोरका द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसलिए ऐसा कभी नहीं होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि केवल नकदी संपन्न प्रवासी भारतीयों पर ही नजर रखी जा रही है।



**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं, यही कारण है कि यहां भांजों के पैर छूने की परंपरा है। प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के लोग जुड़ रहे हैं। गुरुवार को दिनभर सोशल मीडिया में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव छाया रहा।**



**सेंसेक्स**
सेंसेक्स 193.70 अंक की गिरावट के साथ 62,428.54 अंक पर बंद



**सोना**
80 रुपये की तेजी के साथ 60,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 194 अंक टूटा

## सेंसेक्स 193.70 अंक की गिरावट के साथ 62,428.54 अंक पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 194 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच बैंक, धातु और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरू में बढ़त के साथ खुला। लेकिन अंत में 193.70 अंक यानी 0.31 फीसदी की गिरावट के साथ 62,428.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 263.1 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 46.65 अंक यानी 0.25 की गिरावट के साथ 18,487.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल 3.42 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक 3.31 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे।
देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में उम्मीद से अधिक 6.1 प्रतिशत रही है। इसके साथ पूरे वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से ज्यादा 7.2 प्रतिशत रही है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 72.48 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।
वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच गुरुवार के कारोबारी दिन बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरूआत हुई है। सेंसेक्स 25.86 अंक की बढ़त के साथ 62,648.10 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 14.85 अंक की बढ़त के साथ 18,549.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार फ्लैट कारोबार कर रहा था। फिलहाल सेंसेक्स 22.51 अंक की बढ़त के साथ 62,644.75 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 59.80 अंक की बढ़त के साथ 18,594.20 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार बीएसई सेंसेक्स करीब 347 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बैंक, पेट्रोलियम और धातु शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट रही। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 346.89 अंक की गिरावट के साथ 62,622.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.45 अंक की गिरावट के साथ 18,534.40 अंक पर बंद हुआ।

## कोकाकोला, पेप्सी और स्प्राइट को टक्कर देगा भारतीय ब्रांड बिसलेरी



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती गर्मी के कारण कोल्ड ड्रिंक्स की मांग बढ़ी है। लोगों की बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखकर कंपनियां नए-नए फ्लेवर को बाजार में ला रही है। इस बीच, पैकेज्ड वाटर कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल ने भी बड़ी कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स जैसे कोकाकोला, (पेप्सी), स्प्राइट, को टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो में कार्बोनेटेड पेय पदार्थों को शामिल कर लिया है। इसकी जानकारी कंपनी ने दी। बता दें कि बिसलेरी ने तीन नए फ्लेवर में अपने ड्रिंक्स को बाजार में उतारा है। कंपनी के अनुसार, जो नए फ्लेवर में कोल्ड ड्रिंक को लांच किया है, उसमें रेव, पोपा और स्पाई जीरा सब ब्रांड शामिल हैं। इसके जरिए कंपनी लोगों को अपने नए फ्लेवर की कोल्ड ड्रिंक में फिज कोला, ऑरेंज, लेमन और जीरा कैटेगरी के टेस्ट प्रोवाइड करना चाहती है। बता दें कि बिसलेरी पैकेज्ड वाटर के साथ ही अपने लिमोनाटा ब्रांड के तहत कार्बोनेटेड ड्रिंक भी बेचती है। बीते साल टाटा ग्रुप बिसलेरी इंटरनेशनल को खरीदने वाला था। हालांकि, बाद में बिसलेरी के मालिक रमेश चौहान ने अपना उत्तराधिकारी न होने और बढ़ती उम्र में खराब स्वास्थ्य होने का कारण बताकर बिसलेरी को बेचने का मन बनाया था। इस कंपनी को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप के अलावा और भी कई कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन टाटा कंज्यूमर के साथ ये डील लगभग पूरी हो गई था। मगर लास्ट मोमेंट में दोनों कंपनियों के बीच वैल्यूएशन को लेकर बात बिगड़ गई और उसके बाद इस डील को तोड़ दिया गया।

## देश के विनिर्माण क्षेत्र में तेजी, 31 महीने के उच्च स्तर पहुंचा पीएमआई

**नई दिल्ली ।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई महीने के दौरान बंपर तेजी देखी गई और इसकी गतिविधियां 31 महीने के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक निजी सर्वे में गुरुवार को यह जानकारी सामने आई। मई महीने के दौरान भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंध सूचकांक (पीएमआई) 58.7 पर पहुंच गया।

यह अक्टूबर 2020 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे जबरदस्त तेजी है। यह बताता है कि मई महीने के दौरान भारत में कारखानों का आउटपुट करीब ढाई साल में सबसे बेहतर रहा है। एक दिन पहले मार्च तिमाही के जीडीपी ग्रोथ रेट के शानदार आंकड़ों के बाद मई महीने के दौरान कारखानों की गतिविधियों में जबरदस्त सुधार आगे के लिए बेहतर संकेत देते हैं। मई महीने के दौरान लगातार 23वें महीने पीएमआई सूचकांक 50 से ऊपर रहा है। इससे पहले अप्रैल महीने के दौरान भारत में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां 4 महीने के उच्च स्तर पर रही थीं। अप्रैल महीने के दौरान आउटपुट और नए ऑर्डर में शानदार वृद्धि से विनिर्माण क्षेत्र को मदद मिली थी।

## विदेशी करेंसी को बेचने से आरबीआई को हुई बंपर कमाई, सरकार को मिला मोटा लांभाश

*केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट भी काफी मजबूत हो गई*



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तवर्ष 2022-23 में बंपर कमाई की है और मोदी सरकार को भी खूब पैसा दिया। आरबीआई की कमाई में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी विदेशी करेंसी को बेचने की रही है। आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि उसे बीते वित्तवर्ष में 47 फीसदी ज्यादा कमाई हुई। यह उससे पहले के वित्तवर्ष के मुकाबले करीब डेढ़ गुना पहुंच गई है। आरबीआई की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 में रिजर्व ने कुल 2.35 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राशि एक वित्तवर्ष पहले तक महज 1.60 लाख करोड़ रुपये थी। यानी बीते साल आरबीआई की सालाना कमाई 47 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान सिर्फ विदेशी मुद्रा के ट्रांजेक्शन से होने वाली कमाई ही 50 फीसदी बढ़ी है। आरबीआई ने बताया है कि उसे विदेशी मुद्रा के एक्सचेंज से 1.03 लाख करोड़ रुपये की कमाई है। रिजर्व बैंक की कमाई बढ़ने से मोदी सरकार को भी बंपर मुनाफा हुआ है। इस बार आरबीआई ने लाभांश के रूप में केंद्र सरकार को 87,416 करोड़ रुपये दिए हैं, जो बजट में लगाए गए अनुमान से भी कहीं ज्यादा है। इसके पहले केंद्र को आरबीआई से मिले लाभांश की राशि करीब 40 हजार करोड़ रुपये थी। इस बार आरबीआई का लाभांश मिला है, तब राजकोषीय घाटे को भी काबू करने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने बीते वित्तवर्ष रिकॉर्ड मात्रा में विदेशी मुद्रा का एक्सचेंज किया है। आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में करीब 213 अरब डॉलर (17.25 लाख करोड़ रुपये) की विदेशी मुद्रा का एक्सचेंज किया है। यह 2021-22 में एक्सचेंज की गई राशि का करीब दोगुना है। विदेशी मुद्रा का विनिमय रिजर्व बैंक की कमाई का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। दरअसल रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने के बाद ग्लोबल मार्केट में महंगाई और सप्लाई बुरी तरह बाधित हुई। इसका असर रुपये पर भी पड़ा और उसका मूल्य गिरने लगा। इसमें जारी गिरावट को थामने के लिए रिजर्व बैंक को लगातार डॉलर की बिक्री करनी पड़ी। ऐसा करने से रुपये में जारी गिरावट थम गई, जो एक समय डॉलर के मुकाबले 83 के स्तर तक गिर गया था। रिजर्व बैंक की कमाई बढ़ने और विदेशी मुद्रा पर नियंत्रण मजबूत होने से केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट भी काफी मजबूत हो गई है। आंकड़ों में बताया है कि वित्तवर्ष 2023 में आरबीआई की बैलेंस शीट 2.5 फीसदी बढ़कर 63.45 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्तवर्ष में महज 61.9 लाख करोड़ रुपये थी। आरबीआई ने सिर्फ केंद्र सरकार को ही मोटा लाभांश नहीं दिया है, बल्कि 1.3 लाख करोड़ रुपये की राशि रिस्क बफर में भी डाली।

## पतंजलि के प्रमोटर्स बेचेंगे 6 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स ने एक्सचेंजों को दी जानकारी के मुताबिक कंपनी के प्रमोटर्स अपनी 6 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं। जून महीने में मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग की शर्तों को पूरा करने के लिए प्रमोटर्स 6 फीसदी हिस्सेदारी इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स को बेचेंगे। बता दें कि सेबी के नियम कहते हैं कि किसी भी लिस्टेड कंपनी की कम से कम 25 फीसदी हिस्सेदारी ओपन मार्केट में होना चाहिए। गौरतलब है कि पतंजलि फूड्स को पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता था। समूह ने इनसॉल्वेंसी रिज्योलूशन के जरिए सितंबर 2019 में रुचि सोया खरीद था। इसके बाद इसका नाम बदल कर पतंजलि फूड्स रखा गया। बाबा रामदेव ने इस बारे में कहा कि हम बाजार नियामक सेबी के नियमों के मुताबिक मिनिमम पब्लिक शेयहोल्डिंग के नियमों को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी जून महीने में अपनी 6 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश कर रही है।

## सोना 60 हजार के नीचे, चांदी भी 72 हजार से फिसली



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की वायदा कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव घटकर 72 हजार रुपए और सोने के वायदा भाव गिरकर 60 हजार रुपए से नीचे आ गए हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गुरुवार को चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 245 रुपए की गिरावट के साथ 71,857 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 331 रुपए की गिरावट के साथ 71,771 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,957 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 71,711 रुपए किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 83 रुपए की गिरावट के साथ 60,115 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 248 रुपए की गिरावट के साथ 59,950 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 60,115 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,900 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने इस कॉन्ट्रैक्ट ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## अमेरिका कांग्रेस संसद में डेट सीलिंग बिल मंजूर

**वाशिंगटन।** लोन डिफॉल्ट की ओर बढ़ रहे अमेरिका के लिए राहत की खबर है। अमेरिका में डेट सीलिंग बिल को मंजूरी मिल गई है। अमेरिका मे यूएस कांग्रेस यानी संसद ने बिल को मंजूरी दे दी है। अब इस बिल को यूएस सीनेट से मंजूरी मिलना बाकी रह गया है। इस मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सीनेट से अपील की है कि डील पर जल्द से जल्द वोटिंग की जाए। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए डेट सीलिंग बिल का पास होना अहम है। यूएस कांग्रेस में डेट सीलिंग बिल के पक्ष में 314 वोट पड़े। जबकि इसके विरोध में 117 वोट पड़े। डेट डिफॉल्ट को टालने के लिए इस बिल को पास किया गया है। यूएस कांग्रेस से पास होने के बाद डेट सीलिंग बिल को सीनेट में भेजा जाएगा। यूएस कांग्रेस में डेट सीलिंग बिल पास होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि डेट डिफॉल्ट को रोकने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। बता दें कि यूएस कांग्रेस के बाद सीनेट में भी बिल को मंजूरी मिलने के बाद अगले 2 साल के लिए यूएस की कर्ज सीमा बढ़ा दी जाएगी।

## सरकार कोल इंडिया में तीन फीसदी तक हिस्सेदारी बेचेगी



**नई दिल्ली।** सरकार ने कोल इंडिया में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना बनाई है। यह हिस्सेदारी एक जून से बिक्री पेशकश माध्यम से बेची जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि बिक्री पेशकश (ओएफएस) खुदरा और गैर-खुदरा निवेशकों के लिए एक और दो जून को जारी रहेगी। कोल इंडिया ने कहा कि प्रस्ताव के तहत कंपनी के 9.24 करोड़ शेयर यानी 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेची जाएगी। इसके अलावा अतिरिक्त बोली आने पर इतनी ही बिक्री और करने का विकल्प रखा गया है। कोल इंडिया का शेयर बुधवार को 241.20 रुपए पर बंद हुआ। इस दर से कंपनी के तीन प्रतिशत हिस्सेदारी की कीमत लगभग 4,400 करोड़ रुपए होगी। सूचना में कहा गया है ?कि बिक्रेता ने 10 रुपए अंकित मूल्य के 9,24,40,924 इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है। यह बिक्री खुदरा और गैर-खुदरा निवेशकों के लिए एक और दो जून को होगी। यह कुल चुकता शेयर पूंजी का 1.5 प्रतिशत है। इसके अलावा ज्यादा बोली आने पर इतने ही संख्या में और शेयर यानी 1.5 प्रतिशत और हिस्सेदारी बेचने का विकल्प रखा गया है।

## उत्तर प्रदेश के सैकण्ड हैण्ड कार मार्केट में कार्स 24 की धूम



**नई दिल्ली।** भारत की जानी-मानी ऑटो टेक कंपनी कार्स 24 ने पिछले 90 दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश में सैकण्ड हैण्ड गाड़ियों की बिक्री में 100 फीसदी शानदार बढ़ोतरी (पिछले साल की समान अवधि की तुलना में) दर्ज की है। राज्य में हजारों कारों की खरीद-बिक्री को आसान बनाकर कार्स 24 उत्तर प्रदेश में सैकण्ड हैण्ड गाड़ियों के लिए सबसे भरोसेमंद प्लेटफॉर्म बन गया है। 2015 में लखनऊ में अपनी सेवाओं की शुरूआत करने के बाद कार्स 24 ने अपनी मौजूदगी को लगातार बढ़ाया है और आज कंपनी उत्तर प्रदेश के 35 शहरों में अपना संचालन कर रही है। प्रदेश के उपभोक्ता सैकण्ड हैण्ड गाडियों की व्यवहारिकता, विश्वसनीयता और किफायती दामों को खूब पसंद कर रहे हैं, खासतौर पर जब इन गाड़ियों को कार्स 24 जैसे भरोसेमंद प्लेटफॉर्म से खरीदा जाता है। इसके अलावा हाल ही के वर्षों में जीरो डाउन पेमेन्ट की सुविधा भी बढ़ी है, जिसके चलते सैकण्ड हैण्ड गाड़ियों की मांग बढ़ रही है। यही कारण है कि कंपनी इस क्षेत्र में लगातार विकसित हो रही है। उत्तर प्रदेश के ऑटोमोटिव मार्केट में कार्स 24 के विकास का श्रेय इनकी भरोसेमंद सेवाओं, बेहतरीन कस्टमर सर्विस तथा राज्य में किफायती एवं व्यवहारिक गाड़ियों की बढ़ती मांग को दिया जा सकता है। साथ ही सरकार द्वारा सड़कों में निवेश के चलते भी इस विकास को गति मिली है और कार्स 24 उत्तर प्रदेश के ऑटोमोटिव सेक्टर में भरोसेमंद एवं प्रमुख ब्राण्ड के रूप में स्थापित हो गया है।राज्य में विकास के बारे में बात करते हुए कार्स 24 के को-फाउंडर, गजेन्द्र जांगिड़ ने बताया, ह्यह्यउत्तर प्रदेश तेजी से विकसित होता ऑटो मार्केट है, जो देश में वाहनों की सेल्स में तकरीबन 15 फीसदी योगदान देता है। ऐसे में यह प्रदेश हमारे लिए बहुत अधिक मायने रखता है। हमें खुशी है कि राज्य के उपभोक्ताओं से हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हम कार की खरीद-बिक्री को हर किसी के लिए आसान, सुलभ और सहज बनाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं ने हम पर जो भरोसा दिखाया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं और आने वाले समय में भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कोशिश करते रहेंगे। ***एजेंसी***

## ग्रांड चेरोकी के दोनों मॉडल्स में खामी का पता चला कंपनी ने 90 हजार गाड़ियों को रिकॉल किया



**नई दिल्ली।** जीप कंपनी के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। सबसे ज्यादा बिकने वाली कंपनी की एसयूवी ग्रांड चेरोकी के दोनों मॉडल्स में बड़ी खामी का पता चला है। जिसके बाद कंपनी ने 90 हजार गाड़ियों को रिकॉल किया है। इसके लिए कंपनी ने अपने कस्टमर्स से संपर्क करना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्रांड चेरोकी औरग्रांड चेरोकी एल के 2021 से 2023 के बीच मैन्युफैक्चर हुए मॉडल्स को रिकॉल किया गया है। इनमें ग्रांड चेरोकी के 2022 और 2023 में बने मॉडल्स और ग्रैंड चैरोकी एल के 2021 से 2023 के बीच बने मॉडल्स को रिकॉल किया गया है। ये रिकॉल यूएस में सेल हुई गाड़ियों के लिए है। जानकारी के अनुसार 89,372 यूनिट्स को कंपनी ने सही करने के लिए बुलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी की ओर से समस्या का पूरी तरह से विवरण नहीं दिया गया है लेकिन ये जरूर बताया गया है कि कार के स्टीयरिंग कॉलम में तकनीकी समस्या देखने को मिली है, जिसके बाद कंपनी ने इन सभी गाड़ियों को रिकॉल करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि स्टीयरिंग कॉलम की समस्या के चलते स्टीयरिंग जाम हो सकता है जिससे हादसा भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जीप की इस गाड़ी की कीमतों में एक लाख रुपये का इजाफा किया गया था। इस गाड़ी की कीमत पहले 78.50 लाख रुपये एक्स शोरूम थी जिसे बढ़ा कर 79.50 लाख रुपये कर दिया गया था। इन दोनों ही कारों का सीधा मुकाबला ऑडी क्यू 7, मर्सिडीज बेंज जीएलई, रेंज रोवर वेलॉर से है। हाल ही में चैरोकी का नया मॉडल ऑटो एक्सपो केक दौरान इंडिया में लॉन्च भी किया गया था।

**संक्षेप**

### मैक्स लाइफ ने 99.51 प्रतिशत के साथ दर्ज किया सर्वोच्च क्लेम पेड रेश्यो

**लखनऊ।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 में 99.51 प्रतिशत के साथ सर्वोच्च क्लेम पेड रेश्यो दर्ज किया है। इंश्योरेंस रिलेशनशिप के इस सबसे अहम बिंदु पर ग्राहकों के भरोसे को ध्यान में रखते हुए मैक्स लाइफ ने लगातार चौथे साल 99 प्रतिशत के क्लेम पेड रेश्यो की सीमा को पार किया है। ग्राहकों को ध्यान में रखने की प्रतिबद्धता के साथ मैक्स लाइफ ने अपने नए कैंपेन इंडिया के भरोसे का नंबर के ही अनुरूप जरूरत के वक्त पर ग्राहकों को वित्तीय रूप से संरक्षित करने के अपने वादे को पूरा किया है। मैक्स लाइफ के एमडी एवं सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, हम लगातार अपने सबसे कॉम्प्लेक्स प्रोसेस की दक्षता बढ़ाने और क्लेम एवं अंडरराइटिंग समेत अपने परिचालन को डिजिटल बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इस प्रगति की झलक इस साल हमारे क्लेम पेड रेश्यो में दिखती है, जो पिछले पांच साल से इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ में से है। हमारा मानना है कि हमारा क्लेम पेड रेश्यो ग्राहकों के उस भरोसे को पूरा करने का ही प्रतीक है, जो भरोसा ग्राहक हम पर जताते हैं। हम इसे और भी बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहेंगे। मैक्स लाइफ ने अपने मजबूत फ्रॉड मैनेजमेंट कंट्रोल्स के साथ एक प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स बेस्ड अंडरराइटिंग मॉडल तैयार किया है, जिससे कंपनी को तेजी से और बेहतर तरीके से क्लेम मैनेजमेंट में मदद मिलती है। ग्राहकों को सुगमएवं सरल सेवा प्रदान करने और सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए भी कंपनी सक्रियता से प्रयासरत है। इससे मैक्स लाइफ को ग्राहकों का विश्वास एवं संतुष्टि बढ़ाने तथा अपना नेट प्रमोटर स्कोर (एनपीएस) बढ़ाने में मदद मिली है। पिछले पांच वर्षों में क्लेम एवं अंडरराइटिंग को लेकर डिजिटल इन्वेस्टमेंट के दम पर मैक्स लाइफ ने क्लेम पेड रेश्यो में लगातार सुधार किया है और इसे वित्त वर्ष 2018-19 के 98.74 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2022-23 में 99.51 प्रतिशत पर पहुंचा दिया। हंसा रिसर्च द्वारा एक इंडस्ट्री बेंचमार्किंग स्टडी (इंश्योरेंस सीयूएस 2023) के अनुसार, नेट प्रमोटर स्कोर के आधार पर मैक्स लाइफ शीर्ष दो कंपनियों में शुमार है और इकोनॉमिक टाइम्स ने 2022 में इसे बेस्ट बीएफएसआई ब्रांड्स में से एक रूप में चुना था।

### मिंत्रा और कोटक महिंद्रा बैंक ने डिजिटल फैशन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए साझेदारी की

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल/कोटक) नेआज भारत के प्रमुख फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन में से एक,मिंत्रा के साथ साझेदारी में अपनी तरह का पहला को-ब्रांडेड डिजिटल फैशनऔर लाइफस्टाइल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कदम ऑनलाइन फैशनबाजार में एकदम अनूठा है। ढेर सारे फायदों की पेशकश करते हुए,को-ब्रांडेड कोटक मिंत्रा क्रेडिट कार्डफैशन को लेकर सजग उपभोक्ताओं कोअसीमित लेन-देन के जरिये बड़ी बचत मेंसक्षम बनाएगा। मिंत्रा के साथ-साथकोटक मोबाइल एप्लिकेशन में मिनटों में आसान डिजिटल यात्रा के माध्यम से इसकार्ड का लाभ उठाया जा सकता है। मिंत्रा के मौजूदा ग्राहक मिंत्रा ऐप पर ही पूरी तरह से डिजिटल तरीके से कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। कोटक मिंत्रा क्रेडिट कार्ड मास्टर कार्ड और रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध होगा। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड में क्रेडिट कार्ड्स के बिजनस हेड फ्रेडरिक डिसूजा ने कहा, मिंत्रा फैशन औरग्राहक अनुभव में सर्वश्रेष्ठ का दूसरा नाम है। हम समझदार फैशन के प्रतिलस्पर्धी लोगों के लिए इस अनूठे उत्पाद की पेशकश करने के लिए मिंत्रा केसाथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। हमारी साझेदारी उन सभी चीजों कासंगम है जो ग्राहकों की खुशी और भरोसे का प्रतीक है। इस क्रेडिट कार्डको हमारे लक्षित ग्राहकों की जीवनशैली और फैशन खरीदारी की आदतों केअनुरूप विशेष विशेषाधिकारों और अनूठे फायदों के साथ डिजाइन कियागया है। हम उनकी क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने और अनूठी सेवा प्रदानकरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### यस बैंक ने जारी किया अपना नया लोगो

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने आज अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया, जो बदलते समय के लिहाज से प्रासंगिक एक महत्वपूर्ण विजुअल परिवर्तन है। बैंक की गतिशील नई पहचान को ग्राहकों की उभरती जरूरतों और आकांक्षाओं के साथ जोड़ते हुए डिजाइन किया गया है। साथ ही बैंक का यह नया लोगो अपने हर दिन को पूरी तरह से जीने के इरादे और हमेशा कुछ नया करने के लक्ष्य को भी दशार्ता है। बैंक का यह नया नेरेटिव आज के यस बैंक के उन प्रमुख मूल्यों को को भी दशार्ता है, जिनके तहत ग्राहकों की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। साथ ही बैंक अपने ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों का ख्याल रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी व्यक्त करता है। अपनी ताजा पहचान के हिस्से के रूप में यस बैंक ने एक जीवंत और आकर्षक नया लोगो लॉन्च किया है जो बैंक की मौजूदगी को पूरे प्रभावी अंदाज में सामने रखता है। नए लोगो की डिजाइन और भाषा डिजिटल अनुकूल है और एक ऐसे ब्रांड को दशार्ती है जो ग्राहकों के अनुकूल कदम उठाने के लिए हर समय तैयार रहता है। यह अपने मूल मूल्यों के प्रति ईमानदार रहते हुए बैंक की प्रगतिशील भावना को भी दशार्ता है। बैंक के नाम के साथ जुड़े टिक को उड़ते हुए पक्षी में बदल दिया गया है, जो बैंक की बढ़ती की वर्तमान स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अलावा, स्मूद कॉर्नर के साथ पहले से अधिक मजबूत टाइपोग्राफी के जरिये बैंक का यह लोगो अपने आकर्षक अंदाज के कारण लोगों को लुभाता है। बैंक के लोगो के साथ जुड़े जाने-पहचाने नीले और लाल रंगों का भी मेकओवर हो गया है; लाल और नीले रंग में एक इलेक्ट्रिक टोन है, जो बेहतर ऊर्जा और नवीनता का प्रतिनिधित्व करता है जिस पर आज का यस बैंक खड़ा है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत कुछ शहरों में बदली

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम भारतीय तेल कंपनियों की ओर से जारी कर दिए गए हैं। इसमें कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। बड़े महानगरों में दाम स्थिर बने हुए हैं। वहीं कुछ शहरों में पेट्रोल की कीमत बढ़ी है तो कहीं कमी देखने को मिल रही है। पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता हुआ है। इसके अलावा नोएडा में भी पेट्रोल की कीमत में 13 पैसे की कमी आई है। सुबह 6 बजे हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। पेट्रोल व डीजल की कीमत में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसकी कीमत मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाती है। इन शहरों में पेट्रोल डीजल के दामझ्र दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### बजाज ऑटो की बिक्री मई में 29 प्रतिशत बढ़कर 3,55,148 इकाई हुई

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की कुल बिक्री मई में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 29 प्रतिशत बढ़कर 3,55,148 इकाई रही। बजाज ऑटो ने यह जानकारी दी। कंपनी ने मई, 2022 में कुल 2,75,868 वाहन बेचे थे। कंपनी की कुल दोपहिया वाहन बिक्री पिछले महीने 3,07,696 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि के 2,49,499 इकाई से 23 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि मई घरेलू बाजार में उसकी दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 1,94,811 इकाई हो गई, जो पिछले साल के समान महीने में 96,102 इकाई थी। हालांकि, कंपनी का निर्यात 1,53,397 इकाइयों से घटकर 1,12,885 इकाई रह गया। पिछले महीने कंपनी की कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री 80 प्रतिशत बढ़कर 47,452 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 26,369 इकाई थी।

## संक्षेप

### मेहनत और लगन से करें ट्रेनिंग, कंपटीशन का है दौर : नीलिमा कटियार



**जौनपुर।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल की महिला एवं बाल विकास समिति की उप समिति के सदस्यों द्वारा भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण के क्रम में कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्र उद्योग विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित छात्राओं से प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रूप से पूछा गया। इस दौरान छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि कौशल विकास के तहत फैशन डिजाइनर की जो ट्रेनिंग आपको यहां दी जा रही है, उसको मेहनत से सीखना है, बहुत ही कंपटीशन का समय है, आपको स्वयं को इस सेक्टर में स्थापित करना है और अपने घर का और जनपद के मान बढ़ाना है। फरूर्खाबाद की विधायक डॉ. सुरभि ने कहा कि आपको यहां ट्रेनर जो भी ट्रेनिंग दे रहे हैं, नई तकनीकों के बारे में बता रहे है, इसका प्रयोग करके आपको अपने पैरों पर खड़े होना है न कि घर बैठना है। इस अवसर पर समिति के सदस्य हमीरपुर विधायक मनोज कुमार, आगरा विधायक बाबूलाल, सहारनपुर की एमएलसी वंदना वर्मा, शाहजहांपुर विधायक सलोनी तथा बुलंदशहर विधायक ने प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित छात्राओं तथा ट्रेनर्स से ट्रेनिंग के बारे बारीकी से पूछताछ की तथा प्रशिक्षण के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा की सोशल मीडिया वैरियेंट की बैठक संपन्न



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया संवाद की बैठक जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने आये हुये सोशल मीडिया के लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसा मीडिया है, जो बाकी सारे मीडिया प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और समानांतर पोर्टल मीडिया से अलग है। सोशल मीडिया इंटरनेट के माध्यम से एक वर्चुअल वर्ल्ड बनाता है जिसे उपयोग करने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि का उपयोग कर पहुंच बना सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुये कमलवती सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सकारात्मक भूमिका अदा करता है जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह और देश आदि को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे कई विकासात्मक कार्य हुए हैं जिनसे कि लोकतंत्र को समृद्ध बनाने का काम हुआ है जिससे किसी भी देश की एकता, अखंडता, पंथनिरपेक्षता, समाजवादी गुणों में अभिवृद्धि हुई है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि 2014, 2019 के आम चुनाव व 2017 एवं 2022 के विधानसभा के चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जमकर सोशल मीडिया का उपयोग कर आमजन को चुनाव के जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने किया।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मीरगंज।** देश के लिए मेडल जीतने वाली बेटियों को जंतर मंतर से हटाये जाने से दुखी संयुक्त किसान मोर्चा के आधा दर्जन लोगों ने जंघई में धरना प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष मीरगंज को ज्ञापन सौंपा। धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 28 मई को जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों के साथ जघन्य अपराध किया है उसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए। महिला पहलवानों पर 28 मई को दिल्ली पुलिस द्वारा संगीन धाराओं में पंजीकृत किये गये सभी मुकदमे वापस लिये जाएं। उन्होंने तीन सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता को सौंपा। धरना प्रदर्शन में शैलेश वर्मा जिलाध्यक्ष, सुभाष चंद्र पटेल, कल्पनाथ गुप्ता, बाबू राम, राजनाथ यादव, जगदम्बा प्रसाद, सबिता, अनीता, समला तथा प्रभावती शामिल रहीं।

# सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिलाएं अधिकारी : डीएम

**जौनपुर।** पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण अभियान की जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों को योजना से लाभान्वित कराना शासन की प्रतिबद्धता है। 15 जून तक आयोजित होने वाले शिविर में कोई पात्र वंचित नही होना चाहिए।

बैठक में अभियान की प्रगति के बारे में उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि अब तक कुल 874 शिविर आयोजित किए गए जिनमें कुल 33790 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 16482 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया शेष निस्तारण की प्रक्रिया में चल रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शिविर को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रबन्धक सीएससी को निर्देशित किया कि नए पंजीकरण एवं ई - केवाईसी की फीस 15 रुपये है इससे अधिक किसानों से नही लेना है। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लेखपालों को शिविर में प्रतिभाग कराए और स्वयं भी निरीक्षण कर किसानों को लाभान्वित कराए। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पंचायत सचिवों के माध्यम से शिविर में कम्प्यूटर की उपलब्धता, बैठने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। एक दिन पूर्व गांव में मुनादी कराकर प्रचार प्रसार कराए। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि शिविर में विभागवार सभी संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए कौन समय से नही पहुंचे उसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराए। अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस मौके पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि, जिला प्रतिनिधि सीएससी एवं वरिष्ठ प्रबन्धक पोस्ट आफिस आदि मौजूद रहें।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

## विकास कार्यो की होगी सोशल ऑडिट

**ज्ञानपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कराए गए कार्यों व प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यों की हकीकत अब सामने आएगी। अभोली एवं सुरियावां ब्लाक के 123 ग्राम पंचायतों में दोनों योजना के तहत 2022-23 में कराए गए कार्यों की सोशल आडिट कराई जाएगी। निदेशालय की ओर से आडिट के लिए कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ आडिट टीम के सदस्यों को जरूरी अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को दिया गया है। ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों एवं उस पर खर्च किए गए धन की वास्तविकता सामने आ सके। सोशल आडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला कोआर्डिनेटर सोशल आडिट ने बताया कि अभोली ब्लाक के 56 व सुरियावां ब्लाक के 67 ग्राम पंचायतों में मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की आडिट कराई जाएगी। आडिट टीम की रिपोर्ट के आधार कार्रवाई तय की जाएगी।

# पथ विक्रेता स्वनिधि योजना से बनें आत्मनिर्भर: सांसद

**आयोजन**

**पीएम स्ट्रीट वेडर्स आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के अन्तर्गत आयोजित हुआ स्वनिधि महोत्सव**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के अन्तर्गत स्वावलंबी रेहड़ी पटरी वालों को सशक्त बनाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क ज्ञानपुर में स्वनिधि महोत्सव का भव्य कार्यक्रम जिला नगरीय विकास अभीकरण डूडा द्वारा आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ सांसद रमेश चन्द बिन्द, विधायक दीनानाथ भाष्कर, विधायक विपुल दूबे, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को पथ विक्रेता ऋण वितरण, क्रेडिट अनुशासन और डिजिटल लेनदेन अपनाने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा महोत्सव में आये नये पथ विक्रेताओं को योजना की जानकारी देते हुए उनका रजिस्ट्रेशन कर वित्तीय अनुदान प्रदान करने स्वीकृति प्रदान की गई। पीओ डूडा शशि कुमार मलहोत्रा ने बताया कि कोरोना काल में छोटे-छोटे व्यवसाय द्वारा आय प्राप्त करने वाले वेंडरों, मजदूरों ने अपना व्यवसाय खो दिया था, उनको पुनः अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिए देश के प्रधानमंत्री जी ने पीएम स्वनिधि योजना से ऋण देकर अपने पैरों पर खड़ा करने का एक जरिया प्रदान किया है। सांसद ने लाभकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए स्ट्रीट वेंडरो को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया।



पीएम स्ट्रीट वेडर्स आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के तहत प्रमाणपत्र के साथ खड़े चयनित

## संक्षेप

### मानवता का रास्ता दिखाता है जेसीआई : कार्तिकेयन



**जौनपुर।** जेसीआई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके कार्तिकेयन ने अपने उद्बोधन में जेसीआई संस्था के कार्यों को बताते हुए कहाकि जेसीआई चेतना के द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है। जेसीआई संस्था मानवता की सेवा के लिए रास्ता दिखाने का कार्य करती है। दिव्यांग स्कूल के बच्चों को यूनिफॉर्म ड्रेस का वितरण करते समय जेसीआई चेतना संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष अभिनव चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष विशाल धोना, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, गौरव मेहरोत्रा, गौरव सेठ, विशाल गुप्ता, अभिलाषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह (रानू), पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं संजय गुप्ता के साथ सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष के शुभ हाथों से 54 बच्चों का यूनिफॉर्म ड्रेस वितरण के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक हटाना है। जौनपुर को स्वच्छ बनाना है इस स्लोगन के लिखे हुए कपड़े का बैग अतिथियों के हाथों से शुभारंभ कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू जायसवाल, अनीता सेठ, रिंकी जायसवाल, निशा सिंघानिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में दिलीप सिंह, निर्भय जायसवाल, संगीता जायसवाल, शुभम सिंह, मोहम्मद सरफराज, धीरज मिश्रा, अर्चना सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### डीएम के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विभागों में आयोजित हुआ जनसंवाद दिवस

**भदोही।** 1 जून 2023-जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में प्रत्येक वृहस्पतिवार जनसंवाद दिवस (विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस) का आज सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी के पहल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर वीरेन्द्र मौर्या की देख रेख में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस व अन्य शिकायती पोर्टल पर लम्बित वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में असंतुष्ट फीडबैक वाले शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर त्वरित निस्तारण किया किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में जनसंवाद दिवस का आयोजन कर बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत पटल एवं अन्य पटल पर प्राप्त शिकायतों में असंतोषजनक फीडबैक शिकायतों का आज त्वरित व गुणर्वत्तापूर्ण समाधान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस सहित सभी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक वृहस्पतिवार जन संवाद दिवस में असंतुष्ट फीडबैक में से गुरुवार को 428 शिकायतों का लगभग सभी कार्यालयध्यक्षों द्वारा असंतुष्ट शिकायतकताओं व अन्य रिपीटेड/डिफाल्टर/सी श्रेणी के शिकायतकर्ताओं से स्वयं एवं अधीनस्थ के द्वारा सुनवाई किया गया। तथा मौके पर 334 शिकायतों का गुणवत्ता परक त्वरित निस्तारण किया गया। शेष असंतुष्ट शिकायतों का विभागीय गठित कमेटी द्वारा निस्तारण किए जाने के क्रम में आवश्यक कार्यवाही की गयी।

### सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के संकल्प का 9 साल : बघेल

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर गुरुवार को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने डाक बंगले में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मोदी सरकार के पिछले 9 वर्ष सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, वैश्विक प्रतिष्ठा, आर्थिक सुदृढ़ीकरण आदि क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी नीतियों में अंत्योदय व सेवा के संकल्प को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहाकि आधुनिकता और सांस्कृतिक विरासत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत की ओर संकल्पित भाव से कार्यरत हैं। कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा की विचारधारा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सांसद बीपी सरोज, जिला अध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल, राजकृष्ण शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. लीना तिवारी, संतोष मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### मनीष बने मछलीशहर लोकसभा प्रभारी

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली द्वारा काशी क्षेत्र के सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए सभी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताते चलें कि काशी क्षेत्र के 14 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों की नियुक्ति में जिले के मछलीशहर लोकसभा का प्रभारी मनीष सेठी को बनाया गया है जो पूर्व काशी क्षेत्र भाजपा महामंत्री के पद पर रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिले से मनीष सेठी को मछलीशहर लोकसभा का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी के पदाधिकारी समेत कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते शुभकामनाओं के साथ ढेर सारी बधाई दी और पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए हौसला अफजाई की।

### पेयजल पाइप लाइन फटी, नागरिकों ने किया प्रदर्शन

**गोपीगंज।** एक तरफ जहां देश में पानी की कमी को देखते हुए सरकार द्वारा जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये जा रहे है। लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह पैसा जागरुकता के ऊपर खर्च किया जा रहा है। धरातल पर वास्तविकता यह है कि जल संरक्षण के इतने प्रयास के बाद भी जल की बबार्दी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर तीन शिव नगर कालोनी जीटी रोड से बड़े शिव मार्ग में देखा गया जहां पानी की पाइप लाइन फट जाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है।जिसके कारण लोगो के घरों में पानी घुसकर दिवालों को छतिग्रस्त कर रहा है। पानी की बबार्दी के मामले में आम जनता की बात तो दूर है। बबार्दी करने में जलकल विभाग की लापरवाही देखने को मिलती है। बृहस्पतिवार को वार्ड नंबर तीन के निवासियों ने पालिका के खिलाफ लामबंद होकर प्रदर्शन कर पालिका प्रशासन से तुरंत निस्तारण कराए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से दीपक कुमार अग्रहरी, अफसर अली, गोपीनाथ विश्वकर्मा, संजय कुमार मोदनवाल, राकेश कुमार बिंद, मोहम्मद रियाज, ताराचंद मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### अनन्या श्रीवास्तव को दी गयी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के आवास पर एक शोक सभा बुधवार को आयोजित की गई जिसमें सनबीम स्कूल अयोध्या की दसवीं की छात्रा अनन्या श्रीवास्तव की निर्मम हत्या किए जाने को लेकर मोमबत्ती जलाकर सभी चित्रांश बंधुओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा यह मांग किया कि इस घटनाक्रम से संबंधित जो भी आरोपी हैं उन्हें कठोर दंड दिया जाए साथ ही ऐसा अपराधिक कृत्य करने वाले समस्त विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कारवाई किया जाए। शोक सभा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु, मनीष श्रीवास्तव विश्व प्रकाश उर्फ दीपक श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, नलनीश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। शोक सभा का संचालन महामंत्री सुरेश अस्थाना ने किया।

# युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कार्रवाई**

**युवती ने जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक भदोही से की थी शिकायत**

जनसंदेश न्यूज



ब्लैकमेल करने में पकड़े गए आरोपी को मीडिया के सामने पेश करते पुलिस उपाधीक्षक

**भदोही।** विगत दिनों जनसुनवाई के दौरान शिकायत प्राप्त हुई कि एक युवती के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की विभिन्न आईडी (इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप) को हैक कर अश्लील वीडियो भेजकर पैसे की मांग की जा रही थी।

शिकायत की गहराई से छानबीन के उपरांत तथ्य प्रकाश में आया कि युवक व युवती का प्रेम विवाह 01 वर्ष पूर्व कोर्ट ज्ञानपुर जनपद भदोही में हुआ था तत्पश्चात बड़े शिव मंदिर गोपीगंज में भी हिंदू रीति रिवाज से दोनों परिवारों की सहमति से शादी सम्पन्न हुई थी। लड़की और लड़के में विगत 06 माह बाद आपस में विवाद होने लगा था जिसके कारण लड़की अपने मायके आ गई थी और उस लड़के के साथ नहीं रहना चाहती थी। लड़के ने इसके लिए विदाई कराने हेतु कोर्ट के माध्यम से 109 का मुकदमा किया गया था, उसी दौरान लड़के ने लड़की को परेशान करने की नियत से उसके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर लड़की के मोबाइल नंबर पर अश्लील मैसेज फोटो एडिटिंग करके भेजने लगा था तथा धमकी भरा चैट भी करता रहा जिससे तंग आकर लड़की द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दी। जब लड़के को जानकारी हुई कि मेरे खिलाफ जांच चल रही लड़के ने उसका व्हाट्सएप अपने दूसरे मोबाइल में इंस्टॉल कर लड़की के व्हाट्सएप नंबर से अपने नंबर पर धमकी भरा एवं 04 लाख रुपये की मांग किए जाने संबंधी चैट किया।

लड़की को फंसाने की नियत से अपने पिता को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लड़की पर यह आरोप लगाया कि लड़की मेरे खिलाफ फर्जी शिकायत पूर्व में की है तथा अभी भी वह अपने व्हाट्सएप नंबर से मुझे मैसेज भेज कर 04 लाख रुपये की मांग कर रही है तथा न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है जिसका स्क्रीनशॉट मेरे प्रार्थना पत्र में संलग्न है। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। लड़के और लड़की दोनों की प्रार्थना पत्रों की जांच के दौरान पाया गया कि लड़के द्वारा ही लड़की पर मैसेज व अश्लील फोटो भेजा गया है। लड़के ने यह कबूल भी किया है कि मैं उससे बहुत प्यार करता हूं इसलिए उसे अपनाने के लिए यह सब काम कर रहा था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता आनंद मोदनवाल पुत्र राजेश उर्फ लल्लन मोदनलाल निवासी गोधना बाजार थाना ऊंज जनपद भदोही है।

# गोली मारकर हत्या के दोषी अभियुक्तों को उम्र कैद

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**भदोही पुलिस द्वारा न्यायालय में लगातार प्रभावी पैरवी करते हुए दोषी अभियुक्तों को दिलायी जा रही त्वरित सजा**

**भदोही।** 17 दिसंबर 16 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोइलरा में मोटरसाइकिल खड़ी करने के विवाद को लेकर मारपीट के दौरान एक पक्ष द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बंध में पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गम्भीर अपराध के अभियोगों को सूचीबद्ध कर न्यायालय से अधिकतम त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक विकास नारायण सिंह की प्रभावी पैरवी तथा पैरोकार द्वारा सम्बंधित गवाहन को ससमय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराने के फलस्वरुप गुरुवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद भदोही द्वारा लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर हत्या करने के दोषी कुल चार अभियुक्तों कृष्ण कुमार जायसवाल, शनि जायसवाल, लवकुश उर्फ महेश जायसवाल पुत्रगण स्व. रामचंद्र जायसवाल व सौरभ जायसवाल व पुत्र रामजी जायसवाल समस्त निवासीगण कोईलरा थाना गोपीगंज जनपद भदोही प्रत्येक को आजीवन कारावास व 57 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

# मोदी के 9 साल, जनता परेशान: मुशीर इकबाल

**भदोही।** केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य मुशीर इकबाल ने बड़ा हमला बोलतें हुए कहा कि मोदी के इन 9 वर्षो मे किसान, मजदूर, नौजवान, छात्र के साथ साथ देश की आधी आबादी महिलाएं परेशान हैं।

मोदी ने धर्म और जाति की चासनी चटाकर आर्थिक मन्दी की चादर मे सब को लपेट दिया है। मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश के छोटे व मझोले कल कारखाना अपनी अन्तिम सांसे गिन रही है। 2014 मे प्रधानमंत्री बनने पर मोदी ने जुमलो का बौछार लगा दिया था। उन्होंने कहा था कि विदेश से काला धन वापस लायेंगे, हर भारतवासी के खाते में 15 लाख जमा करेंगे, देश से भ्रष्टाचार खत्म करेंगे, देश मे 100 स्मार्ट सिटी बनायेगे, सस्ता गैस सिलेंडर देगे, हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देंगे, बुलेट ट्रेन चलाएंगे, किसानों का आय दोगुना करेंगे, 5 ट्रिलियन इकॉनामी करेंगे, हर परिवार को घर देंगे, 35 रुपये लीटर पेट्रोल मिलेगा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नमामि गंगे जैसी लुभावन वायदा किया था जो सिर्फ जुमला साबित हुआ। इनके इन 9 साल मे देश मे हर तरफ लोग परेशान है। अपने और अपने परिवार की मूल भूत आवश्यकताओ को पूरा करने मे लोगो की दिन की चैन और रात की सकून छिन गया है।काग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने कहा कि भदोही पूरे विश्व मे कालीन उद्योग के नाम से मशहूर है और यहां का हाल इन 9 वर्षों में बद से बदतर हो गया है। भदोही की उन्नति और विकास के लिए भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि आज तक कुछ भी नही किया है। भदोही जिला अस्पताल अभी भी अर्धनिर्मित बन्द पड़ा है। पिपरीस मे अधूरा निर्मित पोलीटेक्नीक कालेज खंडहर हो रहा है। बभनौटी का विद्युत उपकेन्द्र बन नही पाया है। भदोही का सरकारी बस अड्डा (रोडवेज) पशुओं का पनाहगाह बन चुका है। ऐसे बहुत से कार्य है जो भाजपा सरकार मे पूरे नही हो पाये हैं। शिक्षा के क्षेत्र मे एक विश्वविद्यालय की माँग वर्षो से किया जा रहा है। भदोही जनपद एक अदद पार्क के लिए तरस रहा है। जहां सकून से दो पल अपने परिवार के साथ बिता सके।। भदोही जनपद को इन 9 वर्षों मे कोई भी प्रोजेक्ट नही मिला। मोदी सरकार झूठे प्रचार के सहारे सत्ता मे बनी है। इस समय देश मे परिवर्तन की लहर चल रही है। 2024 के लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सत्ता में आयेगी



मुशीर इकबाल

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## शुद्ध पेयजल मिलने से वार्ड वासियों में खुशी की लहर

**गोपीगंज।** नगर स्थित अति प्राचीन दुर्गा जी मंदिर प्रांगण में स्थापित समर्सेबल से सदर मुहाल में पेयजल सप्लाई प्रारंभ होने से वार्ड वासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय भाजपा सभासद डॉ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि वार्ड की समस्या से अवगत होने पर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के निर्देश पर ट्यूबेल के कनेक्शन को छोटी चौराहे पर चाबी के माध्यम से कंट्रोल कर दुर्गा मंदिर से निकलने वाले पेयजल की सप्लाई सदर मोहाल में पुर्ण रुप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति संभव हो सकी वही अब टंकी लोड होने वोल्टेज की समस्या से अब वार्ड वासियों को दो-चार नहीं होना पड़ेगा। पेयजल सप्लाई होने से प्रमुख रूप से पंकज उमर, अनीस जयसवाल, सचिन ठठेरा, सनी अग्रवाल, पप्पू स्वर्णकार, विजय चंद गुप्ता, कमलेश, कौशल, चंदन, ठठेरा देवी उमर वैश्य आदि लोगों ने इस कार्य को सराहनीय बताया।

# केंद्रीय मंत्री ने केंद्र की गिनाई उपलब्धियां

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ साल पूरे करने के अवसर पर गुरुवार को भदोही पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धियों का बखान किया व विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कहा कि इन नौ वर्षों में सरकार ने गरीब, असहाय, मध्यम वर्ग से लेकर महिलाओं, युवतियों और दिव्यांगों के साथ सभी वर्ग के लोगों के लिए सबका साथ व सबका विकास के नारे को चरितार्थ किया। नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश से लेकर विदेश तक हर मोर्चे पर सफल रहते हुए विकास के नए आयाम गठित किए। कोरोना काल में सरकार ने 220 करोड़ वैक्सीन लगाकर लोगों को सुरक्षित किया।

बताया कि सरकार ने पूरे देश में 11 करोड़ 72 हजार इज्जत घर देकर बेटियों की मयार्दा को सुरक्षित किया। वहीं 12 करोड़ घरों तक हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया। देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार राशन उपलब्ध कराना आजादी के बाद सबसे बड़ा अभियान है। केंद्रीय मंत्री ने भदोही जिले में जगह-जगह सेनेटरी पैड मशीन लगाने की वकालत की और इसमें सांसद और विधायकों को भी सहयोग करने का आवाह्न किया। वहीं जन औषधि केंद्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे चिकित्सकों की कमीशनखोरी पर लगाम लगा है। इस दौरान कौशलेंद्र पटेल, सांसद रमेश बिंद, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, डीएम गौरांग राठी, पूर्व विधायक रविन्द्र पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाते केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री

### एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर भी निशाना साधा निशाना

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। कहा कि जब कोविड काल में पीएम मोदी देश के हर एक व्यक्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में जुटे थे। उस समय अखिलेश यादव ने इस शताब्दी का सबसे घटिया बयान देते हुए कोविड की वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बताया। एक नेता होते हुए उन्हें इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए, जो लोगों को गलत रास्ते पर ले जाए। उन्होंने राहुल गांधी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि आज जब दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष पीएम मोदी की तारीफ करते हैं तो कांग्रेस को यह रास नहीं आती। आजादी के 70 सालों में कांग्रेस ने जिस तरह से देश को खोखला किया है। अब वह पुराना भारत नहीं रह गया। आज का नया भारत आंखों में आंखें डालकर बात करता है।




# बनारस में सालाना 820 से 1000 के बीच हादसे छीन लेते हैं जिंदगी

रविप्रकाश सिंह

ऐसा कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन सड़क हादसा न हुआ हो और उनमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021-22 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। बात वाराणसी की करे तो यहां सालाना 800-1000 के बीच सड़क हादसों में लोगों की जान चली जाती है ये वो आंकड़े हैं जो संज्ञान में आये हैं। जबकि कई ऐसे मामले होते हैं जो संज्ञान में नहीं आते। सबसे ज्यादा हादसे हाइवे और फोरलेन साथ ही रिंग रोड पर होते हैं। सड़क दुर्घटना में वैसे तो मौत की वजह कई हैं लेकिन सबसे ज्यादा रफ्तार के चक्कर में हादसे होते हैं। हादसों में ऑन स्पॉट डेथ की संख्या 60 प्रतिशत है जबकि अस्पताल या अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ने वालों की 40 प्रतिशत। यातायात विभाग इस बात पर लगातार जोर देता है कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। इसके पीछे की वजह ये है कि हादसे में सबसे ज्यादा मौत ब्रेन इंजरी यानी दिमागी चोट से होती है। जैसे कि बीएचयू ट्रामा सेंटर के आंकड़े भी बताते हैं कि हादसों में मरने वालों की संख्या ब्रेन इंजरी से ज्यादा है। हालांकि ये राहत देने वाली खबर है कि कमिश्नरेट की सड़कें प्रदेश में सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं, जैसा की यूपी ट्रैफिक निदेशालय की तरफ से बीते एक दो साल के जारी आंकड़ों में बताया गया। निदेशालय के पिछले एक साल में सड़क दुर्घटनाओं में 51.28 फीसद की कमी आई है। यही नहीं मृतकों की संख्या भी 52.28 और घायलों की संख्या 39.96 फीसद कमी हुई है। इसका कारण ये है कि एक तरफ खस्ताहाल सड़कों की स्थिति सुधरी है, तो दूसरी तरफ पुलिस ने भी हादसों को रोकने के प्रयास किए। सड़क सुरक्षा महाभियान में साल के पहले छह माह के आंकड़ों के अनुसार वाराणसी कमिश्नरेट का कार्य प्रशंसनीय है।

पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले, हेलमेट की सख्ती, यातायात नियमों का पालन, ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण सहित कई अभियान चलाए। इससे वाराणसी में हादसे कम हुए हैं। लेकिन आठ सौ से एक हजार के बीच हो रही सड़क दुर्घटना भी चिंता का विषय है।

**हाइवे बने हैं तो हादसे की वजह भी बने हैं**

**तेज रफ्तार देती है सैकड़ों को अनचाही मौत**

**काबिले गौर मसला**

### सर्वाधिक जान 18-25 साल के युवकों की जाती है



अगर आंकड़ों पर गौर करें तो सड़क हादसों में सर्वाधिक जान 18-25 उम्र वर्ग के युवाओं की जाती है, जो कि 23.05 फीसद है। इसी तरह से 25-35 आयु वर्ग का प्रतिशत 23.01, 35-45 आयु वर्ग का प्रतिशत 18.06, 45-60 आयु वर्ग के प्रौढों का प्रतिशत 11.09 और 60 से अधिक उम्र के बुजुर्गों का प्रतिशत 04.08 है। जिनकी सड़क हादसों में जान जाती है। बात उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या पर गौर करने तो साल 2015 में 17,666, 2016 में 19,320, 2017 में 20,124, 2018 में 22,256, 2019 में 22,655, 2020 में 21,156, 2021 में 21,227 रही है।

### हेलमेट लगाते समय इन बातों को जरूर रखें ध्यान

हेलमेट की स्ट्रिप अवश्य बांधनी चाहिए क्योंकि दुर्घटना की तीव्रता इतनी ज्यादा होती है कि हेलमेट सिर से निकल जाता है। हेलमेट पहनते समय ठुड्डी और स्ट्रिप में एक अंगूठे का गैप होना चाहिए। हेलमेट के अंदर का कुशन ठीक होना चाहिए, वह टूटा नहीं होना चाहिए। हेलमेट तीन से चार साल में अवश्य बदल देना चाहिए। अगर वह सही हो तब भी। अगर हेलमेट चटका या फटा हो तो उसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। हेलमेट चालान से बचने के बजाय अपनी जान की हिफाजत के लिए लगाना चाहिए।



### क्या कहते हैं आईजी यातायात सुभाष चंद्र दुबे

वाहन चलाते समय वैध प्रपत्रों के साथ-साथ सदैव हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। बिना बीमा कवर के वाहन नहीं चलाना चाहिए। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। निर्धारित स्पीड से अधिक गति एवं नशे या नींद की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। चकाचौंध वाली तथा अनाधिकृत लाइटों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। दुपहिया वाहनों पर कभी दो से अधिक सवारी नहीं बैठनी चाहिए। रात में डिपर का प्रयोग करना चाहिए। वाहन मोड़ते व रोकते समय स्पष्ट संकेत देना चाहिए। 18 वर्ष से कम आयु वाले युवाओं वाहनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

### हादसों में मौत की वजह सबसे ज्यादा ब्रेन इंजरी



सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौत अगर होती है तो उसकी वजह ब्रेन इंजरी है। एक तो रफ्तार ऊपर से हेलमेट का नहीं होना, सीधे मौत के मुहाने पर पहुंचा देता है। खासकर युवकों को, जो रफ्तार से बाइक चलाते हैं वो सबसे ज्यादा हादसों को बुलावा देते हैं। हादसों से अंजान या बेफ्रिक होकर बिना हेलमेट के राइड करना उन्हें काल के गाल में समा देता है। ऐसे में बाइक चालक को हेलमेट और कार चालक को सीट बेल्ट जरूरी है। हेलमेट भी बीआइआएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) के मानक के अनुरूप होना चाहिए। आइएसआइ मार्का और 4151 स्टैंडर्ड का होना चाहिए।

## अर्दोआन की जीत क्यों बढ़ाएगी भारत की टेंशन?

**कैसे निबटेगा भारत**

**इस्लामिक देशों के समर्थक के तौर पर देखे जाते रहे हैं अर्दोआन**

**उन्हें पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और कश्मीर पर वह भारत के आलोचक रहे हैं**



तुर्की में रेचेप तैय्यप अर्दोआन फिर से राष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। ये भारत के लिए सुखद खबर नहीं है। उन्हें पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और कश्मीर के मुद्दे पर उनका रुख सख्त रहा है। अर्दोआन पिछले दो दशक से तुर्की की कमान संभाल रहे हैं और दो दशक सत्ता में रहने के बाद भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। अर्दोआन की जीत भारत के लिए क्या मायने रखती है? भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्दोआन को जीत की बधाई दे दी है। पीएम मोदी ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले वक़्त में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अच्छे होंगे और वैश्विक मुद्दे पर सहयोग बढ़ेगा। मोदी ने भले बधाई दे दी है लेकिन उन्हें पता है कि अर्दोआन के सत्ता में आने के बाद भारत से रिश्ते सहज नहीं रहे हैं। पिछले नौ सालों में पीएम मोदी ने मध्य-पूर्व के कई देशों का दौरा किया लेकिन तुर्की नहीं गए। 2019 में मोदी तुर्की का दौरा करने वाले थे लेकिन ऐन मौके पर दौरा रद्द हो गया था। पांच अगस्त 2019 को कश्मीर का विशेष दर्जा भारत ने खत्म कर दिया था और तुर्की ने इसका खुलकर विरोध किया था। अर्दोआन ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में भी उठाया था। कश्मीर पर अर्दोआन की लाइन पाकिस्तान के पक्ष में रही है। भारत के लिए हमेशा से यह असहज करने वाला रहा है। तुर्की इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन यानी ओआईसी में भी कश्मीर को लेकर हमलावर रहा है। भारत तुर्की की इन आपत्तियों के जवाब में कहता रहा है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है और तुर्की की टिप्पणी भारत के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप है।

भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने भी ट्वीट कर इस बात पर चिंता जताई है कि अर्दोआन की जीत भारत के लिए किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। कंवल लिखते हैं कि तुर्की में अर्दोआन की जीत भारत के लिए बहुत सहज स्थिति नहीं है। तुर्की कश्मीर पर इस्लामिक लाइन पर समर्थन पाकिस्तान को देगा। ओआईसी में भी कश्मीर पर सक्रिय रहेगा। पाकिस्तान के साथ तुर्की की जुगलबंदी चिंता का सबब है। ऑटोमन साम्राज्य वाले अर्दोआन का लक्ष्य भी विनाशकारी ह। अर्दोआन के नेतृत्व में तुर्की का ब्रिक्स में आना किसी भी मायने में ठीक नहीं है। रूस के साथ भी अर्दोआन की दोस्ती बहुत अच्छी है। तुर्की का पाकिस्तान परस्त रुख रहा है। कहा जाता है कि इसकी शुरूआत 1950 के शुरूआती दशक या फिर शीत युद्ध के दौर में होती है। इसी दौर में भारत-पाकिस्तान के बीच दो जंग भी हुई थी. तुर्की और भारत के बीच राजनयिक संबंध 1948 में स्थापित हुआ था. तब भारत के आजाद हुए मुश्किल से एक साल ही हुआ था।

इन दशकों में भारत और तुर्की के बीच करीबी साझेदारी विकसित नहीं हो पाई। कहा जाता है कि तुर्की और भारत के बीच तनाव दो वजहों से रहा है। पहला कश्मीर के मामले में तुर्की का पाकिस्तान परस्त रुख और दूसरा शीत युद्ध में तुर्की अमेरिकी खेमे में था जबकि भारत गुटनिरपेक्षता की वकालत कर रहा था। नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन यानी नेटो दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1949 में बना था। तुर्की इसका सदस्य था। नेटो को सोवियत यूनियन विरोधी संगठन के रूप में देखा जाता था। इसके अलावा 1955 में तुर्की, इराक, ब्रिटेन, पाकिस्तान और ईरान ने मिलकर 'बगदाद पैक्ट' किया था. बगदाद पैक्ट को तब डिफेंसिव ऑर्गेनाइजेशन कहा गया था। इसमें पांचों देशों ने अपनी साझी राजनीति, सेना और आर्थिक मकसद हासिल करने की बात कही थी। यह नेटो की तर्ज.पर ही था। 1959 में बगदाद पैक्ट से इराक बाहर हो गया था। इराक के बाहर होने के बाद इसका नाम सेंट्रल ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन कर दिया गया था। बगदाद पैक्ट को भी सोवियत यूनियन के खिलाफ देखा गया। दूसरी तरफ भारत गुटनिरपेक्षता की बात करते हुए भी सोवियत यूनियन के करीब लगता था। जब शीत युद्ध कमजोर पड़ने लगा था तब तुर्की के 'पश्चिम परस्त' और 'उदार' राष्ट्रपति माने जाने वाले तुरगुत ओजाल ने भारत से संबंध पटरी पर लाने की कोशिश की थी।

1986 में ओजाल ने भारत का दौरा किया था। इस दौरे में ओजाल ने दोनों देशों के दूतावासों में सेना के प्रतिनिधियों के ऑफिस बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तुर्की का दौरा किया था. राजीव गांधी के दौरे के बाद दोनों देशों के रिश्ते कई मोर्चे पर सुधरे थे। लेकिन इसके बावजूद कश्मीर के मामले में तुर्की का रुख पाकिस्तान के पक्ष में ही रहा इसलिए रिश्ते में नजदीकी नहीं आई।

## अन्नपूर्णा मंदिर ने महिलाओं को बांटे सिलाई मशीन-लैपटॉप



**वाराणसी।** शहर दक्षिणी के भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन वितरित करना अन्नपूर्णा मंदिर का सराहनीय कार्य है। आज पूरे विश्व में स्कील डेवलपमेंट का कार्यक्रम चल रहा है। अन्नपूर्णा मंदिर बहुत पहले से ही कौशल विकास का कार्यक्रम चला रहा है। डा. नीलकंठ तिवारी गुरुवार को अन्नपूर्णा मठ मंदिर की ओर से संचालित काशी अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण लेने वाली 115 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर लॉक डाउन के समय पास हुई युवतियों को भी 105 सिलाई मशीन दी गई। इस मौके पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम से हम भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। अन्नपूर्णा मठ के महंत शंकरपुरी ने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रस्ट ऐसे सामाजिक कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। ट्रस्ट की पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वावलम्बी भी बना रही है। इस कार्य से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे अखिलेश चौरसिया डीआईजी, रेलवे मजिस्ट्रेट महेंद्र पांडेय, प्रबंधक शशिकांत दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने किया।

## दीप योग में निशा ने बटोरी शाबाशी

**खेलो इंडिया**

**अतिथि एथलीट के रूप में किया योग का प्रदर्शन**

**वाराणसी।** यूपी योगासन की ब्रांड एंबेसडर निशा शर्मा ने यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। आईआईटी बीएचयू के रमेश श्रीनिवासन स्पोर्ट्स एक्टिविटी सेंटर में गुरूवार की दोपहर निशा ने अतिथि खिलाड़ी के तौर पर अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर सबको चकित कर दिया। उन्होंने ब्लाइंड फोल्ड दीप योग का प्रदर्शन किया। अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर माथे पर जलता दीपक रखकर अनोखे तरीके से योग करने वाली निशा दुनिया की इकलौती योगासन एथलीट हैं। उन्हें फर्स्ट गर्ल ऑफ ब्लाइंड फोल्ड दीप योग के नाम से जाना जाता है। निशा अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में 2019 में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में नोएडा की रहने वाली निशा भारत के लिए कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। चार साल की उम्र से योगासन कर रही निशा भारत की पहली इकलौती महिला योगासन एथलीट हैं जिन्होंने सर्वाधिक एक घंटा 50 मिनट तक पद्मासन कर गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम किया है। निशा के दो छोटे भाई भी हैं जो राष्ट्रीय स्तर के योगासन एथलीट हैं इन्होंने भी निशा की ही तरह योगासन में कई पदक और पुरस्कार प्राप्त किए हैं। बातचीत में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने बताया कि वे दिव्यांग तेजस्वी शर्मा की प्रेरणा से योग के क्षेत्र में आईं। कहा कि शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए हरेक इंसान को रोजाना दस मिनट योगासन जरूर करना चाहिए। टेलीविजन और मोबाइल फोन हमारे जीवन में तनाव बढ़ा रहा है। ऐसे में इस तनाव से निजात पाने के लिए योग से बेहतर कुछ भी नहीं। निशा का भी सपना ओलंपिक का गोल्ड मेडल है। उन्होंने कहा कि साल 2032 में योग ओलंपिक खेलों का हिस्सा हो सकता है।

## ट्रिपल आर में बनारस को प्रदेश में दूसरा स्थान

**स्वच्छ सर्वेक्षण**

**गाजियाबाद नगर निगम आया पहले स्थान पर**

**वाराणसी।** उप्र प्रदेश सरकार ने गुरुवार को नगर निगमों में किये जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में ट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के अंतर्गत भारत सरकार के प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यों के परीक्षण के पश्चात रैंकिंग जारी किया, जिसमें वाराणसी नगर निगम को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हुआ।

ट्रिपल आर के अंतर्गत पुराने कपड़ों से बने झोले, पुरानी किताबें, घर में पड़ी प्लास्टिक बोतलें, कार्टन, पुराने बर्तन, कटे-फटे कपड़ों को रियूज कर पुनः उसे उपयोग में लाना है। नगर निगम द्वारा जीआईजेड के सहयोग से नगर में विभिन्न स्थानों पर यह कार्य किया जा रहा है, जिसमें पुराने जूतों को मरम्मत कर प्रयोग में लाया जा रहा है। साथ ही घर के सूखे कूड़े और पुरानी किताबों से झोले बनाने का कार्य किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि ट्रिपल आर के अंतर्गत वाराणसी में पहला सेंटर फातमान रोड कूड़ा घर पर बनाया बया है। नगर निगम द्वारा अन्य स्थानों पर भी इसे प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने कहा कि शहर के लिये यह बड़ी उपलब्धि है। नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अन्य मानकों पर भी कार्य किया जा रहा है, नियमित रूप से समीक्षा की भी की जा रही है, कर्मियों को दूर करने का अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे शहर को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। वहीं महापौर अशोक तिवारी ने वाराणसी को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर सभी नगर वासियों को बधाई दी है। महापौर द्वारा बताया गया कि यह उपलब्धि नगर के लोगों के द्वारा दिये गये सहयोग से प्राप्त हुआ है, नगर की स्वच्छता बनाये रखने के लिये निगम पूरी ताकत से निरंतर काम करेगा जिससे स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश तथा देश में अच्छी रैंकिंग प्राप्त कर सके।

## महंगाई और भ्रष्टाचार से देश की जनता परेशान

**बोले शिवपाल**

**कहा, देश और लोक हित में भाजपा ने कोई काम नहीं किया**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि देश की जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान है। जबकि भाजपा केंद्र सरकार के नौ साल के कार्यकाल का ढिढोरा पीट रही है। भाजपा ने देशहित में कोई काम नहीं किया है। यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए शिवपाल गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पिछले दिनों स्थानीय किसानों पर हुए लाठीचार्ज के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी सरकार है। भाजपा ने जितने भी वादे किए थे। उन वादों पर खरी नहीं उतरी है और वादे पूरे भी नहीं किए। यह लोग केवल झूठ बोलते हैं। जो भी कानून बनाते हैं और निर्णय लेते हैं, उससे जनता को परेशानी पैदा होती है। लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता के सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने संगठन को मजबूत कर रही है और 2024 का चुनाव हम लड़ेंगे। सपा गठबंधन में शामिल होगी। सब लोग चाहते हैं कि हम एकजुट होकर भाजपा को हटाए। कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के सवाल पर उनका कहना रहा कि इसका निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। दिल्ली में धरना दे रहे पहलवानों और समर्थन कर रहे किसानों के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मेडल लाने वाले खिलाड़ियों के साथ राष्ट्र में किस तरीके से व्यवहार हो रहा है, यह जगजाहिर है। यह बिल्कुल गलत और अशोभनीय है। कहां महिला सशक्तिकरण की बात होती है और जो लड़कियां मेडल लाई हैं, उनकी बात ही सुनी नहीं जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के बारे में सब लोग जानते हैं। पूरा प्रदेश जानता है उनकी कोई सुन नहीं रहा है। पार्टी में वह कोई काम नहीं करा पा रहे हैं। पूरा स्वास्थ्य सेवा वेंटिलेटर पर है।

### पूंजीपतियों के लिए हो रहा काम

एक सवाल के जवाब में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में जो भी काम हो रहा है। केवल पूंजीपतियों और कुछ चुनिंदा लोगों के लिए हो रहा है। किसी भी किसान, गरीब और नौजवान के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। 2000 के नोट एक बार फिर से चलन में नहीं रहेंगे के सवाल पर उन्होंने कहा कि यही काम तो भाजपा करेगी। कभी नोट बंद करेंगे, कभी बदलेंगे और जनता को परेशान करेंगे।

### राष्ट्रीय महासचिव का वर्कर्स ने किया स्वागत

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बाबतपुर चौराहे पर गुलदस्ता देकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बाबतपुर से काफिले के साथ शिवपाल सिंह यादव सर्किट हाउस पहुंचे। रास्ते में काजीसराय, हरहुआ, वाजिदपुर, तरना, शिवपुर व भोजूबीर तहसील के पास उनका स्वागत किया गया। सर्किट हाउस पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले और उनका हालचाल जाना। जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात वह सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। शुक्रवार को पूर्वाह्न नौ बजे मोहनसराय स्थित बैरवन गांव जायेंगे और पीड़ित किसानों से मिलेंगे। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, महानगर अध्यक्ष दिलीप डे, पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, संतोष यादव बबलू, पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, आनंद मौर्य, राजेश यादव नत्थू, महेंद्र यादव, रामसिंह यादव, अजय राय, भीष्म नारायण यादव, चंद्रशेखर यादव, ओपी पटेल, कैलाश यादव, रियाज अहमद पप्पू, नासिर भाई, शशी यादव, आरती यादव, आनंद चौरसिया, डॉ. संजय सोनकर आदि शामिल थे।



## मवेशियों की भारतीय नस्लों का विकास जरूरी

**राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**विश्व दुग्ध दिवस पर डीडीयू कौशल केंद्र-बीएचयू की तरफ से हुआ आयोजन**



**वाराणसी।** एकेटीयू लखनऊ एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. पीके मिश्रा ने जीवन के हर मोड़ पर स्थिरता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि भारतीय डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए मवेशियों की भारतीय नस्लों के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है। वह विश्व दुग्ध दिवस पर गुरुवार को बीएचयू के डीडीयू कौशल केंद्र की तरफ से अटल इनक्यूबेशन सेंटर 'सस्टेनेबल डेयरी : गुड फॉर प्लैनेट, गुड फॉर यू' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि थे।

संगोष्ठी में टिकाऊ डेयरी प्रथाओं और उनके लाभों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई विषयों को शामिल किया गया। वक्ताओं ने डेयरी उद्योग में ग्रामीण किसान कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इसके विकास को बनाए रखने और चलाने में उनकी अभिन्न भूमिका पर जोर दिया। शिक्षा, प्रौद्योगिकी और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। हरित और अधिक टिकाऊ डेयरी उद्योग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागियों ने नवीन कृषि विधियों, तकनीकी प्रगति, अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के बारे में चर्चा की। वोकेशनल स्टडीज के छात्रों ने टिकाऊ डेयरी के लिए विभिन्न विषयों पर मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों में भाग लिया। संचालन सुरभि पांडेय ने किया। धन्यवाद तान्या सिंह ने दिया। संगोष्ठी को प्रो. एसके मिश्रा, प्रो. ओएन सिंह, दिनेश कुमार मौर्य, एस महापात्रा, मनोज सोलंकी, डॉ. आरएस मिश्रा, अजय श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।